CMYK

अधिकतम :31°C
न्यूनतम :21°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

लखनऊ, बुधवार 13 मई 2026 लखनऊ संस्करण: वर्ष 17 अंक 186 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2083 25 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



केंद्र राजस्व की भरपाई कर दे, तो उमर सरकार शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है: फारुक पेज 2



अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना खेल टाइम्स



2027 में योगी को हराने का सपना देखना छोड़ दे विपक्ष सम्पादकीय



ईरान की 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं : गालिबफ पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### तमिलनाडु में स्कूलों और धार्मिक स्थलों के करीब स्थित शराब की दुकानें होंगी बंद

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने जनहित को प्राथमिकता देते हुए राज्य में चल रही शराब की 717 खुदरा दुकानों को अगले दो सप्ताह के भीतर बंद करने का आदेश दिया है। ये सभी दुकानें धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक संस्थानों और बस स्टैंडों के 500 मीटर के दायरे में स्थित हैं। मुख्यमंत्री के इस फैसले की जानकारी सूचना और जनसंपर्क विभाग (डीआईपीआर), चेन्नई ने एक विज्ञप्ति जारी कर दी है।

### अन्नाद्रमुक के बागी विधायक करेंगे 'विजय' का समर्थन

**चेन्नई।** तमिलनाडु की सियासत में कभी बेहद ताकतवर पार्टी रही अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कझगम (अन्नाद्रमुक) मंगलवार को एक बार फिर 'संकट' में फंस गई जब पार्टी के बागी विधायकों ने यह ऐलान कर दिया कि वे बुधवार को मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय के नेतृत्व वाली सत्तारूढ़ टीवीके सरकार के विश्वास प्रस्ताव का समर्थन करेंगे।

### जैकलीन फर्नांडिस ने सरकारी गवाह बनने की अर्जी वापस ली

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जैकलीन फर्नांडिस ने ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनने की अपनी अर्जी वापस ले ली है। इससे पहले प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अदालत में उनकी याचिका का विरोध किया था। एजेंसी का कहना था कि जांच के दौरान जैकलीन का सहयोग संतोषजनक नहीं रहा और उनका आचरण भी वैसा नहीं था, जिसकी उम्मीद की गई थी। ईडी की आपत्ति के बाद जैकलीन फर्नांडिस ने अप्रूवर बनने की मांग वापस ले ली।

### सीबीआई ने चंद्रनाथ रथ की हत्या की जांच अपने हाथ में ली

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या की जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अपने हाथ में ले ली है। उल्लेखनीय है कि राज्य पुलिस ने सीबीआई जांच की सिफारिश की थी और एजेंसी ने मंगलवार को इसकी जिम्मेदारी ले ली। सीबीआई ने एक बयान में जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने की बात कही है और वह कोलकाता कार्यालय के प्रमुख संयुक्त निदेशक की देखरेख में काम करेगा। जांच की जरूरतों के हिसाब से कोलकाता क्षेत्र के अधिकारियों को एसआईटी में नियुक्त किया जाएगा।

### कूनो के जंगल में चार चीता शावक मृत मिले

**श्योपुर।** श्योपुर स्थित कूनो नेशनल पार्क से बेहद दुखद खबर सामने आई है। यहां मादा चीता केजीपी 12 के चारों शावक मृत पाए गए हैं। 12 मई की सुबह मॉनिटरिंग टीम जब श्योपुर टेरिटोरियल डिवीजन के जंगल क्षेत्र में पहुंची, तो मांद के पास शावकों के शव पड़े मिले। शावकों के शव आंशिक रूप से क्षत-विक्षत हालत में मिले हैं।

# ऑपरेशन सिंदूर में चीन-पाकिस्तान गठजोड़ का पर्दाफाश

शाह टाइम्स ब्यूरो



- विदेश मंत्रालय ने कहा हमारी जानकारी सच साबित हुई
- चीन के सरकारी मीडिया का दिया हवाला

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्रालय ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान को मिले चीन के समर्थन पर एक बड़ी जानकारी दी। विदेश मंत्रालय ने साफ कर दिया है कि हाल ही में आई वे सभी रिपोर्ट बिल्कुल सही हैं, जिनमें ऑपरेशन सिंदूर के समय चीन द्वारा पाकिस्तान की मदद करने का दावा किया गया था।

भारत सरकार को यह बात पहले से ही पता थी और नई रिपोर्ट सिर्फ उस पुरानी जानकारी को सच साबित करती है। हाल ही में चीन के सरकारी मीडिया ने खुद इस बात को कबूल किया है कि मई 2025 में हुए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीजिंग ने पाकिस्तान को तकनीकी मदद दी थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को इस मामले पर एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में खुलकर बात की। उन्होंने स्पष्ट किया कि चीन की मदद वाली रिपोर्ट सिर्फ उसी बात को सच साबित करती है, जो बात भारत को पहले से ही बहुत अच्छी तरह से पता थी। भारत का ऑपरेशन सिंदूर पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में की गई एक बेहद सटीक और सधी हुई कार्रवाई थी। इसका एकमात्र मकसद पाकिस्तान की जमीन पर चल रहे आतंकवाद के ढांचे को पूरी तरह से नष्ट करना था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने चीन का बिना नाम लिए उस पर सीधा और करारा प्रहार किया है। रणधीर जायसवाल ने सख्त लहजे में कहा कि जो देश खुद को बहुत जिम्मेदार मानते हैं, उन्हें अपने गिरेबान में झांकना चाहिए।

## ईरानी सैन्य विमानों को अनुमति मामले पर पाकिस्तान का यूटर्न

- पहले खुद माना ईरानी विमान उसके एयरबेस में मौजूद, अब किया इन्कार, अमेरिका ने उठाए सवाल

**इस्लामाबाद।** अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव के बीच पाकिस्तान ने एक अमेरिकी मीडिया रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया है। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने अपने एयरबेस पर ईरानी सैन्य विमानों को खड़ा होने की अनुमति दी थी, ताकि उन्हें संभावित अमेरिकी हवाई हमलों से बचाया जा सके।

पाकिस्तान ने इस खबर को भ्रामक और सनसनीखेज करार दिया है। इससे पहले पाकिस्तान ने आधिकारिक तौर पर यह बात स्वीकार की थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान किसी सैन्य रणनीति या सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा नहीं थे। ये विमान उस समय आए थे जब अमेरिका और ईरान के बीच संघर्ष विराम लागू हुआ था और शुरुआती शांति वार्ता चल रही थी। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय (एमओएफए) ने मंगलवार को जारी बयान में कहा कि पाकिस्तान में मौजूद ईरानी विमान युद्ध या किसी सैन्य कार्रवाई से जुड़े नहीं हैं। मंत्रालय ने दावा किया कि ये विमान युद्धविराम के दौरान आए थे।

# नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द

## 22 लाख छात्र फिर से देंगे परीक्षा, राजस्थान से हुआ पेपर लीक का खुलासा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- तीन मई को हुई थी नीट यूजी परीक्षा, मामले की जांच अब सीबीआई करेगी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नीट यूजी 2026 की परीक्षा रद्द कर दी है। सरकार ने कहा है कि परीक्षा की नई तारीखें जल्द ही घोषित की जाएंगी। नीट परीक्षा आयोजित कराने वाली एजेंसी एनटीए ने एक बयान जारी कर बताया कि केंद्र सरकार की मंजूरी मिलने के बाद नीट यूजी 2026 परीक्षा को रद्द करने का फैसला किया गया है।

यह परीक्षा 3 मई को आयोजित हुई थी। हालांकि पेपर लीक की आशंका के चलते यह सवालों के घेरे में आ गई थी। एनटीए ने कहा है कि जल्द ही परीक्षा की नई तारीखों का ऐलान कर दिया जाएगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने बताया कि उन्हें जांच एजेंसियों से जो इनपुट मिले, उनके आधार पर पता चला कि मौजूदा परीक्षा प्रक्रिया को जारी नहीं रखा जा सकता। परीक्षा की नई तारीखें, एडमिट कार्ड का शेड्यूल आदि जल्द ही एजेंसी के आधिकारिक चैनलों के माध्यम से बता दिया जाएगा। एनटीए ने बताया कि सरकार ने अब इस संभावित पेपर लीक की जांच सीबीआई द्वारा की जाएगी। 3 मई को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा होने के बाद से ही पेपर लीक की आशंका गहराने लगी थी। राजस्थान में कई छात्रों के पास हाथ से लिखा हुआ एक कथित गेस पेपर मिला, जिसके सवाल वास्तविक परीक्षा के प्रश्नों से -शेष पृष्ठ दो पर

### छात्रों को फिर से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी

**नई दिल्ली।** नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द होने के बाद राहत की बात यह है कि दोबारा होने वाली परीक्षा के लिए छात्रों को फिर से पंजीकरण कराने की जरूरत नहीं होगी। मई 2026 चक्र का पुराना डेटा और परीक्षा केंद्र ही मान्य रहेंगे। इसके साथ ही, छात्रों से कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं लिया जाएगा। एनटीए ने यह भी घोषणा की है कि छात्रों द्वारा पहले जमा किया गया शुल्क वापस कर दिया जाएगा और नई परीक्षा का खर्च एजेंसी अपने आंतरिक संसाधनों से उठाएगी।

### नीट परीक्षा रद्द होने पर राहुल गांधी ने की केंद्र की आलोचना



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने नीट (यूजी) 2026 परीक्षा रद्द किए जाने पर केंद्र सरकार की तीखी आलोचना की और कहा कि 22 लाख से अधिक छात्रों की मेहनत पर सरकार ने पानी फेर दिया है। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर जारी बयान में कहा कि किसी पिता ने बच्चों की पढ़ाई के लिए कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे और लाखों छात्रों ने रात-रात भर जागकर तैयारी की, लेकिन बदले में उन्हें पेपर लीक, सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार मिला। यह सिर्फ नाकामी नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ है।

# हिमंता बिस्वा ने ली असम के मुख्यमंत्री पद की शपथ

## चार अन्य मंत्री भी मंत्रिमंडल में शामिल

- राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई



**गुवाहाटी।** भाजपा के नेता हिमंता बिस्वा सरमा को मंगलवार को असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। उनके साथ चार अन्य मंत्रियों ने भी शपथ ली। इसके साथ ही श्री सरमा दूसरी बार राज्य के मुख्यमंत्री बने। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में 126 सीटों के साथ दो तिहाई से भी अधिक बहुमत हासिल किया है।

श्री सरमा को यहां राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने मंगलवार को पूर्वाह्न पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। उनके अलावा रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और श्रीमती अजंता नियोग को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। अतुल बोरा भाजपा के सहयोगी दल असम गणपरिषद से तथा चरण बोरो बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट से हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तथा कई अन्य केन्द्रीय मंत्री, भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन मौजूद थे। भाजपा और उसके गठबंधन के शासन वालों राज्यों के मुख्यमंत्री तथा राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता भी इस मौके पर मौजूद थे।गुवाहाटी के खानपारा स्थित वेटनरी ग्राउंड में विशाल जनसमूह भी शपथ ग्रहण समारोह का साक्षी बना।

### केरल के अगले मुख्यमंत्री को लेकर दिल्ली में गहन मंथन

**नई दिल्ली/तिरुवनंतपुरम।** केरल में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) की चुनावी जीत के बाद, राज्य के अगले मुख्यमंत्री के नाम को लेकर दिल्ली में सरगर्मियां तेज हो गई हैं और उम्मीद है कि कांग्रेस आलाकमान जल्द ही इस बारे में अंतिम निर्णय ले लेगा। पार्टी के भीतर गुटबाजी और लॉबिंग इस वक्त अपने चरम पर है। कांग्रेस के बड़े नेता इस कोशिश में जुटे हैं कि नेतृत्व को लेकर काफी दिनों से चली आ रही इस कशमकश को जल्द से जल्द खत्म किया जाए। सियासी हलचल के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक विशेष जहाज से दिल्ली पहुंच रहे हैं और शाम को राहुल गांधी के साथ एक बेहद अहम मुलाकात होनी है।

## केंद्रीय मंत्री बंदी संजय के बेटे पर पोक्सो एक्ट में केस दर्ज

- नाबालिग से सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप

**हैदराबाद।** केद्र सरकार में केंद्रीय मंत्री बंदी संजय कुमार के 25 साल के बेटे साई भागीरथ पर 17 साल की लड़की के सेक्सुअल हैरेसमेंट का आरोप लगा है।

नाबालिग की मां ने 8 मई को तेलंगाना के हैदराबाद में पोक्सो एक्ट के तहत उनके खिलाफ केस दर्ज कराया था। भागीरथ ने 12 मई को तेलंगाना हाईकोर्ट का रुख किया। उन्होंने अग्रिम जमानत के साथ-साथ अपने खिलाफ दर्ज आपराधिक मामला रद्द करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि महिला ने बेटी के जरिये उन्हें हनी ट्रैप में फंसाने की कोशिश की। पुलिस ने कहा कि भागीरथ अभी फरार है। अपराध साबित होने के बाद गिरफ्तारी होगी।

## मानसून 4-6 दिन पहले आने का अनुमान



- यूपी-बिहार समेत पांच राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले दस्तक दे सकता है। आमतौर पर केरल में मानसून एक जून तक पहुंचता है, लेकिन इस बार 25 से 27 मई के बीच केरल तट पर पहुंचने की संभावना है।

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में एक सिस्टम बन गया है, जो अगले 48 घंटे में और मजबूत हो सकता है। इससे दक्षिण भारत के कई राज्यों में बारिश बढ़ेगी। यह सिस्टम मानसून को तेजी से आगे बढ़ा रहा है। यूपी-बिहार समेत 5 राज्यों में आंधी-बारिश का अलर्ट है। बिहार और उत्तराखंड के सभी जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में बारिश की संभावना है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में आंधी-तूफान और बारिश से 5 घरों और 7 गोशालाओं की छतें उड़ गईं। राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में हीटवेव जारी है। मध्य प्रदेश के रतलाम में पारा 45डिग्री सेल्सियस के पार रहा। दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में भी बारिश का दौर जारी रह सकता है।

## 24 घंटे में बेमकसद 3 हत्याएं करने वाला साइको किलर ढेर

- मारे गए बदमाश की पहचान अमृतसर निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई

**चंदौली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में 24 घंटे के भीतर तीन लोगों की गोली मारकर हत्या करने वाले एक सिरफिरे को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। आरोपी की पहचान पंजाब के अमृतसर निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है, जो वर्ष 2021 में सेना से बर्खास्त किया गया था।

पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि 10 मई को डीडीयू-ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन में गाजीपुर जिले के जमानिया निवासी मंगरू की सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद 11 मई की रात करीब दो बजे जम्मूतवी एक्सप्रेस में यात्रा कर रहे एक अन्य यात्री की भी सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई। इसी क्रम में सोमवार सुबह थाना अलीनगर क्षेत्र स्थित जीवक अस्पताल में भर्ती लछमिना नामक महिला को भी आरोपी ने सिर में गोली मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरों में आरोपी बिना किसी उकसावे के महिला को गोली मारते हुए दिखाई दिया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने साहस दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम गुरप्रीत सिंह निवासी अमृतसर, पंजाब बताया। पुलिस के अनुसार वह वर्ष 2021 में सेना से सिपाही पद से हटाया गया था। बाद में वह बिहार के आरा जिले में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करने पहुंचा था, लेकिन शराब की लत के कारण कुछ ही दिनों में नौकरी से निकाल दिया गया। इसके बाद वह मानसिक रूप से विचलित और आक्रोशित रहने लगा। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने नौ मई से विभिन्न ट्रेनों में यात्रा करते हुए प्रयागराज और चंदौली क्षेत्र में घूमना शुरू किया और पूरी तरह से रैंडम तरीके से निर्दोष लोगों को निशाना बनाकर हत्याएं कीं। इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों और लोकेशन हिस्ट्री के आधार पर तीनों घटनाओं में उसकी संलिप्तता की पुष्टि हुई है।

# खाने-पीने की चीजों ने बिगाड़ा आम आदमी का बजट

शाह टाइम्स ब्यूरो

- अप्रैल में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज हुई, बढ़कर 3.48 % पर पहुंची



**नई दिल्ली।** देश में आम आदमी को महंगाई के मोर्चे पर झटका लगा है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल महीने में खुदरा महंगाई दर में मामूली बढ़ोतरी दर्ज की गई है और यह बढ़कर 3.48 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

इससे पिछले महीने यानी मार्च में यह आंकड़ा 3.4 प्रतिशत पर था। इस बढ़ोतरी के पीछे मुख्य वजह खाने-पीने की चीजों, विशेषकर रोजमर्रा के खाद्य पदार्थों की कीमतों में आया उछाल है। हालांकि, अर्थव्यवस्था के लिए राहत की बात यह है कि समग्र महंगाई दर अब भी आरबीआई के चार प्रतिशत के लक्ष्य के काफी नीचे है। अर्थव्यवस्था के इन आंकड़ों का गहराई से विश्लेषण करने पर पता चलता है कि लोगों के रसोई का बजट मुख्य रूप से बिगड़ा है। खाद्य महंगाई दर मार्च के 3.87 प्रतिशत से बढ़कर अप्रैल में 4.20 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इसमें ग्रामीण इलाकों की खाद्य महंगाई दर शहरी क्षेत्रों के मुकाबले ज्यादा तेजी से बढ़ी है। महंगाई का असर केवल राशन तक सीमित नहीं है। अप्रैल महीने में सबसे ज्यादा महंगाई पर्सनल केयर और विविध वस्तुओं की श्रेणी में देखी गई, जिसने 17.66 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की। इसके विपरीत, ईंधन से जुड़ी कीमतों में नरमी के कारण ट्रांसपोर्ट से जुड़ी महंगाई दर -0.01 प्रतिशत पर लगभग सपाट रही, जिससे माल ढुलाई और यात्रा लागत में कोई विशेष बढ़ोतरी नहीं हुई। महंगाई दर में मामूली वृद्धि हुई है, फिर भी सरकार और आरबीआई के लिए स्थिति नियंत्रण में है। भारत ने 1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2031 तक के पांच वर्षों के लिए अपनी खुदरा महंगाई दर का लक्ष्य 4 प्रतिशत (2 प्रतिशत से 6 प्रतिशत के दायरे में) पर बरकरार रखा है। एक सर्वे में खुदरा महंगाई के 3.8 प्रतिशत तक जाने का अनुमान जताया गया था, ऐसे में मौजूदा 3.48 प्रतिशत का आंकड़ा अनुमानों से काफी बेहतर है।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### असम में नई सरकार के शपथ समारोह में शामिल हुए योगी

**लखनऊ/ गुवाहाटी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को असम पहुंचे, जहां उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति में नवनिर्वाचित राजग सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा लिया। योगी आदित्यनाथ ने हिमंता बिस्वा सरमा एवं मंत्रिमंडल के नवनियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल और सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। गुवाहाटी हवाई अड्डे पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पारंपरिक तरीके से भव्य स्वागत किया गया। स्थानीय कलाकारों ने वाद्ययंत्रों और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुतियों के साथ उनका अभिनंदन किया, जबकि पारंपरिक परिधान में मौजूद महिलाओं ने उनका स्वागत किया।

### विज्ञापन में एआई कंटेंट की लेबलिग के नए प्रारूप नियम

**मुंबई।** भारतीय विज्ञापन मानक परिषद ने विज्ञापनों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की मदद से तैयार कंटेंट के जिम्मेदार लेबलिग के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया है। परिषद ने बताया कि ए दिशानिर्देश 10 फरवरी 2026 को संशोधित किए गए सूचना प्रौद्योगिकी संशोधन नियमों के अनुरूप हैं। सभी संबंधित हितधारक 13 जून तक इस प्रस्ताव पर अपने सुझाव दे सकेंगे। एएससीआई की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि अब ब्रांड अपने विज्ञापनों में एआई का अधिक उपयोग कर रहे हैं, जिसे देखते हुए प्रारूप दिशानिर्देश में जोखिम आधारित दृष्टिकोण की वकालत की गई है। इसमें तकनीक को नियंत्रित करने के बजाय उपभोक्ताओं पर पड़ने वाले प्रभाव को प्राथमिकता दी गई है।

# सपा नेता विजय मिश्रा हत्या में दोषी करार, सजा आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

■ 1980 में कचहरी परिसर में की थी प्रकाश नारायण की हत्या

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज जिले की एक विशेष अदालत ने 46 साल पुराने हत्या के बहुचर्चित मामले में समाजवादी पार्टी के पूर्व बाहुबली विधायक विजय मिश्रा को दोषी करार दिया है। अदालत ने विजय मिश्रा समेत चार आरोपियों को हत्या और फायरिंग की घटना में दोषसिद्ध माना है। सजा का ऐलान बुधवार को किया जाएगा।

एमपी-एमएलए कोर्ट के न्यायाधीश योगेश कुमार तृतीय ने मंगलवार को सुनवाई पूरी करते हुए पूर्व विधायक विजय मिश्रा, जीत नारायण, संतराम और बलराम को दोषी ठहराया। यह मामला 11 फरवरी 1980 का है, जब प्रयागराज के कचहरी परिसर में 35 वर्षीय प्रकाश नारायण पांडेय की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार प्रकाश नारायण पांडेय इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्र थे और अपने खिलाफ दर्ज एक मुकदमे में जमानत कराने जिला अदालत पहुंचे थे। इसी दौरान पुरानी रंजिश के चलते संतराम, बलराम, विजय मिश्रा और जीत नारायण ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिग कर दी। घटना में प्रकाश नारायण पांडेय की मौके पर ही मौत हो गई थी, जबकि गोलीबारी में पांच अन्य लोग भी घायल हुए थे। मृतक के बड़े भाई श्याम नारायण पांडेय ने कर्नलगंज थाने में आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। लंबे समय तक चले इस हाई प्रोफाइल मामले में कई बार सुनवाई प्रभावित हुई। यहां तक कि मुकदमे की पत्रावली भी गायब हो गई थी, जिससे आरोपियों को लाभ मिलने की आशंका जताई गई थी। बाद में मामले की पुनः सुनवाई कराई गई। अभियोजन की ओर से एडीजीसी क्रिमिनल सुशील कुमार वैश्य और विशेष लोक अभियोजक वीरेंद्र कुमार सिंह ने प्रभावी पैरवी की। वहीं बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता ताराचंद्र गुप्ता समेत अन्य अधिवक्ताओं ने पक्ष रखा। अदालत द्वारा दोष सिद्ध किए जाने के बाद अब सभी की निगाहें सजा के ऐलान पर टिकी हैं।

### पीएम पर अभद्र टिप्पणी में फंसे सपा सांसद लोधी

**महोबा।** उत्तर प्रदेश के महोबा जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक और अमर्यादित टिप्पणी करने के आरोप में समाजवादी पार्टी सांसद अजेंद्र लोधी पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

एएसपी वंदना सिंह ने मंगलवार को बताया कि भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी सत्एंद्र गुप्ता की तहरीर पर सदर कोतवाली में सांसद अजेंद्र लोधी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 132, 189(2), 352 तथा 196(1) के तहत मामला दर्ज किया गया है। तहरीर में आरोप लगाया गया है कि सांसद ने प्रधानमंत्री के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग किया तथा बिना अनुमति प्रदर्शन कर सड़क पर अवरोध उत्पन्न करते हुए यातायात और कानून-व्यवस्था को प्रभावित किया। सोमवार को समाजवादी पार्टी द्वारा बिजली के स्मार्ट मीटर समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर महोबा में प्रदर्शन आयोजित किया गया था।

# देश की अर्थव्यवस्था की स्थिति स्पष्ट करें पीएम: केजरीवाल

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पेट्रोल डीजल वाले बयान पर बोली 'आप'

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इस बारे में स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए कि इस समय देश की अर्थव्यवस्था कैसी है और एक साल बाद अर्थव्यवस्था कैसी रहने वाली है।

श्री केजरीवाल ने आज यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पश्चिम एशिया संकट का प्रभाव दुनिया भर में है लेकिन प्रधानमंत्री ने जिस प्रकार देशवासियों से सात आह्वान किया है उस प्रकार के कदम किसी देश ने नहीं उठाए। प्रधानमंत्री ने सिर्फ मध्यम वर्ग से ही कुर्बानी देनी की अपील की है जो बहुत दुखद है। अगर सबसे अधिक कुर्बानी देनी थी, तो सरकार को अपने खर्चों में कटौती करनी चाहिए थी, लेकिन उसने कोई कटौती नहीं की है। उन्होंने कहा कि देश के लिए जो भी करने की जरूरत है सब करने के लिए तैयार हैं, लेकिन सिर्फ मध्यम वर्ग को निशाना न बनाया जाए।

उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री ने हाल ही में लोगों से पेट्रोल और डीजल की खपत कम करने के लिए मेट्रो, इलेक्ट्रिक बसों और सार्वजनिक परिवहन के अधिक उपयोग का आग्रह किया। साथ ही कार-पूलिग, वर्चुअल मीटिग्स और वर्क-फ्रॉम-होम को बढ़ावा देने की भी अपील की।

### नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविद केजरीवाल ने नीट प्रश्नपत्र लीक को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह सरकार परीक्षाओं को सफलतापूर्वक कराने में असफल रही है। सवाल पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह लोगों के साथ धोखा है। अब तक चार बार नीट पेपर लीक हो चुका है। इससे साबित होता है कि बड़े स्तर पर कोई मिलीभगत है।

# केंद्र आमजन को बचाने को कदम उठाए: मायावती

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ मध्य पूर्व एशिया में व्याप्त तनाव बोलीं बसपा प्रमुख

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती ने मध्य पूर्व एशिया में व्याप्त तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र और राज्यों से जन हित में उचित कदम उठाने की अपील की है।

सुश्री मायावती ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से 'संयम' बरतने की अपील का हवाला देते हुए कहा कि इससे साफ है कि भारत के सामने संकट केवल पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस जैसे पेट्रोलियम पदार्थों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह एक बड़े आर्थिक संकट का रूप ले सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि इस संकट से करोड़ों भारतीयों का जीवन प्रभावित होगा और स्थिति के और बिगड़ने की भी संभावना है। बसपा प्रमुख ने अपने बयान में कहा कि कोरोना काल की मार के बाद देश की लगभग सौ करोड़ जनता पहले से ही रोजी-रोटी के संकट से जूझ रही है। ऐसी स्थिति में जनता के पास और अधिक संयमित होने या खोने के लिए कुछ खास नहीं बचा है। उन्होंने केंद्र से अपील की कि इस विकट परिस्थिति में गरीब और मेहनतकश परिवारों को थोड़ी राहत देकर उनका सहारा बनें। उन्होंने कहा कि सरकारों को खुद ही कुछ बेहतर उपाय करने चाहिए ताकि जनता को इस संकट से उबारा जा सके।

## यूपी में फिर बदला मौसम का मिजाज, आंधी-पानी से राहत

# वेस्ट यूपी में हवाओं के साथ बारिश का अलर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



■ पश्चिम यूपी में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलेंगी तेज हवाएं

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में एक बार फिर मौसम का मिजाज बदलने से पश्चिमी इलाकों में गर्मी से फौरी राहत मिली है जबकि पूर्वी क्षेत्र में अगले 24 घंटों के दौरान कई जिलों में गरज-चमक, तेज आंधी, वज्रपात और ओलावृष्टि के आसार हैं। अमरोहा, मुरादाबाद, संभल और अलीगढ़ समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश विशेष रूप से तराई और पश्चिमी जिलों में तेज हवाओं के साथ बारिश हुई जिससे लोगों को गर्मी से फौरी राहत मिली।

मौसम विज्ञान विभाग के लखनऊ केंद्र द्वारा जारी प्रभाव आधारित पूर्वानुमान एवं चेतावनी के अनुसार 12 मई को पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में गरज-चमक के साथ बौछारें पड़ सकती हैं। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से चलने वाली तेज हवाएं झोंकों में 70 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती हैं।

वहीं पूर्वी उत्तर प्रदेश में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी में 13 मई को पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मौसम शुष्क रहने की संभावना है, जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश के देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती और बहराइच में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। 14 से 16 मई के बीच प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में मौसम शुष्क रहने का अनुमान है।

### सहारनपुर व मुरादाबाद मंडल में बिजली गिरने की चेतावनी जारी की गई

बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, संभल और बदायूं जिलों में ओलावृष्टि की आशंका अधिक है। वहीं सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ, गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, आगरा, फिरोजाबाद, इटावा और औरैया समेत कई जिलों में तेज आंधी और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। मुरादाबाद से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मुरादाबाद, बिजनौर, रामपुर, अमरोहा तथा संभल के अधिकांश हिस्सों में मंगलवार सुबह आसमान में घने काले बादल छा जाने से दिन में ही अंधेरा पसर गया। बारिश के दौरान थोड़ी देर के लिए आवागमन थम गया। पछुआ हवाओं के ट्रफ के रूप में सक्रिय होने और ऊपरी हवाओं के के कारण गरज-चमक के साथ 15 से 30 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चली।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


## बिज़नेस-टाइम्स

सेंसेक्स 74559.24
निफ्टी 23379.55

सोना 151954 प्रति 10 ग्राम
चांदी 267820 प्रति किलो

# शेयर बाजारों में रही बड़ी गिरावट प्रमुख सूचकांक दो फीसदी लुढ़के

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका.ईरान शांति वार्ता के पटरी से उतरने और रुपये पर जारी दबाव के कारण घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को बड़ी गिरावट देखी गई और प्रमुख सूचकांक दो प्रतिशत के करीब लुढ़क गए।

बीएसई का सेंसेक्स 1,456.04 अंक (1.92 प्रतिशत) टूटकर 74,559.24 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 436.30 अंक यानी 1.83 प्रतिशत नीचे 23,379.55 अंक पर बंद हुआ। यह दोनों प्रमुख सूचकांकों का पांच सप्ताह का निचला स्तर है। शेयर बाजारों में लगातार चौथे दिन गिरावट रही है। खासकर इस सप्ताह के पहले दोनों दिन बाजार में बड़ी बिकवाली देखी गई है। रिपोर्टों में कहा गया है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ईरान के खिलाफ फिर से सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। इससे विदेशों में भी ज्यादातर प्रमुख शेयर बाजार फिसल गए। इसके अलावा, रुपये के आज ऐतिहासिक निचले स्तर तक उतरने से भी बाजार में निवेश धारणा कमजोर हुई है। पहली बार एक डॉलर 95.50 रुपये प्रति डॉलर से ज्यादा का बोला गया है। फिलहाल यह 95.63 रुपये प्रति डॉलर पर है। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव रहा। वृहत बाजार में निफ्टी मिडकैप.50 सूचकांक 2.43 प्रतिशत और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 3.17 प्रतिशत गिर गया। सभी सेक्टर दबाव में रहे। रियलटी समूह का सूचकांक चार प्रतिशत से अधिक टूट गया। आईटी का सूचकांक पौने चार प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद का साढ़े तीन प्रतिशत से ज्यादा लुढ़का। ऑटो, मीडिया, रसायन, वित्त, बैंकिंग, एफएमसीजी, फार्मा और स्वास्थ्य समूहों के सूचकांकों में भी एक प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही।

### अपील के बावजूद चांदी और सोना के दाम बढ़े

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोगों से सोना न खरीदने की अपील के बावजूद मंगलवार को सोना-चांदी में तेजी दर्ज की गई। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार एक किलो चांदी 11,620 रुपए बढ़कर 2,67,820 रुपए पर पहुंच गई है। इससे पहले सोमवार को इसकी कीमत 2,56,200 रुपए प्रति किलो थी। वहीं 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 1,592 रुपए चढ़कर 1,51,954 रुपए पर पहुंच गया है। इससे पहले 11 मई को इसकी कीमत 1,50,362 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। इस साल सोने-चांदी की कीमत में लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। सोना 2026 में अब तक 18,755 रुपए और चांदी 37,400 रुपए महंगी हुई है। 31 दिसंबर 2025 को 10 ग्राम सोना 1.33 लाख रुपए पर था, जो अब 1.52 लाख रुपए पर पहुंच गया है। वहीं चांदी 2.30 लाख रुपए किलो थी, जो अब 2.68 लाख रुपए पर पहुंच गई है।

# चावल, चीनी और दालों में रही तेजी गेहूं नरम, खाद्य तेलों में घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में मंगलवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ चीनी और दालों में भी तेजी रही। गेहूं के दाम टूट गए जबकि खाद्य तेलों में घट-बढ़ का रुख देखा गया। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत छह रुपये बढ़कर 3,856 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई।

गेहूं चार रुपये सस्ता हुआ और 2,776 रुपये प्रति क्विंटल रह गया। आटे की कीमत छह रुपये बढ़ गई। दाल-दलहनों में तेजी रही। तुअर दाल औसतन 13 रुपये और चना दाल सात रुपये महंगी हुई। उड़द दाल की कीमत पांच रुपये और मूंग दाल की चार रुपये बढ़ गई। मसूर दाल कमोबेश गत दिवस के स्तर पर ही पड़ी रही। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का जुलाई वायदा 33 रिगिट टूटकर 4,483 रिगिट प्रति टन रह गया। स्थानीय बाजारों में सूरजमुखी तेल की औसत कीमत 37 रुपये टूट गई। मूंगफली तेल 12 रुपये और सरसों तेल तीन रुपये सस्ता हुआ। वनस्पति 11 रुपये मजबूत हुआ। सोया तेल और पाम ऑयल 30.30 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 13 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी छह रुपये महंगी हुई। दाल चना 7661.86 रुपये, मसूर काली 8098.03 रुपये, मूंग दाल 10147.21 रुपये, उड़द दाल 10818.38 रुपये, तुअर दाल 11249.08 रुपये प्रति क्विंटल रही। अगेहूं दड़ा 2776.03 रुपये और चावल 3856.41 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

### सोने की खरीद टालने की अपील से उप्र का सर्राफा बाजार चिंतित

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से गैर-जरूरी सोने की खरीद एक वर्ष तक टालने की अपील के बाद उत्तर प्रदेश का सर्राफा कारोबार चिंता में आ गया है। अनुमान है कि इससे उत्तर प्रदेश में करीब 35 लाख लोग प्रभावित होंगे। कारोबारियों ने प्रधानमंत्री से अपील करते हुए कहा है कि सरकार एक रोडमैप तैयार करे जिससे प्रभावित होने वाले लोगों को संकट से उबारा जा सके। आदीश कुमार जैन सर्राफ लखनऊ सर्राफा एसोसिएशन वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील को लेकर कहा कि प्रधानमंत्री जी जब बिहार में गमछा लहराते हैं तो सत्ता बदल जाती है, बंगाल में झाल मूढ़ी खाते हैं तो सत्ता इधर से उधर हो जाती है । कहने का मतलब है कि वो देश के राजा हैं। उनकी बात सब मानते हैं। सराफा कारोबारी हमेशा राष्ट्रवादी होता है। वह राष्ट्र प्रथम के भाव से काम करता है, लेकिन उसके साथ लाखों लोग जो इस कारोबार से जुड़े हैं उनका क्या होगा। उन्होंने कहा कि ज्वैलरी के कारोबार से लाखों लोगों का परिवार जुड़ा हुआ है । धंधा बंद होने पर वो लोग कहां जाएंगे । उनके परिवार का भरण पोषण कैसे होगा और कौन करेगा। अच्छा होगा कि सरकार इन बातों को भी ध्यान में रखकर एक रोडमैप तैयार करे। सर्राफा कारोबारी सरकार का साथ देने के लिए तैयार हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**नीट यूजी-2026**

मेल खाते बताए गए। इसके बादमामले ने तूल पकड़ लिया। इसके बाद 10 मई को राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते हुए देहरादून, सीकर और झुंझुनू से 13 संदिग्धों को हिरासत में लिया। हिरासत में लिए गए लोगों में सीकर के एक कोचिंग संस्थान से जुड़ा एक करियर काउंसलर भी शामिल है। रविवार को एनटीए ने कहा था कि प्रश्न-पत्रों को जीपीएस ट्रैकिंग वाले वाहनों के जरिए भेजा गया था। उन पर यूनिक और ट्रैसेबल वाटरमार्क मौजूद था। परीक्षा केंद्रों की निगरानी केंद्रीय कंट्रोल रूम से एआई असिस्टेड सीसीटीवी सिस्टम के जरिये की गई। सभी अभ्यर्थियों का बायोमेट्रिक वेरिफिकेशन कराया गया और केंद्रों पर 5जी जैमर लगाए गए। वहीं, राजस्थान पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) विशाल बंसल ने कहा था कि जांच फिलहाल उस गेस पेपर पर केंद्रित है, जिसे परीक्षा से पहले छात्रों के बीच बांटे जाने का आरोप है। गेस पेपर में करीब 410 सवाल थे। आरोप है कि इनमें से लगभग 120 सवाल केमिस्ट्री में पूछे गए। बताया जा रहा है कि यह गेस पेपर परीक्षा से काफी पहले छात्रों के बीच बंट रहा था। यह 15 दिन से लेकर एक महीने पहले तक छात्रों तक पहुंच चुका था। हमारी जांच इसी गेस पेपर के आधार पर आगे बढ़ रही है। नीट (यूजी) 2026 परीक्षा में इस बार देशभर से करीब 23 लाख छात्रों ने हिस्सा लिया था। नीट परीक्षा देश के 551 और विदेश के 14 शहरों में आयोजित की गई थी, जिसमें कुल 22.79 लाख छात्र शामिल हुए। परीक्षा रद्द होने के फैसले के बाद लाखों अभ्यर्थियों और अभिभावकों के बीच चिंता और असमंजस का माहौल बना हुआ है।

### केंद्र राजस्व दे, तो दो मिनट में शराब पर लगेगा प्रतिबंध: फारूक

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने मंगलवार को कहा कि यदि केंद्र सरकार राजस्व के नुकसान की भरपाई कर दे, तो राज्य सरकार दो मिनट में शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है। शराब की दुकानों को लेकर चल रहे विवाद पर श्री अब्दुल्ला ने कहा कि वह व्यक्तिगत रूप से शराब का सेवन नहीं करते हैं, लेकिन उनका मानना है कि जो लोग पीते हैं, वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न होने की स्थिति में इसे जम्मू-कश्मीर के बाहर से मंगवा लेंगे। उन्होंने कहा कि मैं शराब नहीं पीता। जो पीते हैं, वे पीएंगे ही। उन्हें यहां से नहीं मिलेगी, तो वे बाहर से लाएंगे। नेकां नेता ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने 1977 उनके पिता और तत्कालीन सीएम शेख अब्दुल्ला से राज्य में शराब की बिक्री बंद करने के लिए कहा था।

# कांग्रेस ने शिक्षा मंत्री से मांगा इस्तीफा

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ नीट परीक्षा रद्द होने पर सुप्रिया श्रीनेत ने बोला हमला

कांग्रेस ने नीट यूजी 2026 परीक्षा रद्द होने पर केंद्र सरकार की आलोचना की और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा देने की मांग की है।

कांग्रेस की सोशल मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म चेयरपर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने पेपर लीक मामले को लेकर केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि इस बार करीब 22 लाख छात्रों ने नीट परीक्षा दी थी। छात्रों ने दिन-रात मेहनत कर तैयारी की, अभिभावकों ने कोचिंग और परीक्षा से जुड़े खर्च उठाए, लेकिन अंत में उन्हें पेपर लीक और परीक्षा रद्द होने का सामना करना पड़ा। उन्होंने कहा कि शायद फर्जी डिग्री वालों से शिक्षा के संबंध में गंभीरता की आशा ही बेमानी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को अपने पद पर बने रहने का कोई हक नहीं है।ष कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि सरकार शिक्षा व्यवस्था को संभालने में पूरी तरह विफल रही है। मंत्री और सरकार देश के छात्रों के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं हैं और एक इम्तिहान भी बिना पेपर लीक के नहीं करा सकते, जबकि विश्वगुरु बनने के दावे किए जाते हैं। सुश्री श्रीनेत ने पेपर लीक माफिया पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि उनके हौसले इतने बुलंद इसलिए हैं क्योंकि उन्हें सरकार और भाजपा का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों का भविष्य दांव पर लगा है, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इससे बेपरवाह हैं। गौरतलब है कि राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनएटीए) द्वारा आयोजित नीट यूजी 2026 परीक्षा को केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद रद्द कर दिया गया है। नई परीक्षा तिथियों की घोषणा जल्द किए जाने की बात कही गई है।

### नीट परीक्षा का रद्द होना सरकार की विफलता का उदाहरण: अजय राय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि नीट परीक्षा रद्द कर केंद्र सरकार ने युवा वर्ग के सपनों के साथ खिलवाड़ किया है और लगातार सामने आ रहे पेपर लीक के मामलों ने सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। श्री राय ने यहां जारी बयान में कहा कि नीट यूजी 2026 का रद्द होना सरकार की विफलता का बड़ा उदाहरण है। उन्होंने आरोप लगाया कि जो सरकार राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को सुरक्षित और पारदर्शी ढंग से आयोजित नहीं करा सकती, उसे सत्ता में बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के डर ने सरकार की तैयारियों और व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार युवाओं के भविष्य को लेकर गंभीर नहीं है और दिल्ली में बैठे लोग छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ कर रहे हैं। देश का युवा मौजूदा परिस्थितियों को देख रहा है और आने वाले समय में इसका जवाब देगा।

## अमेठी-आसपास

### बड़े मंगल पर गूंजा सुंदरकांड पाठ, श्रद्धालुओं ने बांटा प्रसाद व शीतल जल

**सिंहपुर अमेठी ।** विकास खण्ड सिंहपुर के जगहे जगहे चौराहो पर ज्येष्ठ माह के दूसरे बड़े मंगल पर क्षेत्र में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा एवं भंडारों का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। गोधना चौराहे पर आयोजित संगीतमयी सुंदरकांड पाठ ने भक्तों को भावविभोर कर दिया। इस दौरान भगौती प्रसाद शुक्ला, सुनील सिंह, रामशंकर त्रिपाठी, दुर्गेश शुक्ला, अभय शुक्ला, अनुराग त्रिपाठी, आशीष प्रताप सिंह, रानू मिश्रा, उत्तम तिवारी, श्रवण कुमार गुप्ता, मोहित सिंह, सत्यम सोनी, शौर्य प्रताप सिंह, अखिल त्रिपाठी, अंशुल यादव, हिमांशु सिंह, मोहित शर्मा, मोनू तिवारी, दिलीप मौर्य, अमर मौर्य, अंशु पाण्डेय, प्रिंस सहित तमाम श्रद्धालु मौजूद रहे।

### आंधी के आड़ में धड़ल्ले से कांटे जा रहे प्रतिबंधित पेड़

**जगदीशपुर अमेठी ।** हफ्तों पूर्व आये आंधी तूफान में गिरे वृक्षों के आंड में वन माफियाओं द्वारा हरे भरे वृक्षों को काटकर ठिकाने पहुंचाया जा रहा है जिम्मेदार सबकुछ जानते हुए भी अंजान बने हुए हैं । विकास खण्ड के अंतर्गत स्थित मंगौली,सरेसर, शेखपुर, परवे. जपुर खैरातपुर, दौलतपुर, पिछूती, कचनांव, हरपालपुर, चौधीपुर,सिधियांवा, बाबूपुर सरैया, डोमाडीह ,पूरे गौहर, देवकली आदि दर्जनों गांवों में आजाद वन माफिया हरे भरे प्रति. बंधित पेड़ों को काट कर ट्रैक्टरों द्वारा ढुलाई करने में लगे हुए हैं और यह बताने में पीछे भी नहीं रहते कि आंधी में गिर गया था। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी ने बताया कि वन कर्मियों को जांच के लिए निर्देशित किया गया है ।

### प्रसूता महिलाओं को मिलने वाली सुविधाएं नदारद

**जगदीशपुर- अमेठी।** मातृत्व जननी सुरक्षा योजना के तहत सरकार लाखों रुपए पानी की तरह बहा रही है बावजूद इसके जिम्मेदारों की मनमानी के चलते सीएचसी में भर्ती प्रसूता महिलाओं को मिलने वाला नाश्ता भोजन समेत अन्य पौष्टिक आहार नदारद है यह खर्चा तीमारदार खुद जेब खाली करके उठाने को मजबूर हैं। विकास खण्ड के अंतर्गत स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जगद. ीशपुर जो हमेशा विवादों के घेरे में आकर अखबारों की सुर्खियों में छाया रहता है, तो वहीं एक और चौंकाने वाला मामला प्रकाश में आया है। जहां नार्मल डिलीवरी व आप्रेशन कराने के उपरांत वार्ड में भर्ती प्रसूता महिलाओं को सरकार की तरफ से मिलने वाला नाश्ता भोजन की सुविधाएं नदारद रहती हैं। प्रसूता महिला राधिका पत्नी लवकुश निवासी मंगरौरा,किरन गिरि पत्नी अनुज निवासी पूरे गोसाईं दौलतपुर,शिमांशू पत्नी विजय कुमार निवासी चहेती नगर समेत अन्य प्रसूताओ ने बताया कि आप्रेशन से नवजात शिशु का जन्म होने के उपरांत कोई दो दिन कोई तीन दिन से बेड पर पड़े हैं।

# ज्येष्ठ के दूसरे बड़े मंगलवार पर मंदिरों में उमडी भक्तों की भीड़

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** ज्येष्ठ माह के दूसरे श्बड़े मंगलवारश् पर संगम नगरी हनुमान भक्ति में लीन दिखी। विश्व प्रसिद्ध श्री बड़े हनुमान मंदिर द्धलेटे हुए हनुमान जीत्र में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भीषण गर्मी के बावजूद भक्तों का उत्साह चरम पर था और मंदिर परिसर जय श्री राम व जय हनुमान के जयकारों से गूंज उठा।

मंगलवार तड़के मंगला आरती के साथ ही दर्शनों का सिलसिला शुरू हो गया। संगम में डुबकी लगाने के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु सीधे बंधवा स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे। भक्तों ने बजरंगबली को तुलसी की माला, बेसन के लड्डू और चोला अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में जगह-जगह बैठकर श्रद्धालु हनुमान चालीसा और सुंदरकांड का पाठ करते नजर आए। मान्यता है कि ज्येष्ठ के मंगलवार को हनुमान जी की आराधना करने से जीवन के बड़े से बड़े संकट टल जाते हैं। मंदिर प्रशासन के अनुसार, आज के दिन का विशेष आकर्षण शाम को होने वाला श्भव्य दिव्य श्रृंगारश् होगा। सुबह प्रतिमा का फूलों और ऋतु फलों से मनमोहक श्रृंगार किया गया था, शाम के समय श्री बड़े लेटे हनुमान जी का विशेष महाश्रृंगार करने के उपरांत छप्पन प्रकार के व्यंजनों का भोग भी लगाया गया।

# भाजपा बर्बाद कर रही नौजवानों का भविष्य

## नीट पेपर लीक मामले को लेकर आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने साधा निशाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ ।** आप राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने नीट पेपर लीक मामले को लेकर भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि शिक्षा माफिया और सत्ता के गठजोड़ से युवाओं का भविष्य खतरे में है। भाजपा युवाओं के साथ खिलवाड़ कर रही है ।

भाजपा सरकार ने माफियाओं से साठ गाठ कर रखी है जिसके चलते आए दिन पेपर लीक होते रहते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बार-बार पेपर लीक होने से लाखों छात्रों की मेहनत और सपने प्रभावित हो रहे हैं। मंगलवार को नीट परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर भाजपा सरकार पर बड़ा हमला बोलते हुए राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी शिक्षा माफिया के साथ मिलकर देश के नौजवानों का भविष्य बर्बाद करने में लगी हुई है। उन्होंने कहा कि नीट परीक्षा का पेपर पहली बार लीक नहीं हुआ है, इससे पहले वर्ष 2024 में भी पेपर लीक हुआ था और अब 3 मई को हुई परीक्षा में 180 में से 135 सवाल लीक होने का मामला सामने आया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा से जुड़े लोग शिक्षा माफिया के पूरे गिरोह को संरक्षण दे रहे हैं, जिसकी वजह से बार-बार पेपर लीक की घटनाएं हो रही हैं और लाखों छात्र-छात्राओं तथा उनके परिवारों का भविष्य अंधकार में धकेला जा रहा है।संजय सिंह ने कहा कि इस बार नीट परीक्षा में करीब 22 लाख छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया था। अगर उनके परिवारों को भी जोड़ लिया जाए तो करोड़ों लोग इस पेपर लीक कांड से प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि एक तरफ छात्र कठिन परिस्थितियों में रहकर पढ़ाई करते हैं, माता-पिता अपनी जमा पूंजी बच्चों की पढ़ाई पर खर्च करते हैं और दूसरी तरफ भाजपा सरकार की नाकामी और भ्रष्ट तंत्र की वजह से उनका भविष्य बर्बाद हो जाता है। यह केवल पेपर लीक नहीं बल्कि देश के नौजवानों के साथ खुला विश्वासघात है। संजय सिंह ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भाजपा ने देश में वोट चोरी की, पेपर चोरी की, जनता का सोना और गहना तक लूटने का काम किया, महंगाई की आग में देश को झोंक दिया, रुपए को लगातार कमजोर किया और देश की विदेश नीति तक को बर्बाद कर दिया। मोदी राज में न नौजवान सुरक्षित हैं, न माताएं-बहनें सुरक्षित हैं और न ही व्यापारी वर्ग सुरक्षित है। हर वर्ग अपने भविष्य को लेकर भय और असुरक्षा की स्थिति में जी रहा है। जब भी निष्पक्ष जांच होगी तो यह साफ हो जाएगा कि इस नेटवर्क के तार कहीं न कहीं भाजपा से जुड़े लोगों तक पहुंचते हैं।



- **कहा: शिक्षा माफिया और सत्ता के गठजोड़ से खतरे में पड़ रहा है देश के युवाओं का भविष्य**
- **बार-बार पेपर लीक होने की लगातार घटनाओं से लाखों छात्रों की मेहनत और प्रभावित हो रहे हैं सपने**

# डा. राव की पुण्यतिथि पर पत्रकारों ने किया मंथन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** यूपी प्रेस क्लब में आयोजित वरिष्ठ पत्रकार व् इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. के विक्रम राव की प्रथम पुण्यतिथि पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

संगोष्ठी में वरिष्ठ पत्रकारों सहित समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा स्वर्गीय राव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए वक्ताओं ने पत्रकारिता की भाषा सम्बंधित कमियों को रेखांकित किया, वहीं इसमें सुधार के लिए अपने सुझाव भी दिए। षहिंदी पत्रकारिता जगत के 200 वर्षष वर्तनी, शीर्षक और भाषा विषय पर आयोजित संगोष्ठी में बड़े स्तर पर प्रदेश और देश के पत्रकारों ने हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम में पत्रकारिता, राजनीति, समाज सेवक और प्रशासनिक अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने विचारों में मीडिया कवरेज में भाषा, वर्तनी और शीर्षक के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त करते हुए नए पत्रकारों के प्रशिक्षण पर ज़ोर दिया। गोपाल मिश्रा, यूपीडब्ल्यूजेयू के प्रदेश अध्यक्ष हसीब सिद्दीकी, यूपी प्रेस क्लब के अध्यक्ष रविंद्र सिंह, पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के सलाहकार एचएन शर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद व बीजेपी नेता अशोक बाजपेई, सूचना आयुक्त दिलीप अग्निहोत्री, पीएन द्विवेदी, भारत समाचार के एडिटर इन चीफ बृजेश मिश्रा, डा. राव की पत्नी डाद्ध के सुधा राव, राव साहब के पुत्र व पत्रकार केद्ग विश्वदेव राव, पद्मश्री डाक्टर अनिल रस्तोगी, वरिष्ठ पत्रकार रामदत्त त्रिपाठी, गोविन्द पंत राजू, योगेश मिश्रा, रतन मणिलाल, प्रद्युमन तिवारी, नवल कांत सिन्हा, टीएन मिश्रा, शिव शरण सिंह, मसूद हसन, राम कृष्ण बाजपेयी, सुल्तान शाकिर हाशमी, भारत सिंह, मत्स्येन प्रभाकर, संजोग वाल्टर, राजेंद्र द्विवेदी, शिल्पी सेन, अमिता पारुल, श्रुति गुप्ता, इस्माइल मैन सर्वेश अस्थाना, मनीष मिश्रा, नीरज श्रीवास्तव, अनुराग शुक्ला, तनवीर फातिमा, राजवीर यादव, अविनाश शुक्ला, मुकुल मिश्रा, श्याम कुमार, हरी अरोड़ा, संदीप पांडे, विवेक त्रिपाठी, अनिल सैनी, जुबेर अहमद, जितेंद्र त्रिपाठी, महिमा तिवारी, अभिषेक पांडेय, अंकित श्रीवास्तव, आशीष वर्मा, एसएन सिंह, शिव विजय सिंह, पवन सिंह, उबैदुल्लाह नासिर, नितिन श्रीवास्तव समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार प्रेमकान्त तिवारी ने किया।



- **इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष की प्रथम पुण्यतिथि पर हुई संगोष्ठी**
- **वक्ताओं ने पत्रकारिता की भाषा सम्बंधित कमियों पर चर्चा कर इसमें सुधार के लिए अपने सुझाव भी दिए**

# पूजा पाल को भी बना दें यूपी का उपमुख्यमंत्री

**प्रयागराज।** मुख्यमंत्री और बीजेपी को पूजा पाल से ज्यादा प्यार है तो उन्हें यूपी सरकार में उपमुख्यमंत्री का पद दे दिया जाना चाहिए। ऐसे में अगर प्रदेश में तीन डिप्टी सीएम हो जाएंगे तो क्या दिक्कत होगी।


उक्त बातें सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जनपद प्रवास के दौरान कहीं। पत्रकारों से बात. चीत के दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और बीजेपी की प्रदेश सरकार पर करारा प्रहार करते हुए कहा कि देश प्रदेश की जनता की आर्थिक स्थिति नाजुक होती जा रही है। पेट्रोल-डीजल बचाने और एक साल तक सोना न खरीदने की अपील को गलत बताते हुए कहा कि आभूषणों का कारोबार करने वालों की हालत नाजुक होने का दौरान पीएम की घोषणा से शुरू हो गया है। अर्थव्यवस्था किसकी वजह से लड़खड़ाई है। सत्ता में कौन लोग हैं, रुपया किसकी वजह से नीचे जा रहा है? क्यों ऐसी अपील करनी पड़ रही है। इससे पहले वे पूर्व सांसद डा. रीता बहुगुणा जोशी के आवास पहुंचे और उनके दिवंगत पति पूरनचंद जोशी को श्रंद्धाजलि दी।



# ग्रीकोरोमन कुश्ती में रहा हरियाणा का दबदबा, 8 गोल्ड सहित 26 पदक जीते

**गोंडा ।** नवाबगंज नंदिनी नगर महाविद्यालय के स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित तीन दिवसीय 2026 ओपन सीनियर नेशनल रैंकिंग कुश्ती प्रतियोगिता के दूसरे दिन ग्रीकोरोमन शैली में हरियाणा के पहलवानों का दबदबा देखने को मिला।

मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबलों में हरियाणा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 8 स्वर्ण, 4 रजत और 14 कांस्य पदक अपने नाम किए। टीम रैंकिंग में हरियाणा 235 अंकों के साथ पहले स्थान पर रहा, जबकि उत्तर प्रदेश 91 अंकों के साथ दूसरे और दिल्ली 80 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रही। तीसरे दिन मंगलवार को महिला वर्ग की प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि कैसरगंज सांसद करनभूषण सिंह ने चारों मैट पर महिला पहलवानों से परिचय प्राप्त कर साथ मिलवा कर मुकाबले की शुरुआत कराई।



# कथा में गूंजा नरसिंह अवतार का संदेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिंहपुर अमेठी ।** विकास खण्ड सिंहपुर के राजाफतेपुर कस्बे में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन श्रद्धा और भक्ति का अद्भुत संगम देखने को मिला।

कथा व्यास इंद्रेश कौशिक महाराज ने भगवान के विराट स्वरूप, भक्त प्र]लाद की अटूट श्रद्धा तथा भगवान नरसिंह अवतार की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे और पूरा पंडाल भक्ति रस में डूब गया। प्रवाचक ने कहा कि जब-जब पृथ्वी पर अधर्म बढ़ता है, तब-तब भगवान धर्म की स्थापना और अपने भक्तों की रक्षा के लिए अवतार लेते हैं। उन्होंने हिरण्यकश्यप और भक्त प्र]लाद के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि सच्ची भक्ति में विश्वास, समर्पण और धैर्य सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भक्त प्रहलाद ने भगवान का नाम नहीं छोड़ा, जिससे प्रसन्न होकर भगवान नरसिंह रूप में प्रकट हुए और अपने भक्त की रक्षा की। कथा के दौरान हरे कृष्ण हरे रामह तथा नरसिंह भगवान की जयह के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। महिलाओं, बुजुर्गों और युवाओं ने श्रद्धा से कथा श्रवण किया। इस अवसर पर यजमान तेज नारायण मिश्रा 'पप्पू', सरोज मिश्र, उपेंद्र मिश्रा, अंकुर, सुमित, विनीत, राहुल, शिवम, आदर्श मिश्रा 'छोटू', राजीव त्रिवेदी, विभव मिश्रा श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# नीट परीक्षा की सीबीआई जांच कराने का स्वागत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल उत्तर प्रदेश के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं शिक्षाविद् मयंक त्रिवेदी ने छम्म्ज 2026 परीक्षा को रद्द कर पूरे प्रकरण की जांच सीबीआई को सौंपे जाने के निर्णय का स्वागत करते हुए प्रधानमंत्री , केंद्रीय शिक्षा मंत्री तथा राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री का हार्दिक आभार व्यक्त किया है।

मयंक त्रिवेदी ने कहा कि नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा केवल एक एग्जाम नहीं, बल्कि लाखों विद्यार्थियों के सपनों, वर्षों की मेहनत और उनके परिवारों की उम्मीदों से जुड़ी होती है। ऐसे में पेपर लीक जैसी घटनाएं पूरे शिक्षा तंत्र की विश्वसनीयता पर प्रश्न. चह्न खड़ा करती हैं। उन्होंने कहा कि परीक्षा रद्द कर निष्पक्ष जांच का निर्णय छात्रों के हित में लिया गया एक आवश्यक कदम है, जिससे देश के करोड़ों युवाओं का विश्वास लोकतांत्रिक व्यवस्था एवं न्याय प्रणाली में और अधिक मजबूत होगा। ऐसे समय में सरकार द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए सीबीआई जांच का आद. ेश देना सराहनीय है।

उन्होंने मांग की कि इस पूरे षड्यंत्र में शामिल सभी दोषियों, दलालों एवं संगठित गिरोहों की पहचान कर उनके विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने का साहस न कर सके। मयंक त्रिवेदी ने कहा कि भविष्य में परीक्षा प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, सुरक्षित एवं तकनीकी रूप से मजबूत बनाना चाहिए। परीक्षा केंद्रों की निगरानी, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा तथा डिजिटल मानिटरिंग व्यवस्था को सख्ती से लागू किया जाना आवश्यक है, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। केंद्र सरकार ने जो कदम उठाया है, उसमें किसी को कोई नुक्ताचीनी नहीं करनी चाहिए।



- **राष्ट्रीय लोकदल उप्र के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं शिक्षाविद् मयंक त्रिवेदी ने केंद्र सरकार को सराहा**

# वकील ने कोर्ट परिसर में डराया कहा: तुम्हें छोडूंगा नहीं: प्रियदर्शिनी

**प्रयागराज।** बीते 6 मई को फाफामऊ ब्रिज पर चलते समय मेरे ऊपर गलत कमेंट किए गए। फार्च्यूनर कार सवार लोगों ने गंदे इशारे किए और अभद्र भाषा बोले रहे थे। मेरी गाड़ी को बार-बार ओवरटेक कर रहे थे। हमें लगा ये लोग हमारा पीछा कर रहे हैं। हम लोग डर गए। थोड़ी दूर आगे जाने के बाद मेरे सहकर्मी के पास एक खिलौना पिस्टल थी, जिससे उसने हवा में फायर किया। इसके बाद देखा कि सामने वाले लोग रुक गए, तो हम वहां से आगे निकल गए। ये बातें प्रयागराज में पूर्व छात्रनेता पर फायरिंग के मामले में आरोपी बनाई गई महिला प्रिंसिपल प्रियदर्शिनी सिंह ने जमानत पर छूटकर आने के बाद कही। उन्होंने कहा- पूरे मामले में मुझे ही मुल्जिम बना दिया गया। पुलिस एक एक्षीय कार्रवाई कर रही है। जबकि कोर्ट परिसर में वकील रजनीश सिंह ने मुझे कहा- जो उस दिन नहीं कर पाया, वह बाहर आकर करूंगा। तुम्हें नहीं छोडूंगा।

# निजी भूमि पर किए अवैध निर्माण पर चला नगर निगम का बुलडोजर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**प्रयागराज।** करेली थाना क्षेत्र के नुरुल्लाह रोड स्थित लाल कालोनी में एक निजी भूमि पर किये गये अवैध निर्माण को नगर निगम प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

नगर निगम की टीम ने बुलडोजर का उपयोग कर घड़ी रिपेयरिंग और टेलरिंग सहित कुल पांच दुकानों को जमींदोज कर दिया। कार्रवाई के दौरान कई दुक. ानदार और स्थानीय लोग मौके पर मौजूद थे। किसी भी प्रकार के विरोध या हंगामे को रोकने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल और प्रशासनिक अधिकारी तैनात रहे। अधिकारियों ने बताया कि शहर में अवैध कब्जों और बिना मानचित्र स्वीकृति के बने निर्माणों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि सरकारी या निजी जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्थानीय निवासियों के अनुसार, इस जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था और कई बार शिकायतें भी दर्ज कराई गई थीं। इस कार्रवाई को अवैध निर्माण के खिलाफ एक सख्त संदेश के रूप में देखा जा रहा है।

# बाइक की टक्कर से पंचायत सदस्य संगपाल की मौत

**प्रयागराज।** जिले के यमुनापार इलाके के मेजा थाना क्षेत्र में बीती रात एक सड़क हादसे में क्षेत्र पंचायत सदस्य संग पाल की मौत हो गई। कोधनिया गांव के सामने सड़क पार करते समय एक अनियंत्रित बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है कोधनिया गांव निवासी संग पाल पुत्र भोलानाथ पाल प्रयागराज-मिर्जापुर राजमार्ग को पैदल पार कर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से वे गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल अस्पताल ले गए, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# धरनारत् महिलाओं का मुंह मीठा कराया

## सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर अपने विरुद्ध धरना दे रही महिलाओं के बीच पहुंचे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखीमपुर खीरी ।** लखीमपुर खीरी में मंगलवार को राजनीति का अनोखा दृश्य देखने को मिला। जिन महिलाओं ने सपा सांसद उत्कर्ष वर्मा मधुर के विरोध में धरना दिया, उन्हीं महिलाओं के बीच पहुंचकर सांसद उत्कर्ष वर्मा ने हालचाल जाना। तेज धूप में बैठी महिलाओं को पानी और मिष्ठान वितरित करते हुए उन्होंने कहा कि राजनीति अपनी जगह है, लेकिन सम्मान और संवेदना सबसे ऊपर है। महिलाओं का सम्मान सर्वोपरि है। उन्होंने कहा विधानसभा चुनाव में 33 प्रतिशत महिला आरक्षण लागू करना चाहिए।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या
UP\MZN-01-\2026-28

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# जिले में तूफान ने मचाई जमकर तबाही



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सुबह के समय आसमान मे काले बादल छाने से अंधेरा हो गया। मौसम ने अचानक करवट ली और तेज रफ्तार से हवा चलने के साथ गरज, चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। तेज आंधी व बारिश के कारण कई स्थानों बिजली के खंभे और ट्रांसफार्मर टूट कर गिर गए। विद्युत पोल टूट कर गिरने से ग्रामीण व शहर के कई मोहल्लों की बिजली घंटो गुल रही। घरों में लगे इन्वर्टर जवाब दे गए और उमस भरी गर्मी में लोगों का बुरा हाल हो गया। बिजली के साथ साथ पेयजल व्यवस्था भी प्रभावित हुई। देर शाम तक विद्युत करनी लाइनों को दुरुस्त करने मे लगे रहे तब कही जाकर करीब 9 घंटे बाद बिजली के दर्शन हुए। मंगलवार की सुबह 9 बजे आसमान मे तेज बादल मंडराने लगे। कुछ ही देर मे काली घटाओ ने आसमान को पूरी तरह ढक लिया। जिससे दिन मे ही रात का मंजर नजर आने लगा। तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से नौगांवा रोड, रज्जाकपुर, अकबरपुर पट्टी, फाजलपुर, मंडी समिति रोड आदि स्थानों पर विद्युत पोल गिर पड़े। जिस कारण ग्रामीण क्षेत्रों व शहर के आधा दर्जन से अधिक मोहल्लों की विद्युत आपूर्ति ठप हो गई। देर शाम तक किसी तरह विद्युत कर्मियों ने बिजली को सुचारू किया। करीब 9 घंटे बाद बिजली के दर्शन होने से लोगों को राहत मिली। मौसम विभाग ने पहले ही कई जिलों में 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने ओर बारिश की संभावना जताई थी।

- **बिजली पोल गिरने से घंटों ठप रही सप्लाई**
- **दिन में छाया रात जैसा अंधेरा**





## आंधी से हाइवे किनारे लगा बोर्ड स्कूटी पर गिरा

### जामिया के छात्र समेत दो गंभीर घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जोया। मंगलवार सुबह आंधी के दौरान नेशनल हाईवे किनारे लगा बोर्ड स्कूटी पर गिर गया। हादसे में जामिया के छात्र समेत दो लोग गंभीर घायल हो गए। परिजनों ने दोनों को मुरादाबाद हायर सेंटर भर्ती कराया है। उपचार के बीच हालत चिंताजनक बनी है।

हादसा सुबह करीब 10 बजे डिडौली कोतवाली क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर हुआ। क्षेत्र के गांव ढकिया चमन में हाजी मुना. जिर का परिवार रहता है। उनका बेटा काशिफ जामिया मिल्लिया इस्लामिया का छात्र है। आंधी के समय वह गांव के ही रहने वाले सलमान के साथ स्कूटी पर सवार होकर खेत पर जा रहा था। गांव से निकलकर जैसे ही स्कूटी हाईवे पर पहुंची तो अचानक मौसम बदल गया। तेज हवाओं के बीच हाईवे किनारे लगा एडवरटाइजिंग बोर्ड स्कूटी पर आ गिरा। हादसे में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने दोनों को तुरंत मुरादाबाद स्थित हायर सेंटर में भर्ती करवाया। जहां से उन्हें मुरादाबाद के ही दूसरे निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया, जहां उपचार के बीच दोनों की उनकी हालत चिंताजनक बनी हुई है। वहीं, हादसे के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घायल युवक काशिफ जामिया का छात्र है तथा बड़ा भाई सऊद अमेरिका मे इंजीनियर है। इसके अलावा तीसरे भाई की रामपुर में किसी सरकारी विभाग में तैनाती है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बलियान ने बताया कि हादसे के बाद परिजन दोनों घायलों को निजी अस्पताल ले गए थे। कोतवाली में लिखित तौर पर कोई सूचना नहीं दी गई है।

## तूफान से आम की फसल को भारी नुकसान

### ब्याज पर पैसे लेकर ठेके पर लिये थे बाग

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हसनपुर**। कुदरत के बदले मिजाज ने इस बार आम के कारोबारियों की कमर तोड़ दी है। भीषण आंधी और बेमौसम तूफान ने बागों में ऐसा तांडव मचाया कि देखते ही देखते फलों का राजा मिट्टी में मिल गया। इस तबाही ने केवल फसल नहीं उजाड़ी, बल्कि हजारों व्यापारियों के सपनों को भी चकनाचूर कर दिया है। आम का व्यापार करने वाले अधिकतर कारोबारी मंडी से भारी ब्याज पर पैसा उधार लेकर बागों का सौदा करते हैं। इस बार फसल पहले से ही आकार में छोटी थी। और अब इस प्राकृतिक आपदा ने रही-सही कसर भी पूरी कर दी। आम कारोबारी मजहर चौधरी शफीक कुरैशी व शंकर सिंह जाटव ने बताया हमने खून-पसीने से बागों को सींचा था। लेकिन एक आंधी ने हमारे अरमानों को तोड़ दिया है। ब्याज चुकाना तो दूर, अब घर चलाना भी मुश्किल है। बाजार विशेषज्ञों की मानें तो इस नुकसान के कारण आगामी दिनों में आम के दामों में भारी उछाल आ सकता है। लेकिन इसका फायदा किसानों या छोटे व्यापारियों को नहीं मिलेगा।

**खम्भों पर रखे कई ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त , नौ घंटे बाद विद्युत आपूर्ति हुई बहाल**

## दिनभर नहीं हुए बिजली के दर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। सुबह के समय आयी तेज आंधी से जिलेभर की बिजली गुल हो गयी। सड़क किनारे खड़े पेड़ विद्युत लाइन पर गिर गये तथा कई ट्रांसफार्मर भी धराशाही हो गये। जिसके चलते सारा दिन शहर की बिजली गुल रही। जबकि लोगों के इन्वर्टर भी जवाब दे गये। लाइट न आने से पानी की आपूर्ति भी बाधित रही।

मंगलवार को सुबह नौ बजे आसमान में अचानक काले बादल छा गये। जिससे देखते ही देखते रात जैसा अंधेरा छा गया। इसके बाद आयी तेज आंधी व बारिश ने जिले में जमकर बवाल मचाया। सड़क किनारे खड़े पेड़ गिर गये जबकि बिजली के खम्भे भी टूटकर धराशाही हो गये। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में खम्भों पर रखे ट्रांसफर गिर गये। इसके बाद तेज हवाओं के साथ शुरू हुई बारिश ने जिलेभर में अफरा-तफरी मचा दी। तेज आंधी के कारण सड़क किनारे खड़े कई पेड़ उखड़कर बिजली लाइनों पर गिर पड़े, जिससे कई इलाकों की विद्युत आपूर्ति तत्काल ठप हो गई। शहर के कई मोहल्लों समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के खंभे टूटकर गिर गए। कई जगह ट्रांसफार्मर भी क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे हालात और बिगड़ गए। बिजली गुल होने से लोगों के घरों में लगे इन्वर्टर भी कुछ घंटों बाद जवाब दे गए। उमस और गर्मी के बीच लोग पूरे दिन परेशान रहे। बिजली आपूर्ति बाधित होने का असर पेयजल व्यवस्था पर भी पड़ा। कई इलाकों में पानी की सप्लाई ठप हो गई, जिससे लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली विभाग की टीमें दिनभर लाइनों और ट्रांसफार्मरों को दुरुस्त करने में जुटी रहीं। देर शाम कहीं जाकर कई इलाकों में बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। दिनभर लाइट न आने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में रात तक बिजली व्यवस्था सुचारू नहीं की जा सकी थी। बिजली कर्मी लाइनों को दुरुस्त करने में लगे थे।

## रेप पीड़िता के भाई ने फांसी लगाकर जान दी

### कमरे में फंदे से लटका मिला शव, परिवार में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नौगांवा सादात**। दुष्कर्म के सनसनीखेज मुकदमे के बीच पीड़िता के भाई द्वारा उठाए गए खौफनाक कदम ने पूरे इलाके को हिला दिया। सोमवार सुबह पीड़िताके भाई का शव घर के कमरे में फंदे से लटका मिलने पर परिवार में चीख-पुकार मच गई। बहन के साथ कथित दरिंदगी और ब्लैकमेलिंग के आरोपों से पहले ही तनाव में चल रहे परिवार पर इस घटना ने दुखों का पहाड़ तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंच गई, जबकि गांव में घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं होती रहीं।

थाना क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति की बेटी दो दिन पूर्व एसपी लखन सिंह यादव को शिकायती पत्र सौंपकर गांव के ही युवक पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। युवती का आरोप था कि कुछ दिन पहले वह गांव के अड्डे पर खड़े होकर अमरोहा शहर आने के लिए सवारी का इंतजार कर रही थी। उसी दौरान वहां पहुंचे गांव के युवक फहीम ने उसे अमरोहा तक लिफ्ट देने के लिए अपनी बाइक पर बिठा लिया। रास्ते में नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर बेहोशी की सी हालत कर दी और अमरोहा के एक होटल में लेकर जाकर दुष्कर्म किया। इतना ही नहीं आरोपी ने उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया, जिसकी आड़ में ब्लैकमेल कर उसने कई बार उसका यौन शोषण कर दिया। यहां तक की परिजनों की गैर मौजूदगी में घर में घुसकर भी उसके साथ दुष्कर्म किया। एसपी के निर्देश पर थाना पुलिस ने रविवार को इस मामले में आरोपी फहीम के खिलाफ दुष्कर्म व अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। बताया जा रहा है कि सोमवार को रेप पीड़िता का 22 वर्षीय भाई लगभग साढ़े आठ बजे घर से निकल गया। इसके बाद लगभग साढ़े नौ बजे वह घर वापस लौटा तथा कमरे में जाकर खुद को अंदर से बंद कर लिया। वहां उसने फंदे पर लटक कर जान दे दी। काफी देर तक जब वह कमरे से कोई आहट सुनाई नहीं दी तो घबराकर परिजनों ने आवाज लगाई। कोई जवाब न मिलने पर दरवाजा तोड़ कर देखा तो कमरे में युवक का शव फंदे पर लटका हुआ था। अचानक ही युवक के आत्मघाती कदम से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र यादव पुलिस टीम के साथ गांव पहुंच गए। शव को फंदे से नीचे उतारते हुए जांच-पड़ताल की। एसपी के निर्देश पर फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से सुबूत जुटाए तथा इसके बाद पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



**इंसाफ की मांग लेकर बीते दिन एसपी दफ्तर पहुंची थी बहन**

## खेत पर कब्जे की कोशिश में बवाल, वीडियो वायरल

### ट्रैक्टर से रौंदी फसल, अवैध रायफल बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**जोया**। डिडौली क्षेत्र स्थित सिरसा मोहन गांव में खेत पर जबरन कब्जे की को. शिश ने रविवार देर शाम तनाव फैला दिया। आरोप है कि दबंग ट्रैक्टर और हथियारों के साथ खेत में पहुंचे तथा खड़ी फसल को रौंदते हुए जबरन जुताई शुरू कर दी। विरोध करने पर किसान परिवार के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने हालात संभाले और मौके से एक अवैध रायफल बरामद की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच में जुट गई है।

डिडौली क्षेत्र के गांव सिरसा मोहन में रविवार देर शाम खेत पर जबरन कब्जे का प्रयास किया गया। आरोपियों ने खेत में ट्रैक्टर दौड़ाकर फसल को बर्बाद कर दिया। विरोध के बीच हालत तनावपूर्ण बनते चले गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने बमुश्किल बिगड़ती स्थिति को संभाला। आरोपी धमकी देते हुए भाग निकले, पुलिस ने मौके से एक रायफल भी बरामद की है। पुलिस घटना की जांच कर रही है। गांव निवासी किसान देवराज सिंह का आरोप है कि रविवार शाम करीब 7:20 बजे वह अपने खेत में काम कर रहे थे तभी गांव के ही विनोद, मयंक, प्रमोद, प्रयांशु, वृतिक समेत कई लोग ट्रैक्टर, लाठी-डंडों और अवैध हथियारों के साथ मौके पर पहुंच गए। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने फसल को ट्रैक्टर चलाकर बेरहमी से रौंदते हुए जबरन खेत जोतना शुरू कर दिया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए पीड़ित और उसके परिवार के साथ मारपीट की। आरोप है कि एक आरोपी बिना लाइसेंस की रायफल लेकर मौके पर मौजूद था, जबकि अन्य देशी तमंचे लहराते हुए खुलेआम जान से मारने की धमकी दे रहे थे। घटना के दौरान इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को देखते ही आरोपी भागने लगे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी के पास से एक अवैध रायफल बरामद कर ली। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दे दी है। कार्रवाई से पहले पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है वहीं घटनाक्रम से जुड़ा एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र बलियान ने जांच के बाद कार्रवाई की बात कही।

## एक नजर

### घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो नौगांवा सादात**। घर के पास खड़ी बाइक चोरी हो गई। काफी तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने मामले में अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। घटना कस्बे के मोहल्ला अली नगर की है। यहां मुराद अली का परिवार रहता है। उनके बेटे सुहैल ने बीते रविवार की सुबह लगभग 10:30 बजे अपनी स्प्लेंडर पल्स बाइक घर के पास ही खड़ी की थी। थोड़ी देर बाद जब वह घर से बाहर निकला तो बाइक गायब देख होश उड़ गए। मोहल्ले में काफी तलाश किया लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। पीड़ित सुहैल ने थाने में तहरीर दी थी। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मोहल्ले के सीसी कैमरों की फुटेज चेक की जा रही है।

### तीन जनरेटरों से अल्टीनेटर चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो जोया**। डिडौली क्षेत्र के गांव हरियाना में अलग-अलग तीन जनरेटरों के अल्टीनेटर चोरी हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के गांव हरियाना निवासी अकरम, रिजवान व शाहनवाज ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हाईवे से करीब 150 मीटर दूरी पर रखे तीन जनरेटरों के तीनों अल्टीनेटर 30 अप्रैल की देर रात अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। आरोप है कि चोर वारदात को अंजाम देकर बाइक से फरार हो गए। पीड़ित के अनुसार चोरी की पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हुई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश की जा रही है। सीओ सिटी अभिषेक कुमार ने घटना का जल्द खुलासा करने का दावा किया।

### युवक से मारपीट में चार पर मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो नौगांवा सादात**। रास्ते में घेरने के बाद युवक से मारपीट की घटना में पुलिस ने तीन सगे भाईयों समेत चार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। थाना क्षेत्र के गांव हादीपुर निवासी सतीश कुमार के मुताबिक बीती 9 मई की सुबह वह गांव में ही किसी काम से जा रहे थे। उसी दौरान गांव के रहने वाले गुलाब सिंह के बेटे नन्हे, मोनू व कावेंद्र तथा उनके साथी जोगेंद्र सिंह ने घेर लिया। चारों गाली-गलौज करने लगे, विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने मामले में चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## आकाशीय बिजली गिरने से छह घरों में फुंके विद्युत उपकरण

**नौगांवा सादात**। क्षेत्र आकाशीय बिजली गिरने से अफरा-तफरी मच गई। तेज धमाके के साथ गिरी बिजली से आधा दर्जन घरों के विद्युत उपकरण फुंक गए, जबकि शिव मंदिर को भी नुकसान पहुंचा है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया और लोग घरों से बाहर निकल आए। जानकारी के अनुसार मंगलवार को सुबह के समय तेज आंधी व बारिश हुई। इस बीच गांव खेड़ी में आकाशीय बिजली गिरने से यशपाल, दीपक, अनुराग, राहुल समेत छह लोगों के घरों में लगे टीवी, पंखे, इन्वर्टर व अन्य बिजली उपकरण खराब हो गए। वहीं, पास स्थित शिव मंदिर में भी बिजली गिरने से कुछ हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत रही कि घटना के समय कोई जनहानि नहीं हुई। ग्रामीणों के मुता. बिक सुबह मौसम खराब होने के दौरान अचानक तेज चमक और जोरदार धमाका हुआ, जिसके बाद कई घरों की बिजली सप्लाई ठप हो गई।

**खुलासा** | **पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर माल किया बरामद, पुलिस टीम 25 हजार से सम्मानित**

## एमपी के गिरोह ने की थी जुबिलेंट अफसर के घर में चोरी

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा**। गजरौला थाना पुलिस ने नगर की जुबिलेंट इन्ग्रेविया लिमिटेड के अधिकारी के घर में हुई चोरी का खुलासा करते हुए मध्यप्रदेश निवासी आरोपी को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से चोरी किए 24 लाख रूपये की कीमत के आभूषण बरामद किए गए। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक लखन सिंह यादव ने प्रेस कान्फ्रेंस करके घटना का खुलासा किया, वहीं घटना का खुलासा करने वाली संयुक्त पुलिस की टीम को 25 हजार रूपये के ईनाम से सम्मानित भी किया गया।

बता दें कि जुबिलेंट फैक्ट्री की आवासीय कॉलोनी के निवासी देश दीपक मिश्रा ने अपने आवास से सोने चांदी के आभूषण और 11 हजार रूपये की चोरी होने का मुकदमा दर्ज कराया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए थाना गजरौला पर कई पुलिस टीमों का गठन किया गया। विवेचना एवं सर्विलांस टीम की सहायता से जांच के दौरान घटना के तार मध्य प्रदेश से जुड़े पाए गए, जिसके बाद क्षेत्राधिकारी धनौरा अंजली कटारिया के नेतृत्व में थाना गजरौला से गठित पुलिस टीमें मध्य प्रदेश में रवाना की गई। अथक प्रयास एवं सर्विलांस की सटीक सूचना के आधार पर पुलिस ने घटना में शामिल मध्य प्रदेश के जनपद धार के थाना टांडा के ग्राम देवीपुरा निवासी सुरेश पुत्र भीकू को गिरफ्तार किया। जिसके कब्जे से 24 लाख रूपये की कीमत के चोरी हुए सभी के सोने-चांदी के आभूषण बरामद किये। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक ने घटनाक्रम का खुलासा किया। उन्होंने घटना में शामिल टीम को 25 हजार रूपये के ईनाम से पुरस्कृत किया। एसपी ने बताया कि, पूछताछ पर सुरेश ने बताया कि वह अपने साथियों पूनम पुत्र गंगाराम भूरिया एवं अम्बु उर्फ अम्बाराम पुत्र गंगाराम निवासीगण ग्राम गातला थाना टांडा जनपद धार, मध्यप्रदेश के साथ मिलकर संगठित रूप से चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है। इंटरनेट के माध्यम से फैक्ट्री के बारे में जानकारी करते थे और आवासीय कॉलोनियों की रेकी करते थे। इस घटना में भी सुरेश ने इसी तरह से योजना बनाकर घटना को अंजाम दिया। अभियुक्तों द्वारा केवल सोने-चांदी के आभूषण एवं नकदी की चोरी की जाती थी। वह लोग इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे टीवी, मोबाइल, लैपटॉप आदि चोरी नहीं करते थे, क्योंकि ऐसे सामान को ले जाने में कठिनाई होती है तथा पकड़े जाने की संभावना अधिक रहती है। बताया कि घटना के दौरान वे मोबाइल फोन का बहुत कम इस्तेमाल करते थे, जिससे पुलिस सर्विलांस से बचा जा सके। सुरेश ने स्वीकार किया कि उसने अपने साथियों पूनम एवं अम्बु उर्फ अम्बाराम के साथ मिलकर थाना गजरौला क्षेत्र स्थित जुबिलैन्ट फैक्ट्री की आवासीय कॉलोनी के एक बंद मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। चोरी में प्राप्त नकदी उसके साथी पूनम एवं अम्बु अपने पास रख लिये थे, जबकि चोरी के जेवरात उसे बेचने हेतु दिये गये। पूनम व अम्बू की तलाश में पुलिस जुटी है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार, एसआई सुभाष चन्द चौहान, मनीष कुमार, अरविन्द कुमार, मानसिंह, प्रविन्द्र कुमार, संदीप कुमार, सुमित कुमार और एसओजी के प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर, प्रभारी सर्विलांस सेल उपनिरीक्षक बिजेंद्र मलिक सहित अतवीर सिंह, वाजिद अली, अजय कुमार, गौरव शर्मा, प्रवेश कुमार, अरविन्द शर्मा, अंकुर, कृष्णवीर सिंह, विपिन, कमल कुमार, आशीष , लवी चौधरी, राकेश आदि मौजूद रहे।



## एनएचएम कर्मियों ने उठाई समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा**। विभिन्न मांगों को लेकर आयोजित ज्ञापन कार्यक्रम में एनएचएम कर्मियों और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े जनपद एवं ब्लॉक प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में कर्मचारियों ने अपनी समस्याओं को उठाते हुए समाधान की मांग की। ज्ञापन कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष गिरीश कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य कर्मी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन कई समस्याएं लंबे समय से लंबित हैं। जिला महामंत्री डॉ. कुलदीप शर्मा ने कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा कराने की बात कही। कार्यक्रम में ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक बृजमोहन, पूर्व जिला अध्यक्ष मनोज सैनी, कोषाध्यक्ष अभिषेक वर्मा, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष स्वाति सिंह, सीएचओ संघ के जिला अध्यक्ष कमलदीप शर्मा, जिला प्रवक्ता संजय सिंह भाटी, डॉ. सीमा गौरव, यश कुमार, नकुल, इसरार, वेद प्रकाश और इरफान सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। इस दौरान डीपीएम मोहम्मद आलम, डीसीपीएम मुकर्रम हुसैन और डीईआईसी मैनेजर विपुल कुमार भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# पूर्व पालिकाध्यक्ष के पति डॉक्टर ताहिर की खुली हिस्ट्रीशीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** तीन-तीन बार नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष रहीं शहला ताहिर के पति डॉक्टर ताहिर की कप्तान ने हिस्ट्रीशीट खोल दी। उन पर लूट, हत्या के प्रयास, रंगदारी, देशद्रोह, बलवा, धोखाधड़ी, सरकारी कार्य में वाधा डाले जाने के साथ ही एससी-एसटी एक्ट सहित 14 मुकदमें दर्ज हैं।



गौरतलब हो सपा की सरकार में शहला ताहिर का खासा जलवा रहा था, उन्होंने पूर्व कोतवाल जवाहर लाल यादव के कार्यकाल में 24 घंटे के अन्दर पूर्व पालिका अध्यक्ष रविंद सिंह राठौर और उनके साथियों के खिलाफ करीब तीन दर्जन मुकदमे दर्ज कराए थे। सपा से निषाद पार्टी में शामिल हुई शहला ताहिर खेमे को आज उस समय गहरा झटका लगा, जब कप्तान अनुराग आर्य द्वारा मंगलवार को उनके पति डॉक्टर ताहिर की हिस्ट्रीशीट खोलने के आदेश जारी किए। उनके पति पर वर्ष 1999 से लेकर वर्ष 2019 में थाना कोतवाली में दर्ज किए गए 14 मुकदमें दर्ज बताए गए हैं।

मंगलवार को जैसे ही सोशल मीडिया पर डॉक्टर ताहिर की हिस्ट्रीशीट खोले जाने की खबर वायरल हुई तो उनके समर्थकों में सन्नाटा पसर गया, तो उनके विरोधी खेमे में खुशी जाहिर नजर आई। हिस्ट्रीशीट खोले जाने के बाद कप्तान ने उनकी निगरानी करने के निर्देश पुलिस को दिए हैं।

# जनगणना-2027 में स्व-गणना के लिए आगे आएं नागरिक

**■ डीएम अविनाश सिंह ने जागरूक नागरिकों से किया सहयोग का आह्वान**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण "मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना" की प्रक्रिया के तहत 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक घर-घर जाकर भारत सरकार द्वारा अधिसूचित प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करेंगे।

जनगणना केवल जनसंख्या की गणना तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से आयु, लिंग, साक्षरता, आर्थिक गतिविधियों समेत विभिन्न सामाजिक एवं आर्थिक आंकड़ों का संग्रह किया जाता है। इन आंकड़ों के आधार पर भविष्य की सरकारी योजनाओं एवं नीतियों का निर्धारण किया जाता है।

भारत सरकार ने इस बार जनगणना को डिजिटल माध्यम से कराने का निर्णय लिया है। इसी क्रम में 7 मई से 21 मई 2026 तक स्वप्रेरणा से स्व-गणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) का प्रावधान किया गया है। शासन के निर्देशानुसार 7 मई से जनपद बरेली सहित पूरे उत्तर प्रदेश में स्व-गणना का कार्य प्रारंभ हो चुका है। 7 मई को जनपद के जनप्रतिनिधियों के माध्यम से स्व-गणना अभियान का शुभारंभ किया गया।

प्रशासन का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित कर जनगणना-2027 के प्रथम चरण को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराना है।

डीएम अविनाश सिंह ने जनपद के जागरूक एवं सम्मानित नागरिकों से अपील की है कि वे स्व-गणना के इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लें और राष्ट्रहित में अपना योगदान दें।

## एक नजर

### ग्रामीणों के भारी विरोध के चलते ठेकदार सामान समेट हुआ रफू चक्कर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** क्षेत्र के गांव श्यामपुर से पीलीभीत हाईवे तक जाने वाले करीब डेढ़ किलोमीटर लंबे मार्ग पर चल रहे सड़क मरम्मत कार्य को ग्रामीणों ने सोमवार को रुकवा दिया था। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में मानकों की अनदेखी और घटिया सामग्री प्रयोग किए जाने का आरोप लगाते हुए मौके पर विरोध प्रदर्शन भी किया था।

ग्रामीणों का कहना है कि लगभग 11 लाख रुपये की लागत से कराए जा रहे इस पैचिंग कार्य में सड़क के गड्ढों की सही तरीके से सफाई नहीं की जा रही थी। आरोप है कि गड्ढों में जमा धूल और मिट्टी हटाए बिना ही उनमें गिट्टी डालकर कम मात्रा में कोलतार का प्रयोग किया जा रहा था।

ग्रामीणों ने बताया कि सड़क लंबे समय से जर्जर हालत में थी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। मरम्मत कार्य शुरू होने पर लोगों को उम्मीद थी कि सड़क की स्थिति सुधरेगी, लेकिन कार्य की गुणवत्ता देखकर ग्रामीणों में नाराजगी फैल गई थी। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण स्थल पर पहुंचे और निर्माण कार्य को रुकवा दिया था। ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत जनप्रतिनिधियों के साथ ही मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी दर्ज कराई गई है। ग्रामीणों के भारी विरोध को देखते हुए सड़क की मरम्मत करा रहा ठेकेदार स्थल से अपना सामान समेट कर रफू चक्कर हो गया। बताया जाता है कि ग्रामीणों को परेशान किए जाने के मकसद से ठेकेदार ने ऐसा किया है।

### ब्यूटी पार्लर और दर्जी ट्रेनिंग से स्वरोजगार का मौका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**खादी ग्रामोद्योग बोर्ड देगा निःशुल्क प्रशिक्षण, 21 मई तक करें आवेदन**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से संचालित कौशल सुधार प्रशिक्षण योजना (सामान्य) के तहत ग्रामीण क्षेत्र के युवाओं को ब्यूटी पार्लर और दर्जी ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला ग्राम उद्योग अधिकारी मनोज कुमार गुप्ता ने बताया कि योजना के अंतर्गत ब्यूटी पार्लर ट्रेड में 50 तथा दर्जी ट्रेड में 25 अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार के लिए तैयार करना है, ताकि वे अपना उद्योग आसानी से स्थापित कर सकें। चयनित अभ्यर्थियों को मण्डलीय ग्रामोद्योग प्रशिक्षण केन्द्र पिपरौला, शाहजहाँपुर सहित तहसील, ब्लॉक एवं जनपद स्तर पर आवश्यकतानुसार अनावासीय प्रशिक्षण दिया जाएगा।

आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। आवेदन के समय आधार कार्ड, राशन कार्ड या परिवार आईडी, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र, फोटो तथा बैंक पासबुक की छायाप्रति अनिवार्य होगी। अधिकारियों के अनुसार लाभार्थियों का चयन स्कोर कार्ड के आधार पर किया जाएगा। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 21 मई 2026 निर्धारित की गई है। आवेदन खादी ग्रामोद्योग आवेदन पोर्टल पर किया जा सकता है।

### आंधी में गिरे यूनिपोल, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोटिस के बाद भी नहीं हुई जांच, अब फर्म को डिबार करेगा नगर निगम**

**बरेली।** शहर में जगह-जगह लगे यूनिपोल लोगों की जान पर खतरा बनते जा रहे हैं। मंगलवार सुबह तेज आंधी के दौरान दो जगहों पर यूनिपोल बीच सड़क पर गिर पड़े। गनीमत रही कि उस समय कोई वाहन या राहगीर उनकी चपेट में नहीं आया, वरना बड़ा हादसा हो सकता था। मामले का संज्ञान मंडलायुक्त भूपेंद्र एस. चौधरी ने लिया और नगर आयुक्त संजीव मौर्य को कार्रवाई के निर्देश दिए।

इसाइयों की पुलिया और पीलीभीत रोड पर लगे यूनिपोल आंधी के दौरान धराशायी होकर सड़क पर गिर गए। करीब दो से तीन घंटे तक यूनिपोल सड़क के बीच पड़े रहे, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। बाद में नगर निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर इन्हें हटवाया। जांच में सामने आया कि दोनों यूनिपोल करीब चार साल पहले फर्म प्रकाश आर्ट द्वारा लगाए गए थे। नगर निगम ने करीब दो महीने पहले फर्म को नोटिस जारी कर यूनिपोल की मजबूती की जांच कराने और कमजोर होने पर उन्हें बदलने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद फर्म ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब नगर निगम फर्म को नोटिस जारी कर उसे डिबार करने की तैयारी कर रहा है।

**वहीं** तेज आंधी के चलते कलक्ट्रेट रोड स्थित दामोदर पार्क के सामने लगा नगर निगम का बड़ा साइन बोर्ड भी झुक गया। दोपहर में राजस्व निरीक्षक सच्चिदानंद टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की मदद से बोर्ड को गिराकर हटवाया गया। इस दौरान करीब तीन घंटे तक कार्रवाई चली और सड़क की एक लेन को बैरिकेडिंग कर बंद रखना पड़ा। यातायात पुलिस और नगर निगम कर्मियों की मौजूदगी से जाम की स्थिति नहीं बनने दी गई। नगर आयुक्त संजीव मौर्य ने बताया कि शहर में लगे सभी यूनिपोल की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। साथ ही संबंधित फर्म के खिलाफ डिबार की कार्रवाई की जा रही है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के जनपद स्तरीय क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विकास खंडों में योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

समीक्षा के दौरान मझगंवा ब्लॉक में योजना की प्रगति संतोषजनक नहीं पाए जाने पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी मझगंवा को शीघ्र सुधार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी खंड विकास अधिकारियों से कहा कि वे लगातार क्षेत्र का भ्रमण करें और योजना की नियमित समीक्षा करते रहें। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि पात्र लोगों को योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि ब्लॉकों पर योजना के लिए आवेदन लेकर आने वाले लोगों को निराश होकर वापस न लौटाया जाए और उनकी समस्याओं का समाधान किया जाए।

बैठक में जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जिन लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिया जाए, उनकी फैमिली आईडी भी अनिवार्य रूप से बनाई जाए। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी देवयानी, जिला विकास अधिकारी दिनेश कुमार यादव, परियोजना निदेशक चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, जिला समन्वयक मनरेगा हबीब अंसारी, जिला पंचायती राज अधिकारी कमल किशोर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

### विधि छात्रों के लिए समर इंटर्नशिप का मौका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली द्वारा जून 2026 में विधि छात्रों के लिए समर इंटर्नशिप (ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण) कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में जून माह में होगा प्रशिक्षण कार्यक्रम, 25 मई तक करें आवेदन**

प्राधिकरण की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, समर इंटर्नशिप कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के इच्छुक विधि छात्रों को अपने विभागाध्यक्ष के अनुरोध अथवा नामांकन के साथ आवेदन पत्र जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बरेली कार्यालय में 25 मई 2026 तक प्रस्तुत करना होगा।

प्राधिकरण ने विधि छात्रों से अपील की है कि वे आवेदन प्रक्रिया के संबंध में अपने कॉलेज के प्राचार्य से शीघ्र संपर्क कर आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करें।

# आयुष आपके द्वार के अंतर्गत आउट रिच शिविर में 42 रोगियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



**■ निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** राजकीय यूनानी चिकित्सालय अहरो जदीद जनपद रामपुर द्वारा ग्राम करसौला तहसील बिलासपुर में आयुष आपके द्वार के अंतर्गत आउट रिच स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

स्वास्थ्य शिविर में42 रोगियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनको निःशुल्क दवाएं भी वितरित की गईं शिविर में चिकित्साधिकारी डाक्टर मोहम्मद इकराम, फार्मासिस्ट बही. दुल रहमान, स्वच्छक आउटसोर्स यासिर मौजूद रहे।

इस अवसर पर चिकित्साधिकारी डाक्टर मोहम्मद इकराम ने ग्रामीणों को समझाया कि वह स्वास्थ्य रहने के लिए अपने खान पान का विशेष तौर पर ध्यान रखें योगासन करें आयुष विभाग द्वारा योग प्रशिक्षकों के माध्यम से जगह जगह योग शिविर आयोजित किए जा रहे है।

# शिव आस्था को नई पहचान देगा नाथ कॉरिडोर

**योगी सरकार बरेली के प्राचीन शिवालयों को संवारने में जुटी, 60 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं पर तेजी**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**
**( मो0 इरफान मुनीम )**

**बरेली।** अयोध्या, काशी और मथुरा के बाद अब बरेली की नाथ परंपरा से जुड़े धार्मिक स्थलों के विकास को नई रफ्तार मिलने जा रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में राज्य सरकार ने नाथ कॉरिडोर के तहत बरेली के प्रमुख आध्यात्मिक स्थलों के एकीकृत विकास की महत्वाकांक्षी योजना पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। करीब 60 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से संचालित इन परियोजनाओं का उद्देश्य श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर सुविधाओं के साथ समग्र आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक अनुभव उपलब्ध कराना है।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार धार्मिक पर्यटन को विशिष्ट पहचान देने की दिशा में नाथ परंपरा से जुड़े भगवान शिव के प्राचीन स्थलों को श्रृंखलाबद्ध तरीके से विकसित कर रही है। "विकास भी, विरासत भी" की सोच के तहत सरकार मंदिरों की पौराणिकता और आध्यात्मिक गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए आधुनिक पर्यटन सुविधाओं का विस्तार कर रही है।

### अलखनाथ और पशुपतिनाथ मंदिर को भी मिलेगी नई पहचान

करीब 930 वर्ष पुराने अलखनाथ मंदिर के पर्यटन विकास पर 11.67 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। यहां मुख्य द्वार, वैदिक लाइब्रेरी सहित कई सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पीलीभीत बाइपास स्थित पशुपतिनाथ मंदिर का भी लगभग 2.98 करोड़ रुपये से विकास किया जा रहा है। इसके अलावा श्री तुलसी मठ के पर्यटन विकास पर 9.71 करोड़ रुपये व्यय होंगे। मढ़िनाथ मंदिर का भी सौंदर्यीकरण और विकास कार्य जारी है। परियोजना के तहत बरेली के 19 प्रमुख स्थलों पर करीब 4.97 करोड़ रुपये की लागत से फोकस वॉल निर्माण कार्य कराया जा रहा है।

### कांवड़ यात्रियों के लिए विशेष सुविधाएं

सावन मास में बरेली आने वाले कांवड़ यात्रियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए 4 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इनमें यात्री विश्राम गृह, वैदिक लाइब्रेरी, प्रसाद एवं फ्लोरिस्ट शॉप, सत्संग शेड, यात्री शेड, परिक्रमा मार्ग, एलईडी लाइटिंग, टॉयलेट ब्लॉक, लैंडस्केपिंग और सौंदर्यीकरण जैसे कार्य शामिल हैं।

### धोपेश्वर से तपेश्वर तक विकास कार्य तेज

नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत बरेली के सदर कैंट स्थित करीब 5000 वर्ष प्राचीन श्री धोपेश्वर नाथ मंदिर का पर्यटन विकास 7.74 करोड़ रुपये की लागत से किया जा रहा है। वहीं जोगी नवादा स्थित द्वापरयुगीन वनखंडी नाथ मंदिर का विकास 5.82 करोड़ रुपये, त्रिवटी नाथ मंदिर का 6.55 करोड़ रुपये तथा तपेश्वर नाथ मंदिर का 8.36 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है।

### आस्था और पर्यटन का संगम बनेगा नाथ कॉरिडोर

नाथ कॉरिडोर के अंतर्गत आने वाले धार्मिक स्थलों का संबंध भगवान शिव और नाथ परंपरा की गौरवशाली विरासत से माना जाता है। धोपेश्वरनाथ में ऋषि ध्रूम की तपस्या, वनखंडीनाथ से जुड़ी द्वापर युगीन मान्यताएं, त्रिवटीनाथ में महादेव के स्वप्न दर्शन, तपेश्वरनाथ में ऋषि-मुनियों की साधना और अलखनाथ में अलखिया बाबा की तपस्थली जैसी मान्यताएं श्रद्धालुओं की आस्था को आज भी जीवंत बनाए हुए हैं। मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश घरेलू पर्यटन में देश का अग्रणी राज्य बन चुका है। वर्ष 2025 में प्रदेश में 156 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन हुआ, जबकि अकेले बरेली में 1.09 करोड़ से अधिक श्रद्धालु और पर्यटक पहुंचे। उन्होंने कहा कि नाथ कॉरिडोर का विकास प्रदेश में धार्मिक पर्यटन को नई ऊंचाई देगा।

# भुगतान की मांग को लेकर केसर चीनी मिल पर भाकियू का धरना

**■ सीईओ के बयान से भड़के किसान, अनिश्चितकालीन आंदोलन शुरू**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** पिछले और वर्तमान पेराई सत्र का करीब 186 करोड़ रुपये बकाया गन्ना मूल्य भुगतान दिलाने की मांग को लेकर भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने मंगलवार को केसर चीनी मिल के प्रशासनिक भवन पर धरना दिया। किसानों और मिल प्रबंधन के बीच वार्ता बेनतीजा रहने पर भाकियू ने अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। किसानों ने चेतावनी दी कि भुगतान होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

धरने को संबोधित करते हुए भाकियू के प्रदेश महासचिव चौधरी शिशुपाल सिंह ने कहा कि केसर चीनी मिल किसानों के भुगतान को लेकर लगातार टालमटोल कर रही है। इससे साफ है कि मिल प्रबंधन किसानों को उनका बकाया देने के प्रति गंभीर नहीं है। किसान नेता रवि ढाका ने कहा कि एक समय एशिया में पहचान रखने वाली केसर चीनी मिल आज बिकने की स्थिति में पहुंच गई है। किसानों ने वर्षों तक भरोसा करके मिल को गन्ना दिया, लेकिन अब उनका भुगतान रोक दिया गया है।

प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी जगत सिंह ने कहा कि गन्ना भुगतान नहीं मिलने से किसान आर्थिक संकट में पहुंच गया है। तहसील अध्यक्ष राज. ेश गुप्ता उर्फ खन्ना ने आरोप लगाया कि मिल प्रबंधन ने मार्केट और अन्य संपत्तियां बेच दीं, चीनी भी बेच दी गई, लेकिन किसानों के भुगतान के समय आर्थिक तंगी का हवाला दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अब किसान आर-पार की लड़ाई लड़ने को तैयार हैं।

दोपहर बाद किसानों के बीच पहुंचे केसर चीनी मिल के सीईओ शरत मिश्रा ने कहा कि मिल के पास न चीनी बची है, न शीरा और न ही भुगतान के लिए पैसा। उन्होंने कहा कि मिल बिकने के बाद ही किसानों का भुगतान संभव हो पाएगा। साथ ही बताया कि मिल की बिक्री को लेकर बड़े कारोबारी घरानों से बात. चीत चल रही है।

सीईओ के इस बयान के बाद किसान भड़क गए और नारेबाजी करते हुए अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया। किसानों ने कहा कि 15 मई तक लगातार धरना जारी रहेगा। उधर, आंदोलन को देखते हुए स्थानीय प्रशासन भी सतर्क हो गया है, और पूरे घटनाक्रम की जानकारी जिला अधिकारियों को दे दी गई है। धरने में करीम सैफी, राशिद खान, नारायण दास तिवारी, विराम स्वरूप शर्मा, शंकर लाल, शाहरुख सैफी, हरीश गंगवार, धीरेंद्र राठी, वेद प्रकाश और विजयपाल सिंह गहलोत समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। धरने का संचालन वरिष्ठ किसान नेता चौधरी मुन्ना सिंह ने किया।

# दस बिस्वा जमीन के विवाद में रिटायर्ड फौजी ने की फायरिंग, पत्नी समेत भाई घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** थाना क्षेत्र के गांव खमरिया आजमपुर में मंगलवार सुबह जमीन के बंटवारे को लेकर चल रहे पारिवारिक विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। रिटायर्ड फौजी द्वारा लाइसेंसी बंदूक से की गई फायरिंग में उसकी पत्नी और छोटा भाई घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर लिया है।



जानकारी के अनुसार, खमरिया आजमपुर निवासी मंगलीसेन के तीन पुत्र हैं। बड़े पुत्र रिटायर्ड फौजी सियाराम का काफी समय से छोटे भाई त्रिमोहन से जमीन के बंटवारे को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार सुबह करीब 10:30 बजे त्रिमोहन पुत्र मंगलीसेन, जो वर्तमान में कस्बा मीरगंज के मोहल्ला ललितपुरी में रहते हैं, जाम गांव के पास मलखान निवासी जाम के खेत की ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे।बताया गया कि बारिश शुरू होने पर त्रिमोहन ट्रैक्टर घर खड़ा कर बाइक से मीरगंज लौट रहे थे। रास्ते में जाम चौराहे पर रुककर वह लोगों से बातचीत कर रहे थे। इसी दौरान बड़े भाई सियाराम अपनी पत्नी नरायनी देवी के साथ स्कूटी से वहां पहुंच गए। आरोप है कि जमीन बंटवारे को लेकर दोनों भाइयों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और मामला गाली-गलौज तक पहुंच गया।

विवाद बढ़ने पर नरायनी देवी पति और देवर के बीच बचाव का प्रयास करने लगीं। इसी दौरान आरा. ेप है कि सियाराम ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से छोटे भाई त्रिमो. हन पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। गोली के छर्रे नरायनी देवी के हाथ में लग गए, जबकि त्रिमोहन के हाथ में भी छर्रे लगने से वह घायल हो गए। घटना के बाद त्रिमोहन जान बचाने के लिए गांव की ओर भाग गए।घटना की सूचना असदनगर निवासी एक व्यक्ति ने डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों घायलों को उपचार के लिए सीएचसी मीरगंज पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद नरायनी देवी की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।घायल त्रिमोहन का आरा. ेप है कि बड़े भाई के हिस्से में करीब दस बिस्वा जमीन अधिक है, जिसका तीन भाइयों में बराबर बंटवारा होना चाहिए।

उन्होंने बताया कि कई बार कहने के बावजूद उन्हें और दूसरे भाई को हिस्सा नहीं दिया जा रहा था।थाना प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर ने बताया कि दस बिस्वा जमीन के विवाद में 80 वर्षीय रिटायर्ड फौजी द्वारा लाइसेंसी बंदूक से फायर किया गया, जिसमें उसकी पत्नी और भाई घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# औचक निरीक्षण से स्कूलों में मचा हड़कंप

**■ एक्शन मोड में बीईओ, नामांकन बढ़ाने और साफ-सफाई के दिए निर्देश**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित परिषदीय विद्यालयों को लेकर शिक्षा विभाग के अधिकारी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के बाद अब खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा किए गए औचक निरीक्षण से स्कूलों में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने और साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए गए।

वर्तमान शिक्षा सत्र अप्रैल से शुरू हुआ है और ग्रीष्मकालीन अवकाश में अब कुछ ही दिन शेष बचे हैं। ऐसे में शिक्षा विभाग के अधिकारी लगातार स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं। तीन दिन पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. विनीता ने ब्लॉक रिछा (दमखोदा) क्षेत्र के सरकारी और निजी विद्यालयों का निरीक्षण किया था। इस दौरान एक सरकारी विद्यालय में मिड-डे मील में अनियमितता और रिछा के दो निजी स्कूलों में भारी गड़बड़ियां पकड़ी गई थीं।

बीएसए के निरीक्षण के बाद मंगलवार को खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार ने ब्लॉक क्षेत्र के करीब आधा दर्जन परिषदीय विद्यालयों का ताबड़तोड़ औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय दोपहरिया, उच्च प्राथमिक विद्यालय दोपहरिया, प्राथमिक विद्यालय चंद्रपुर चुपकिया, प्राथमिक विद्यालय कनमन और प्राथमिक विद्यालय गोपालपुर का निरीक्षण कर नवीन नामांकन, बच्चों की उपस्थिति, मिड-डे मील और अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की।

निरीक्षण के दौरान बीईओ ने विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के निर्देश दिए और साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने चेतावनी दी कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश कुमार ने बताया कि विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के साथ-साथ साफ-सफाई और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# मुकद्दस सफर पर रवाना हुए हाजी लोगों ने दी दुआओं के साथ रुखसती

**■ पूर्व डीन डॉ. नसीम अख्तर पत्नी संग हज रवाना, वाहिद खान को भी लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर दी विदाई**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** रूहेलखंड विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर एवं पूर्व डीन डॉ. नसीम अख्तर अपनी पत्नी फरजाना के साथ हज यात्रा के लिए रवाना हो गए। फरजाना समा. जवादी पार्टी के विधायक एवं प्रदेश महासचिव अताउर्रहमान की बहन हैं। हज यात्रा पर रवाना होने से पहले विभिन्न क्षेत्रों के गणमान्य लोग उनसे मिलने पहुंचे और उनके मुकद्दस सफर की कामयाबी व सला. मती की दुआ की।

इस दौरान जिला जज कॉमर्शियल शाहिद रजा, सपा विधायक अताउर्रहमान, हाजी वफाउर्रहमान, नसीमउर्रहमान, पूर्व प्रिंसिपल सईद अहमद, डॉ. नसरुद्दीन, डॉ. अरशद अली, प्रो. महमूद हसन, बरेली कॉलेज के फारसी विभागाध्यक्ष सदरे आलम, ज्वाइंट डायरेक्टर हेल्थ डॉ. आरिफ सिद्दीकी, हापुड़ के जज असगर अली, भीम आर्मी के प्रदेश उपाध्यक्ष अच्छन अंसारी, मुख्तयार अहमद, इंजीनियर नवेद अख्तर, मोहम्मद शादाब समेत तमाम लोगों ने गले मिलकर उन्हें रुखसत किया।

वहीं मोहल्ला शाहगढ़ के सभासद पति वाहिद खान और सभासद सबीना खान भी हज यात्रा के लिए रवाना हो गए। उनके रवाना होने पर बड़ी संख्या में लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर मुबारकबाद दी और उनके सफर की सलामती के लिए दुआएं कीं।

इस मौके पर अध्यक्ष पति बॉबी जायसवाल, सभासद सलीम, चंदा, ताहिर पप्पू, नसीम अहमद, मोहम्मद जाकिर, तस्कील मियां, वाजिद अंसारी, बाबू अंसारी, रफी मंसूरी, नसीब अहमद, असरफ अब्बासी, मिनाज जाफरी, ओमप्रकाश गबरू, तरुण कालरा, राहुल गुप्ता, दिनकर गुप्ता, परविंदर गंगवार, लाल सिंह एडवोकेट, सोनू गंगवार, टैक्स इंस्पेक्टर मोहम्मद कासिम सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पत्नी की ममेरी बहन को लेकर फरार हुआ पति

## 14 साल पहले किया था प्रेम विवाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जोया।** 14 साल पहले प्रेम विवाह करने वाला युवक अपनी पत्नी की ममेरी बहन को लेकर फरार हो गया। मामला उस समय और चर्चा में आ गया जब पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया, जहां पहली पत्नी और युवती के परिजनों के बीच घंटों तक हंगामा चलता रहा। युवक ने प्रेमिका से कोर्ट मैरिज करने का दावा किया, जबकि पहली पत्नी ने पति पर मारपीट, दहेज उत्पीड़न और धमकी देने के आरोप लगाए हैं।

डिडौली थाना क्षेत्र के कस्बा जोया स्थित जाटव कॉलोनी निवासी नौशाद ने करीब 14 वर्ष पूर्व मोहल्ला मुल्लाना निवासी फरहा नाज से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों के तीन बच्चे हुए और परिवार सामान्य रूप से चल रहा था। आरोप है कि करीब दो वर्ष पहले नौशाद का अपनी ममेरी साली फिजा फात्मा से प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। पहली पत्नी फरहानाज का आरोप है कि विरोध करने पर नौशाद उसके साथ गाली-गलौज, मारपीट और दहेज की मांग करने लगा। जान से मारने की धमकी देने पर उसने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। इस मामले में पुलिस ने 27 मार्च को नौशाद के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। उधर, 14 अप्रैल को फिजा फात्मा के पिता जमाल अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदारी में गए थे। वापस लौटने पर उनकी 20 वर्षीय बेटी घर से गायब मिली। काफी तलाश के बाद भी कोई सुराग न मिलने पर जमाल ने नौशाद पर बेटी को बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सोमवार देर शाम पुलिस ने दोनों को जोया क्षेत्र से हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया। सूचना मिलने पर पहली पत्नी फरहानाज भी थाने पहुंच गई। पूछताछ में नौशाद ने पुलिस को बताया कि उसने करीब 15 दिन पहले प्रयागराज जाकर फिजा फात्मा से कोर्ट मैरिज कर ली है। वहीं फिजा भी नौशाद के साथ रहने की जिद पर अड़ी रही। थाने में काफी देर तक समझाइश का दौर चला। बाद में दोनों महिलाएं अपने-अपने घर लौट गईं, जबकि पुलिस ने नौशाद को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ग्राम समाज की जमीन पर अवैध निर्माण का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता मंडी धनौरा।** नगर पालिका के मोहल्ला कटरा में ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा और निर्माण कराने का मामला सामने आया है। इसको लेकर नगर पालिका के एक सभासद ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। सभासद का आरोप है कि नगर पालिका के पीछे पानी की टंकी के पास स्थित गाटा संख्या 879 की कृषि योग्य बंजर श्रेणी 5/3 की जमीन पर बिना नक्शा पास कराए मकान का निर्माण कराया गया है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि संबंधित मकान स्वामी ने मोटी रकम देकर निर्माण कराया, जबकि नगर पालिका से कोई नक्शा स्वीकृत नहीं कराया गया। सभासद ने यह भी आरोप लगाया कि क्षेत्र में श्रेणी 5/3 और 6/4 की कई अन्य जमीनों पर भी अवैध कब्जे कराए गए हैं।

# द्वितीय बड़े मंगल पर लगा विशाल भंडारा

## श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** अधिशासी अधिकारी डा. ब्रजेश कुमार ने कहा कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ज्येष्ठ माह में पड़ने वाले बड़े मंगल का हिंदू धर्म में विशेष महत्व माना जाता है।

द्वितीय बड़े मंगल के अवसर पर नगर पालिका की ओर से मंगलवार को बम्बूगढ़ चौराहे पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में नगर के राजनीतिक, व्यापारिक एवं सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों और श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम से पहले पालिका अध्यक्ष श्रीमती शशि जैन ने सभासदों, पालिका अधिकारियों और कर्मचारियों की मौजूदगी में विधिवत पूजन-अर्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण शुरू हुआ, जो देर तक चलता रहा। भंडारे के आयोजक एवं पालिका उप नगरायुक्त डॉ. बृजेश कुमार ने सभी आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि बड़े मंगल का पर्व सेवा, श्रद्धा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना रहा तथा श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

# खेत से लौट रहे किसान पर लाठी-डंडों से हमला

## बाइक तोड़ी, छह आरोपियों पर रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नौगांवा सादात।** खेत से घर लौट रहे किसान पर हमला कर पथराव कर दिया। आरोपियों ने पहले मारपीट की, बाद में लाठी-डंडे बरसाकर बाइक क्षतिग्रस्त कर दी। इस मामले पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। घटना थाना क्षेत्र के गांव मुनीमपुर की है। यहां रहने वाले किसान राजेंद्र सिंह द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक सोमवार शाम लगभग 6:30 बजे वह बाइक पर सवार होकर खेत से लौट रहे थे। आरोप है कि गांव में ही घर के सामने से गुजरते समय राजेश ने प्रीतम, रोशन, धर्मेंद्र, रवि व मोहित के साथ मिलकर रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी, विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। इतना ही नहीं लाठी-डंडों से हमला कर बाइक को क्षतिग्रस्त कर दिया। हमले में गंभीर घायल राजेंद्र ने रोहताश सिंह के घर में घुसकर जान बचाई। जान से मारने की धमकी देने वाले आरोपी पथराव करते हुए भाग गए। सीओ अवधभान सिंह भदौरिया ने बताया कि मामले में छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है। आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# ऑनलाइन फार्मेसी के विरोध में दवा विक्रेताओं की हड़ताल

## कार्पोरेट नीतियों का जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ई-फार्मेसी और बड़े कॉर्पोरेट घरानों की प्रिडेटरी प्राइसिंगश (भारी छूट) नीतियों के खिलाफ 20 मई 2026 को देशभर की दवा दुकानें बंद रहेंगी। ऑल इंडिया ऑर्गेनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के आह्वान पर हसनपुर केमिस्ट एसोसिएशन ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। एसोसिएशन के अध्यक्ष संदीप अग्रवाल ने कहा कि सरकार की अनदेखी के कारण देश के 12.40 लाख केमिस्टों और उनसे जुड़े 5 करोड़ लोगों की आजीविका संकट में है। उनकी प्रमुख मांगों में अवैध ऑनलाइन बिक्री पर रोक, कोविड काल की अधिसूचना जीएसआर 220 ई को समाप्त करना और कॉर्पोरेट घरानों द्वारा दी जा रही भारी छूट पर लगाम लगाना शामिल है। केमिस्टों ने चेतावनी दी है कि ऑनलाइन दवाओं की बिक्री से नकली दवाओं का प्रसार और नशीली दवाओं की आसान उपलब्धता जैसे गंभीर स्वास्थ्य जोखिम बढ़ रहे हैं। उन्होंने सरकार से स्थानीय केमिस्टों के संरक्षण के लिए ठोस नीति बनाने की मांग की है। इस अवसर पर अरविंद कुमार गुप्ता, सुधीर कुमार चौहान, निजाम मोहम्मद, नासिर, राजीव अग्रवाल, खुशी मोहम्मद खान, अलीम. ुद्दीन, जुनैद, मनोज कुमार मौजूद रहे।

# नर्सें ही स्वास्थ्य सेवा की असली ताकत: गिरि

## अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर वेंक्टेश्वरा में राष्ट्रीय सेमिनार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय नर्सेस दिवस पर राष्ट्रीय सेमिनार, ओथ सेरेमनी एवं नर्सेस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में "अवर नर्सेस-अवर फ्यूचर, एम्पावर्ड नर्सेस-सेव लाइफ" विषय पर संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें नर्सिंग प्रोफेशन की महत्ता और स्वास्थ्य सेवाओं में उसकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी समेत अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती एवं फ्लोरेंस नाइटएंगल की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया। वक्ताओं ने कहा कि नर्सिंग सेवा, त्याग और समर्पण का सबसे पुनीत पेशा है तथा मरीजों की देखभाल में नर्सिंग स्टाफ की भूमिका बेहद अहम होती है। इस दौरान 400 से अधिक नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने मोमबत्ती जलाकर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवा की शपथ ली। साथ ही उत्कृष्ट सेवाएं देने वाले दो दर्जन से अधिक नर्सिंग स्टाफ को शॉल एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह में नर्सिंग स्टूडेंट्स ने फ्लोरेंस नाइटएंगल के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। राष्ट्रीय संगोष्ठी को वित्त निदेशक युवराज सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 शिशिर पाटिल, संगम विश्वविद्यालय से आये प्रो. मानस, जी0एम0 हॉस्पीटल मेघा सबरवाल, डॉ. ऐना एरिक ब्राउन, ने भी सम्बोधित किया।

# भदौरा में एक महीने से पेयजल आपूर्ति ठप

## ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, किया प्रदर्शन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर।** ग्राम भदौरा में पिछले एक माह से पेयजल आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणों का धैर्य जवाब दे गया। जल जीवन मिशन के तहत हो रही सप्लाई में तकनीकी खराबी आने से गांव में हाहाक. ार मचा है। सबसे अधिक प्रभावित वे गरीब परिवार हैं जिनके पास निजी समरसेबल या विद्युत कनेक्शन नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि जल जीवन मिशन शुरू होने के बाद सरकारी नलों पर निर्भरता खत्म हो गई थी। जिससे अब वे भी खराब पड़े हैं। अब स्थिति यह है कि लोगों को पीने के पानी के लिए दूसरों के घरों पर निर्भर होना पड़ रहा है। वहीं पशुओं के लिए दूर-दराज से पानी ढोना पड़ रहा है। कई बार शिकायतों के बावजूद समाधान न होने पर आक्रोशित ग्रामीणों ने प्रदर्शन कर जल्द आपूर्ति सुचारु करने की मांग की। इस दौरान ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने जल्द व्यवस्था में सुधार न होने पर आंदोलन करने की चेतावनी दी। इस दौरान राष्ट्र सेवी संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा, अजहरुद्दीन सैफी, लाखन सिंह और अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

**बिजली विभाग ने पालिका के साठ लाख दबाए, 2017 से गृहकर जमा नहीं**

# दूसरों की बत्ती काटने वाला विभाग खुद बना डिफाल्टर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** शहर में बिजली का बिल थोड़ा सा भी लेट होते ही उपभोक्ताओं की बत्ती गुल कर देने वाला बिजली विभाग इन दिनों खुद कटघरे में खड़ा नजर आ रहा है। वजह नगर पालिका का करीब 60 लाख रुपये का बकाया, जो वर्षों से जमा नहीं किया गया है। प्रीपेड स्मार्ट मीटर लागू होने के बाद जहां बिना रिचार्ज के एक मिनट भी बिजली नहीं मिलती, वहीं दूसरी ओर विद्युत वितरण खंड धनौरा खुद नियमों से आंख मूंदे बैठा है। पालिका के रिकॉर्ड के मुताबिक विभाग पर मौजूदा डिमांड 4 लाख 56 हजार 696 रुपये है, जबकि पुराने वर्षों का गृहकर

**कागजों में उलझा मामला**

बकाया 54 लाख 80 हजार 352 रुपये पहुंच चुका है। इस तरह कुल बकाया 59 लाख 37 हजार 48 रुपये हो गया है।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका ने वर्ष 2017-18 से ही बिजली विभाग पर गृहकर लागू कर दिया था। इसके बाद से कई बार नोटिस और पत्राचार भी किया गया, लेकिन भुगतान के नाम पर कोई ठोस पहल नहीं हुई। फाइलें चलती रहीं, लेकिन खजाना खाली ही रहा। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि विभाग को लगातार पत्र भेजकर बकाया जमा करने के लिए कहा जा रहा है। इसके बावजूद अभी तक न तो पूरा भुगतान हुआ और न ही कोई स्पष्ट जवाब मिला। शहर में इस मुद्दे को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं हैं। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब आम आदमी का छोटा सा बकाया होने पर बिजली विभाग बिना देर किए कनेक्शन काट देता है, तो खुद पर इतने बड़े बकाए के बावजूद कोई सख्ती क्यों नहीं दिखती। पालिका सूत्रों का कहना है कि अगर यही रकम समय पर मिल जाए तो शहर में सफाई, पानी और अन्य विकास कार्यों को और बेहतर किया जा सकता है। लेकिन सरकारी विभागों के बीच फंसा यह मामला अब तक कागजों में ही घूम रहा है। अब देखने वाली बात यह होगी कि क्या बिजली विभाग अपने ही बनाए नियमों पर खरा उतरते हुए बकाया जमा करेगा या फिर यह करंट वाला मामला यूं ही ठंडा पड़ा रहेगा।

# दो भाईयों पर फायरिंग से सनसनी

## मारपीट की बाद चली गोली, जिंदा कारतूस बरामद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रजबपुर।** दो भाईयों पर कुछ युवकों द्वारा फायरिंग की गई। आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मौके से दो वाहनों को कब्जे में ले लिया। बरामद स्कॉर्पियो की तलाशी में 12 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। मामले में दर्ज मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धारा बढ़ाते हुए पुलिस अफसरों ने फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दो टीमों का गठन किया है। घटना सोमवार शाम करीब सात बजे की है। क्षेत्र के गांव पीठखेड़ा दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। गांव के रहने वाले शनि ने अनमोल, वंश, जसवीर निवासी मोहल्ला भानपुर थाना गजरौला तथा अभय, बॉबी, हर्ष, शुभम और सतपाल निवासी गांव पीठखेड़ा पर जानलेवा हमला, मारपीट और धमकी देने का आरोप लगाया था। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया था। मौके पर पहुंची पुलिस ने दो वाहन बरामद किए थे। इनमें एक स्विफ्ट कार और दूसरी स्कॉर्पियो थी। पुलिस द्वारा स्कॉर्पियो की तलाशी लेने पर उसमें से 12 बोर का एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। कारतूस मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमे में आर्म्स एक्ट की धारा की वृद्धि की है। सीओ सदर अभिषेक यादव ने बताया कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित कर दी गई है, जल्दी ही गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

## मारपीट की घटनाओं में तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** अलग अलग स्थानों पर हुई मारपीट की घटनाओं में तीन लोग घायल हो गए। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरो. पियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव फिरोजपुर गडावली में जसवीर अपनी पत्नी व बच्चे को लेकर परिजनों के साथ अस्पताल जा रहे थे। जब वे रास्ते में पहुंचे तो नितिन, जगदेव, सतेन्द्र, जयदेव, अरूण ने रास्ते में रोक लिया और जसवीर के साथ मारपीट की। बीच बचाव के लिए आए जसवीर के भाई राजवीर के साथ भी मारपीट की। जान से मारने की धमकी देकर आरोपी फरार हो गए। वहीं थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर में रामसरन को पड़ोसी देवेन्द्र, छत्रपाल, प्रेमचंद व इंद्रपाल ने मारपीट करके घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। आसपास के लोग बचाने दौड़े तो आरोपी वहां से फरार हो गए। पुलिस ने दोनों घटनाओं में तहरीर के आधार पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## छात्रों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा।** जेएस हिंदू इंटर कॉलेज में मंगलवार को नशा मुक्ति अभियान के तहत छात्र-छात्राओं व स्टाफ को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम प्रधानाचार्य डॉ. गजेंद्र पाल सिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिव शंकर यादव ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

# नवीं बार श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष बने डॉ. राजीव

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष के रूप में लगातार नौवीं बार डॉ.राजीव शुक्ला का सर्वसम्मति से मनोनयन हुआ तो वहीं संयोजक कपिल सिंघल और महासचिव अंकुर सिंघल मनोनीत हुए। नई

**नई कमेटी ने कार्यक्रमों को लेकर बनाई रूपरेखा**

कमेटी ने आगामी कार्यक्रमों को लेकर रूपरेखा बनाई।



नगर के मौहल्ला शुक्लपुरी में स्थित लॉयर चैम्बर में आयोजित श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक में सर्वसम्मति से डॉ. राजीव शुक्ला को अध्यक्ष, कपिल सिंघल को संयोजक, अंकुर सिंघल को महासचिव, अनुज अग्रवाल को प्रबंधक, वीरेंद्र सिंह देवल, विपिन सागर, देवेश शर्मा, सौरभ वर्मा एवं एसबी त्रिपाठी को उपाध्यक्ष, प्रमोद कुमार को संगठन मंत्री आदि सहित अन्य पदों पर भी मनोनयन हुआ। इस मौके पर अंकुर वर्मा, मुकेश कुमार, आयुष जिंदल, सचिन बंसल, अंकुर वर्मा, प्रमोद शर्मा, मनोज शर्मा, रोहित बंसल, अंकित अग्रवाल, राजीव राजपूत, होशियार सिंह, अरविंद, नीलाक्ष, शलभ, संजीव सिंघल, शुभम सिंघल,महेश प्रधान,डॉ.रवींद्र शुक्ला, राकेश चौहान, विशाल शर्मा, शिवांग सिंघल, अनुराग शर्मा, निश्चल शर्मा, यश बंसल, हर्ष शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दिव्यांगो की समस्याओं के निराकरण की मांग

## मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन बीडीओ को सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** ऑल दिव्यांग विकास संगठन द्वारा खंड विकास अधिकारी के कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर दिव्यांगों की समस्याओं के समाधान की मांग की। राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र यादव और जिला उपाध्यक्ष शिव कुमार भारती के नेतृत्व में कार्यकर्ता नगर के खंड विकास अधिकारी के कार्यालय में पहुंचे। यहाँ बैठक में दिव्यांग एकता पर बल देने का संकल्प



लिया गया। बैठक के बाद कार्यालय में उपलब्ध सहायक विकास अधिकारी सतेन्द्र सिंह को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में वृद्ध, किन्नर, दिव्यांग, गरीब, मजदूर, किसान का उत्पीड़न रोकने, दिव्यांगो के लिये आवास मुहैया कराने, आवास निर्माण की धनरा. शि बढाकर ढाई लाख करने, दिव्यांग जन के लिए अन्तोदय राशन कार्ड, पेंशन राशि समान रूप से 05 हजार मासिक करने, बच्चो को नि:शुल्क शिक्षा प्रदान करने, बिजली पानी के बिल में छूट की मांग और दिव्यांगो को रोजगार से जोड़ने की मांग की। उन्होंने मुख्यमंत्री से समस्याओं के निदान की मांग की है। इस मौके पर महेंद्र सिंह, नवाजिस, नाहर सिंह, रोहित, महनाज खातून, विनोद, किशनवीर आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने तीन दरोगाओं को किया लाइन हाजिर

**अमरोहा।** एसपी ने कार्यों में लापरवाही बरतने वाले तीन उपनिरीक्षकों को तत्काल प्रभाव से पुलिस लाइन भेज दिया गया। जारी आदेश के अनुसार प्रभारी निरीक्षक रजबपुर निरीक्षक संजय कुमार सिंह चौपला चौकी प्रभारी थाना गजरौला, उपनिरीक्षक सुधीर तोमर तथा शेरपुर चौकी प्रभारी थाना धनौरा उपनिरीक्षक नवीन भाटी को लाइन हाजिर किया गया है। आदेश में कहा गया है कि संबंधित अधिकारियों द्वारा अपने दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही बरती जा रही थी, जिसके चलते यह कार्रवाई की गई। साथ ही संबंधित अधिकारियों को तत्काल नवीन नियुक्ति के लिए पुलिस लाइन में आमद कराने के निर्देश दिए गए हैं।

# बाइक को बचाने में पलटा टैम्पो, महिला की मौत

## शादी की खरीदारी कर लौटते हुआ हादसा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** मंगलवार को शेरपुर रोड स्थित अमर सिंह डिग्री कॉलेज के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में ऑटो सवार महिला की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब ऑटो चालक ने सामने आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में अचानक कट मार दिया। इससे ऑटो अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया।

नवाबपुरा गांव निवासी 22 वर्षीय कमलेश जाटव अपने जेठ कीशादी के लिए मंडी धनौरा बाजार खरीदारी करने आई थीं। वह साप्ताहिक बाजार से सामान लेकर अन्य लोगों के साथ ऑटो से गांव लौट रही थीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ऑटो जैसे ही शेरपुर रोड पर अमर सिंह डिग्री कॉलेज के पास पहुंचा, तभी सामने से आए बाइक सवार को बचाने के प्रयास में चालक ने अचानक ऑटो मोड़ दिया। इससे ऑटो असंतुलित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। ग्रामीणों की मदद से घायलों को ऑटो से बाहर निकाला गया। हादसे में कमलेश जाटव की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं नवा. बपुरा निवासी मुनेश पत्नी संजीव कुमार जाटव और सावित्री पत्नी छोटे गंभीर रूप से घायल हो गईं। दो-तीन अन्य लोगों को भी मामूली चोटें आई हैं। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा के डॉ. मंदीप कुमार ने बताया कि घायलों की प्राथमिक जांच के बाद उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। एसएसआई हरपत सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है तहरीर के आधार पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# गैस की किल्लत दूर करने को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** भारतीय किसान यूनियन करतार सिंह गुट ने गैस की किल्लत को दूर करने और सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति में सुधार की मांग को कलेक्ट्रेट मे ज्ञापन सौंपा। मंगलवार को भारतीय किसान यूनियन करतार सिंह गुट के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपा। जिसमें मांग की अमरोहा से काफूरपुर व काफूरपुर से रजबपुर जाने वाले मार्ग को ठीक कराया जाए और रजबपुर, सुदनपुर बिजली घर से किसानों की सिंचाई के लिए विद्युत आपूर्ति में सुधार हो। किसानों का समस्त गन्ना भुगतान जल्द हो जबकि गैस की किल्लत को दूर किया जाए। आवारा पशुओं से निजात मिले और मध्य गंगा नहर में पानी



छुड़वाया जाए। ज्ञापन सौंपने वालों मे प्रदेश अध्यक्ष चौधरी जगदीश सिंह, राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी महावीर सिंह, अशोक, हुकुम सिंह, हरपाल, सुमित, पप्पू, हेमंत व दीप शामिल रहे।

# श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में हनुमान जी का भव्य श्रृंगार हुआ



**लखनऊ।** दूसरे बड़े पर चौक कोतवाली स्थित श्री कोतवालेश्वर महादेव मंदिर में विशेष धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मंदिर परिसर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी। मंदिर के महंत विशाल गौड़ ने हनुमान जी की प्रतिमा को गंगा जल से स्नान कराकर तिल के तेल व चांदी के वर्क से नये वस्त्र धारण कर विशेष श्रृंगार कर भव्य पूजा-अर्चना के बाद भव्य आरती की, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। महंत विशाल गौड़ के नेतृत्व में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। है। मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई हैं।

# छात्रा से छेड़छाड़, पीछा करने वाले युवक को लोगों ने पकड़कर पुलिस को सौंपा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के कटघर थाना क्षेत्र में एक छात्रा से लगातार छेड़छाड़ और पीछा करने का मामला सामने आया है। आरोपी युवक की हरकतों से परेशान होकर स्थानीय लोगों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया और डायल 112 पुलिस के हवाले कर दिया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।जानकारी के अनुसार, कटघर क्षेत्र की रहने वाली बीकॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी अफ्फान हसन निवासी लालबाग गली नंबर-3, थाना मुगलपुरा, काफी समय से उसका पीछा कर रहा था। छात्रा एमएम डिग्री कॉलेज में पढ़ाई करती है और आरोपी आए दिन कॉलेज पहुंचकर उस पर गंदे कमेंट करता था तथा जबरन बात करने की को. शिश करता था। पीड़िता का आरा.



ेप है कि विरोध करने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देता था। सोमवार को भी आरोपी कॉलेज पहुंच गया और छात्रा के साथ छेड़छाड़ करने लगा। शोर मचाने पर उसने जबरन छात्रा का हाथ पकड़ लिया और मुंह दबाने की कोशिश की। इतना ही नहीं, आरोपी ने छात्रा को बदनाम करने की धमकी भी दी। घटना से नाराज लोगों ने आरोपी युवक को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची डायल 112 टीम आरोपी को अपने साथ थाने ले गई। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले भी करीब दो वर्ष पूर्व इसी तरह की घटना में शामिल रह चुका है।कटघर पुलिस ने पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सिंचाई खंड की बैठक में अपूर्ण कार्य जल्द पूरा करने और ठाकुरद्वारा क्षेत्र में नलकूप निर्माण कराने के दिए निर्देश



**कांठ( शाह टाइम्स )।** सिंचाई खंड मुरादाबाद की मासिक बैठक का आयोजन मंडल कार्यालय में किया गया। जिसमें

पुराने कार्यों की समीक्षा की गई अधिकांश कार्य पूर्ण पाए गए लेकिन कुछ कार्यो को बजट उपलब्ध होते ही पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कहा कि सभी तालाब और पोखरों को 2 जून से पहले पहले भर दिया जाए।

बताया गया कि अधिकांश नहरों में पानी टेल तक पहुंचा दिया गया है कुछ नहरें शेष हैं जिनमें अगले सप्ताह तक टेल तक पानी पहुंच जाएगा। तहसील ठाकुरद्वारा के गांव मुनीमपुर में पूर्व प्रधानाचार्य रघुनाथ सिंह ने एक सरकारी ट्यूबवेल की मांग रखी। यह कार्य भी शीघ्र ही पूरा कराने का आश्वासन दिया गया।

बैठक में आरपी सिंह अधिशासी अभियंता नहर, नीरज कुमार गुप्ता अधिशासी अभियंता नलकूप, श्रद्धा भट्ट अभियंता नलकूप, अमित कुमार अपर जिला कृषि अधिकारी, राकेश कुमार नलकूप खंड प्रथम मलखान सिंह कालागढ़ उपखंड मुकेश कुमार उपाध्याय अभियंता बाढ़ खंड, सुशील यादव तथा अंकुर पाल विद्युत विभाग से उपस्थित रहे।अध्यक्षता मास्टर धर्मपाल सिंह बिश्नोई उपाध्यक्ष सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उत्तर प्रदेश शासन तथा संचालन प्रमोद कुमार ने किया।

# दहेज उत्पीड़न मामले में पति-पत्नी दोषमुक्त कोर्ट ने कहा- अपराध संदेह से परे सिद्ध नहीं



**मुरादाबाद ( शाह टाइम्स ब्यूरो।** धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी के तहत दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में न्यायालय ने अभियुक्त पति गिरीश और सास कमला देवी को दोषमुक्त कर दिया। वादनी श्रीमती रचना ने न्यायालय मुरादाबाद में धारा 156(3) दण्ड प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत प्रार्थना पत्र दिया था। इसके आधार पर महिला थाना मुरादाबाद में अपराध संख्या 97/2014, धारा 498ए, 323, 504, 506 आईपीसी के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया था। विवेचना के बाद पुलिस ने अभियुक्त गिरीश एवं कमला देवी के विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया था। मामले का विचारण माननीय न्यायालय सिविल जज (जू० डि०)/ एफ०टी०सी०, मुरादाबाद में चला।

विचारण के दौरान अभियुक्त पक्ष की ओर से **एडवोकेट सचिन कुमार** ने प्रभावी पैरवी की। दोनों पक्षों के साक्ष्यों एवं अभिलेखों का अवलोकन करने के बाद माननीय न्यायाधीश श्रीमती खुशबू शर्मा, सिविल जज जूनियर डिवीजन एफ०टी०सी०, मुरादाबाद ने अभियुक्त गिरीश एवं कमला देवी को संदेह से परे अपराध सिद्ध न होने के आधार पर दोषमुक्त कर दिया।निर्णय के बाद अभियुक्त पक्ष एवं अधिवक्ता श्री सचिन कुमार ने न्यायालय के फैसले पर संतोष व्यक्त किया।

# टीएसआई ने छात्र-छात्राओं एवं स्कूली वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति किया जागरूक

**कांठ ( शाह टाइम्स )** टीएसआई रामकुमार सिंह द्वारा बच्चों को सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में बताया गया तथा यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। बताया कि बिना हेलमेट वाहन चलाना, तेज गति से वाहन चलाना एवं यातायात नियमों की अनदेखी करना दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनता है।



अभिभावकों एवं छात्रों से अपील करते हुए कहा कि 16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को इलेक्ट्रॉनिक स्कूटी अथवा अन्य दोपहिया वाहन न चलाने दें, क्योंकि यह कानूनन अपराध होने के साथ-साथ उनकी सुरक्षा के लिए भी खतरा है।इस दौरान स्कूली बसों, ऑटो एवं ई-रिक्शा की भी जांच की गई तथा वाहन चालकों को सभी आवश्यक एवं कम्पलीट वाहन प्रपत्र साथ रखने के निर्देश दिए गए। निर्धारित मानकों के अनुसार बच्चों को बैठाने एवं यातायात नियमों का पालन करने की हिदायत दी गई। अंत में स्कूली बस, ऑटो, ई-रिक्शा चालकों एवं छात्र-छात्राओं को यातायात सुरक्षा संबंधी पंपलेट वितरित किए गए तथा सुरक्षित यातायात अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

# मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय अभियान को लेकर दिए निर्देश

**बिलारी।** शासन द्वारा ऑपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत आयोजित मेरा विद्यालय स्वच्छ विद्यालय अभियान को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी विकास कुमार ने सभी अध्यापकों को दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा विद्यालय परिसर में स्वच्छता संचालन एवं रखरखाव हेतु रसोई घर की स्वच्छता एवं व्यवस्था शामिल है। उन्होंने कहा बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों को सुविधाओं के संच. ालन एवं प्रबंधन में भागीदार बनाया जाए, छात्र-छात्राओं में शिक्षकों, माता-पिता और समुदाय के प्रति सम्मान की भावना विकसित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्यालय में स्वच्छता एक विशिष्ट व्यक्ति का कार्य नहीं है इस प्रक्रिया के किए जाने से सफाई कार्यो को शैक्षणिक गतिविधि के रूप में विकसित किया जाए इसलिए शिक्षकों को यह समझना अत्यंत आवश्यक है सफाई कार्य को क्यों और किस प्रकार किया जाना चाहिए बच्चों की भागीदारी के लिए शिक्षकों द्वारा भाग लेने के लिए मार्गदर्शन दिया जाए।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

मुख्य परियोजना प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, वाराणसी, द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएँ दो पैकेट में आमंत्रित की जाती हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल के जौनपुर-जफराबाद जंक्शन (6.28 किमी) के बीच दोहरीकरण के संबंध में, इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट और कंस्ट्रक्शन (EPC) मोड पर गोमती नदी पर महत्वपूर्ण पुल संख्या 75 के निर्माण कार्य के लिए परियोजना प्रबंधन सेवाएं प्रदान करने के लिए प्राधिकरण अभियंता की नियुक्ति हेतु प्रस्ताव के लिए अनुरोध (आरएफपी)। |
| 2 | कार्य पूरा करने की अवधि | 24 (चौबीस) माह |
| 3 | कार्य की अनुमानित लागत | रु. 3,10,53,943/- |
| 4 | धरोहर राशि | रु. 6,21,100/- |
| 5 | रेलवे वेबसाईट पर निविदा दस्तावेजों की बिक्री/उपलब्धता | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 12.05.2026 से 23.06.2026 11:00 बजे तक आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगे। |
| 6 | प्री बिड कॉनफेरेंस | दिनांक – 19.05.2026 समय 11:30 बजे, **स्थानः** कार्यालय मुख्य परियोजना प्रबंधक, निर्माण, उत्तर रेलवे, वाराणसी एवं आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट पर साझा की गई ऑनलाइन वीसी लिंक के माध्यम से भी। |
| 7 | बिड पूर्व पूछताछ प्राप्त करने की अंतिम तिथि | 21.05.2026 |
| 8 | रेलवे द्वारा बिड पूर्व प्रश्नों के उत्तर की तिथि | 02.06.2026 |
| 9 | निविदा जमा करने की तारीख/समय एवं निविदा खुलने की तारीख | पूर्ण निविदा प्रपत्र निविदाएँ दिनाँक 12.05.2026 से 23.06.2026 (भारतीय समयानुसार 11.00 बजे) तक रेलवे वेबसाइट के आफिसियल पोर्टल **www.ireps.gov.in** पर देखी/डाउनलोड की जा सकती है। निविदाकर्ता अपनी तकनीकी एवं वित्तीय बिड आई.आर.ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर 23.06.2026 भारतीय समयानुसार 11.00 बजे तक अवश्य जमा करें। ऑनलाइन प्राप्त निविदाएँ दिनाँक 23.06.2026 को भारतीय समयानुसार 15.00 बजे खोली जाएगी। |
| 10 | विस्तृत निविदा सूचना व प्रपत्र | विस्तृत निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र दिनाँक 12.05.2026 से 23.06.2026 तक भारतीय समयानुसार 11.00 बजे तक आई.आर. ई.पी.एस. के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेंगें। व दिनाँक 09.06.2026 से 23.06.2026 तक ई-निविदा अपलोड की जा सकती है। उपर्युक्त निविदा के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें RFP डॉक्युमेंट्स में ऑनलाइन दिये गए हैं। |

टेण्डर नोटिस संख्या 10-टेण्डर/मु.परि.प्र./नि./वाराणसी दिनांक 11.05.2026 1579/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# महिला आरक्षण बिल को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने बारिश में भी सपा सांसद आवास के बाहर किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** महिला आरक्षण बिल को लेकर राजनीतिक माहौल गर्माता जा रहा है। मंगलवार को भी भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी की सांसद रूचि वीरा के आवास के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। बारिश के बीच महिलाएं हाथों में छाते लेकर सड़क पर उतरीं और सांसद के खिलाफ नारेबाजी की।

प्रदर्शन कर रही महिलाओं का आरोप था कि महिला हितों से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे पर विपक्ष ने संसद में विरोध दर्ज कराकर महिलाओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है। भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि जिन महिलाओं ने सांसद को समर्थन देकर संसद तक पहुंचाया, उन्हीं महिलाओं के अधिकारों से जुड़े विषय पर विरोध करना दुर्भाग्यपूर्ण है।



भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने कहा कि महिला आरक्षण देश की महिलाओं को राजनीतिक रूप से मजबूत बनाने की दिशा में बड़ा कदम है, लेकिन विपक्ष ने इसका विरोध कर यह साबित कर दिया कि वह महिलाओं को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने के पक्ष में नहीं है। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने "नारी शक्ति का अपमान नहीं सहेगा हिंदुस्तान" जैसे नारे भी लगाए।महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष विजय लक्ष्मी पंडित ने कहा कि महिलाओं के सम्मान और अधिकारों के मुद्दे पर भाजपा पूरी मजबूती से खड़ी है।

वहीं भाजपा नेत्री सुनीता शर्मा ने कहा कि जनता आगामी चुनाव में महिला विरोधी मान. सिकता रखने वाले नेताओं को जवाब देगी।गौरतलब है कि पिछले दो दिनों से भाजपा महिला मोर्चा की कार्यकर्ता सांसद आवास के बाहर लगातार विरोध प्रदर्शन कर रही हैं। पुलिस प्रशासन भी मौके पर सतर्क नजर आया और पूरे घटनाक्रम पर निगरानी रखी गई।

# प्रधानमंत्री की अपील का अभी नही कोई असर जनपद में प्रतिदिन 1100 किलो लीटर से ज्यादा पेट्रोल और डीजल की हो रही खपत

**कांठ ( शाह टाइम्स )।** उपजे हालात के बीच जिले के लोग गाड़ियां दौड़ाकर औसतन हर दिन 1100 (किलो लीटर) पेट्रोल-डीजल खपा देते हैं। इसमें 30 फीसदी पेट्रोल और करीब 70 फीसदी डीजल होता है। पीएम मोदी की अपील के पहले दिन कोई खास असर देखने को नहीं मिला।

ईरान संकट के कारण पेट्रोलियम आयात संकट को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जनता से बड़ी अपील की है। उन्होंने कहा कि देशवासियों को पेट्रोल-डीजल, खाद, सोने की खपत घटानी चाहिए। पीएम मोदी की अपील की सोशल मीडिया पर खूब चर्चा हो रही है। लोग डीजल-पेट्रोल की खपत कम करने की योजना भी बनाने लगे हैं।मुरादाबाद में पांच पेट्रोलियम कंपनियों आईओसीएल, बीपीसीएल, एचपीसीएल, रिलायंस और नायरा एनर्जी के करीब 184 पेट्रोल पंप है। औसतन इन पंपों से हर दिन करीब 1100 केएल पेट्रोल-डीजल की बिक्री होती है। इसमें करीब 30 फीसदी पेट्रोल का इस्तेमाल होता है। जबकि 70 फीसदी डीजल की खपत होती है अमेरिका-इस्त्राइल और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के कारण पेट्रोलियम पदार्थों को लेकर फरवरी और मार्च में लोग आशंकाओं में रहे। गैस सिलिंडर को लेकर पहले से ही किल्लत की स्थिति बनी हुई थी। इसका असर पेट्रोल-डीजल की बिक्री पर पड़ा था। फरवरी माह में जिले के 184 पंपों से करीब 30214 केएल पेट्रोल-डीजल की बिक्री हुई थी। जबकि मार्च में यह बिक्री करीब 34441 केएल पहुंच गई थी।

# श्री बड़े बाबा कुन्डलपुर की तीर्थ यात्रा को 150 श्रद्धालुओं का टीएमयू कैंपस से प्रस्थान

## जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रीमती शक्ति दुबे ने बतौर मुख्य अतिथि एवम् टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, जीवीसी मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने हरी झंडी दिखाकर बसों को किया रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** भगवान महावीर जंयती महोत्सव समिति, मुरादाबाद एवम् मुख्य आयोजक श्री मनीष जैन (गंज), श्री पंकज जैन द्वारा 150 श्रद्धालुओं को मध्य प्रदेश के दमोह में स्थित श्री बड़े बाबा कुन्डलपुर की तीर्थ यात्रा का आयोजन किया। इस तीर्थ यात्रा को टीएमयू कैंपस से मुरादाबाद के जिलाधिकारी श्री राजेंद्र पेंसिया ने बतौर मुख्य अतिथि, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट श्रीमती शक्ति दुबे एवम् टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन, जीवीसी श्री मनीष जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने हरी झंडी दिखाकर दिल्ली रेलवे स्टेशन के लिए बसों को रवाना किया। श्रद्धालुओं के संग जीवीसी श्री मनीष जैन और श्रीमती ऋचा जैन भी तीर्थ यात्रा में शामिल हैं। तीर्थ यात्रा में शामिल श्रद्धालु बस से दिल्ली रेलवे स्टेशन और वहां से ऊर्जाधानी एक्सप्रेस से दमोह पहुंच कर श्री बड़े बाबा का आशीर्वाद लेंगे। श्री 1008 आदिनाथ भगवान बड़े बाबा कुन्डलपुर की प्रतिमा 2,000 वर्ष से भी अधिक प्राचीन है, जिसका नव्य और भव्य निर्माण आचार्यश्री 108 विद्यासागर जी महाराज के सानिध्य में कुछ वर्ष पूर्व कराया गया था। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्री राजेंद्र पेंसिया ने कहा, तीर्थ यात्रा के समय धाम यानी तीर्थ स्थान, धामी यानी पूज्य भगवान, धामवासी यानी तीर्थ स्थान पर रहने वाले लोगों के प्रति सम्मान का भाव रखना चाहिए। इस मौके पर फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन, श्रीमती जहान्वी जैन, मुरादाबाद जैन समाज के अध्यक्ष श्री अनिल जैन आदि की गरिमामयी मौजूदगी रही। सभी श्रद्धालुओं का ढोल बजाकर और तिलक लगाकर स्वागत किया गया। साथ ही श्रद्धालुओं के अल्पाहार की व्यवस्था एवम् कार्यक्रम का आयोजन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के तीर्थंकर महावीर जिनालय समिति की ओर से किया गया। यात्रा प्रस्थान के समय श्री संदीप जैन, श्रीमती नीलम जैन, श्रीमती उषा जैन, श्रीमती जयरानी जैन, श्री राजेन्द्र जैन आदि मौजूद रहे। उल्लेखनीय है,

श्रद्धालुओं का यह दल कुन्डलपुर में श्री बड़े बाबा का आशीर्वाद लेकर 14 मई को मुरादाबाद के लिए वापसी करेगा।





# विधायक कमाल अख्तर ने सुनी लोगों की समस्याएं

**कांठ।** विधायक कमाल अख्तर ने कांठ स्थित पार्टी कार्यालय पर लोगों की समस्याओं को सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया। जनता द्वारा बिजली, सड़क, पानी, राशन, पेंशन, स्वास्थ्य सेवाओं, राजस्व एवं पुलिस से संबंधित रखी, जिस पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र एवं निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से कहा कि वर्ष 2027 का विधानसभा चुनाव नजदीक है और सभी कार्यकर्ताओं को अभी से पूरी मेहनत एवं मजबूती के साथ चुनाव की तैयारियों में जुट जाना चाहिए, उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनहितकारी नीतियों, समाजवादी विचारधारा, विकास कार्यों एवं जनता के प्रति समर्पण को घर-घर तक पहुँचाने का कार्य करें।


## पावरग्रिड POWERGRID

### सूचना

1. विद्युत अधिनियम, 2003 की धारा 62 तथा धारा 79(1)(क) के अंतर्गत, **"किशनपुर – मोगा ट्रांसमिशन सिस्टम"** के संयुक्त परिसंपत्तियों हेतु उत्तरी क्षेत्र में वर्ष 2019-24 की ट्रांसमिशन टैरिफ की ट्रूइंग-अप तथा वर्ष 2024-29 टैरिफ ब्लॉक हेतु ट्रांसमिशन टैरिफ निर्धारण के लिए सीईआरसी (Conduct of Business) Regulations, 1999 की विनियम-86 एवं सीईआरसी (Terms and Conditions of Tariff) Regulations, 2019 के अंतर्गत अनुमोदन, तथा केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (Conduct of Business) Regulations, 2023 के विनियम 15(1)(क) एवं विनियम 23 के साथ पठित केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग (Terms and Conditions of Tariff) Regulations, 2014, 2019 एवं 2024 के अंतर्गत आवेदन किया गया है।
2. उपरोक्त ट्रांसमिशन प्रणाली के लाभार्थी निम्नलिखित हैं: (क) अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ख) जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (ग) जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड (घ) पंजाब स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ड़) हरियाणा पावर परचेज सेंटर (च) जम्मू एवं कश्मीर पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (छ) उत्तर प्रदेश पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ज) बीएसईएस यमुना पावर लिमिटेड (झ) बीएसईएस राजधनी पावर लिमिटेड (ञ) टाटा पावर दिल्ली डिस्ट्रीब्यूशन लिमिटेड (ट) चंडीगढ़ विद्युत विभाग (ठ) उत्तरांचल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (ड) नॉर्थ सेंट्रल रेलवे (ढ) नई दिल्ली नगर परिषद (ण) हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड।
3. टैरिफ विवरण:

क) 2019-24 ब्लॉक (राशि लाख रुपये में)

| परिसंपत्ति विवरण | 31.03.2024 तक पूर्णता लागत | | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संयुक्त परिसंपत्ति | 85159.01 | अनुमोदित AFC | 4484.23 | 4316.66 | 4269.72 | 4384.98 | 4389.97 |
| | | ट्रूइंग-अप के आधार पर संशोधित AFC | 4484.23 | 4316.66 | 4269.73 | 4384.98 | 4699.62 |

ख) 2024-29 ब्लॉक (राशि लाख रुपये में)

| परिसंपत्ति विवरण | 31.03.2029 तक पूर्णता लागत | | 2024-25 | 2025-26 | 2026-27 | 2027-28 | 2028-29 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संयुक्त परिसंपत्ति (मौजूदा) | 85113.64 | दावा किया गया AFC | 4592.19 | 4551.99 | 4511.47 | 4462.57 | 4406.93 |
| संयुक्त परिसंपत्ति (नए उपकरण) | | दावा किया गया AFC | 0.00 | 0.00 | 20.53 | 97.85 | 254.88 |

4. इस सूचना एवं टैरिफ निर्धारण हेतु दायर आवेदन की प्रति आवेदक की वेबसाइट पर उपलब्ध है: www.powergrid.in
5. टैरिफ निर्धारण संबंधी आवेदन में दिए गए प्रस्तावों पर सुझाव अथवा आपत्तियाँ, यदि कोई हों, तो कोई भी व्यक्ति अथवा लाभार्थी, प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर सचिव, केंद्रीय विद्युत विनियामक आयोग, छठी, सातवीं एवं आठवीं मंजिल, टॉवर-बी, वर्ल्ड ट्रेड सेंटर, नौरोजी नगर, नई दिल्ली – 110029 (या आयोग के कार्यालय के अन्य पते) को प्रेषित कर सकता है, तथा उसकी प्रति आवेदक के कॉर्पोरेट कार्यालय के पते पर भी भेजी जानी चाहिए।

स्थानः गुरुग्राम | हस्ताक्षरित/-
दिनांकः 06.05.2026 | वरिष्ठ उप महाप्रबंधक (वाणिज्यिक)

**पावर ग्रिड कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)
**पंजी. कार्यालय:** बी-9, कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया, कटवारिया सराय, नई दिल्ली-110 016
**कार्पोरेट कार्यालय:** सौदामिनी, प्लॉट नं. 2, सेक्टर-29, गुरुग्राम-122001, (हरियाणा)
एक महारत्न पीएसयू

# ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पर्दाफाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** फेज-1 थाने की पुलिस ने सेक्टर-2 स्थित इमारत में चल रहे फर्जी कॉल सेंटर का मंगलवार को पर्दाफाश कर दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया। आरोपी केवाईसी और क्रेडिट कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम कराने के नाम पर लोगों से ठगी करते थे। आरोपियों से तीन मोबाइल, सोने के दो और चांदी के दो सिक्के बरामद हुए। डीसीपी साइबर शैव्या गोयल ने बताया कि थाना फेज-1 पुलिस को लोकल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस के जरिए सूचना मिली थी कि सेक्टर-2 में सी-90 की चौथी मंजिल पर एक फर्जी कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा है। सूचना के आधार पर मंगलवार को पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर छापेमारी की और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के मोबाइल नंबरों के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों से एनसीआरपी पोर्टल पर 20 से अधिक शिकायतें दर्ज हैं।

पूछताछ में आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे कमीशन के आधार पर काम करते थे। आरोपी बैंकों के क्रेडिट कार्ड धारकों का डाटा चोरी करते। इसके बाद वे ग्राहकों को कॉल कर खुद को बैंक कर्मचारी बताते और



केवाईसी अपडेट करने या कार्ड के रिवॉर्ड प्वाइंट रिडीम कराने की बात कहते। आरोपी लोगों को एक एपीके फाइल डाउनलोड कराते थे, जो देखने में बिल्कुल बैंक की आधिकारिक मोबाइल ऐप जैसी लगती थी। जैसे ही ग्राहक उस ऐप को अपने मोबाइल में इंस्टॉल करता, आरोपी उससे क्रेडिट कार्ड नंबर, सीवीवी और अन्य जरूरी जानकारी भरवा लेते। इस एपीके फाइल के जरिए ग्राहकों के मोबाइल पर आने वाला ओटीपी भी आरोपियों तक पहुंच जाता। ओटीपी हासिल करने के बाद आरोपी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म ब्लिंकिट, जेप्टो और अन्य ऐप के माध्यम से गोल्ड और सिल्वर क्वाइन खरीद लेते थे। डिलीवरी के लिए वे किसी भी रैंडम पते का इस्तेमाल करते थे ताकि पुलिस तक उनकी पहचान न पहुंच सके। बाद में आरोपी उन सिक्कों को बाजार में बेचकर रकम हासिल कर लेते थे। पुलिस जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी कुछ समय तक एक ही सिम कार्ड का इस्तेमाल करते और ठगी की कई वारदातों को अंजाम देने के बाद सिम कार्ड तोड़कर फेंक देते ताकि पुलिस ट्रैकिंग से बचा जा सके। गिरफ्तार आरोपी विकास कुमार मूल रूप से हापुड़ जिले के बहादुरगढ़ थाना क्षेत्र के पलवाड़ा गांव का रहने वाला है। वर्तमान में वह गाजियाबाद के गोविंदपुरम इलाके में रह रहा है। दूसरा आरोपी सूरज हाथरस जिले के सादाबाद थाना क्षेत्र के रसमई गांव का निवासी है और फिलहाल दिल्ली के न्यू अशोक नगर में रह रहा है। विकास कुमार का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। उसके खिलाफ वर्ष 2023 में थाना सेक्टर-63 में धोखाधड़ी, जालसाजी और आईटी ऐक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हो चुका है।

**दोनों अन्य आरोपियों की तलाश जारी:** पुलिस अब गिरोह से जुड़े दो अन्य लोगों की तलाश कर रही है। साथ ही, यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि आरोपियों ने अब तक कितने लोगों को ठगी का शिकार बनाया और उनके नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान कॉल पर अपनी बैंकिंग जानकारी, ओटीपी, सीवीवी या कार्ड डिटेल साझा न करें। इसके अलावा किसी भी अनधिकृत लिंक या एपीके फाइल को मोबाइल में डाउनलोड करने से बचें। आरोपी कुछ ही दिन में अपना दफ्तर कहीं अलग शिफ्ट करने वाले थे। पूछताछ में सूरज और विकास ने अपने अन्य साथियों के नाम भी पुलिस को बताए हैं।

# तीन दिन में क्यूआर कोड से बिलिंग की 78 शिकायतें दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बिजली बिल संबंधी शिकायतों के लिए अब उपभोक्ताओं को लंबी लाइनें लगाने या बिजली विभाग के दफ्तरों के चक्कर काटने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की ओर से शुरू की गई क्यूआर कोड आधारित ऑनलाइन शिकायत व्यवस्था को उपभोक्ताओं का बेहतर परिणाम मिल रहा है।

> बिलिंग संबंधी शिकायतों के लिए क्यूआर कोड के जरिए घर बैठे ऑनलाइन शिकायत दर्ज की जा सकती है। इससे कार्यालय नहीं आना पड़ेगा।
>
> **-संजय कुमार जैन, मुख्य अभियंता, विद्युत निगम, गौतमबुद्ध नगर**

सुविधा शुरू होने के तीन दिनों के भीतर ही बिलिंग संबंधी 78 शिकायतें दर्ज की गई हैं। विद्युत निगम के बिलिंग कार्यालय के लेखाकार वैभव मित्तल के अनुसार, हर दिन बिजली विभाग के कार्यालयों में बिलिंग और मीटर संबंधी औसतन 100 से अधिक शिकायतें पहुंचती हैं। उपभोक्ताओं को शिकायत दर्ज कराने और उसके फॉलोअप के लिए कई बार कार्यालय आना पड़ता था। यहां तक कि ग्रेटर नोएडा जैसे 30 किलोमीटर दूर इलाके से सेक्टर 18 स्थित बिलिंग कार्यालय के चक्कर काटने पड़ते थे। इसी समस्या को दूर करने के लिए रविवार से जिले में हाईटेक हेल्पलाइन सुविधा लागू की गई है। नई व्यवस्था के तहत उपभोक्ता निगम द्वारा जारी क्यूआर कोड को स्कैन कर सीधे गूगल फॉर्म पर अपनी शिकायत दर्ज कर सकते हैं। शिकायत दर्ज होते ही संबंधित विभाग को सूचना भेज दी जाती है। विभाग का दावा है कि शिकायतों का निस्तारण सात दिनों के भीतर कर दिया जाएगा। समाधान होने के बाद उपभोक्ता को ई-मेल के जरिए जानकारी भी दी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि इससे शिकायतों की मॉनिटरिंग आसान होगी और उपभोक्ताओं को बार-बार हेल्पलाइन या कार्यालय से संपर्क करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। पूरी व्यवस्था की निगरानी अधिकारी स्तर से की जा रही है ताकि शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित हो सके। शहरवासियों ने क्यूआर कोड के जरिए सबसे ज्यादा पुराने बिल जनरेट न होने की शिकायत की। इस पर अधिकारियों ने बताया कि जब मीटर प्रीपेड हो रहे थे, तब तक का बिल जनरेट नहीं हुआ, जिसके चलते लोगों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। जब अचानक से एक साथ बढ़ा हुआ बिल पहुंचा तो लोगों ने इसकी शिकायत की।

# ग्रेनो में भूजल और गंगाजल की आपूर्ति सुधरेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा ईस्ट और वेस्ट इलाके में निर्माणाधीन चार भूमिगत जलाशय (यूजीआर) में से तीन इस माह बनकर तैयार हो जाएंगे। वहीं, साल के अंत तक चारों यूजीआर को चालू करने का लक्ष्य है। इससे गंगाजल के साथ भूजल की आपूर्ति बेहतर हो जाएगी।

प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक अभी 20 यूजीआर चालू स्थिति में हैं। इनके जरिये गंगाजल और भूजल की आपूर्ति की जा रही है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में इस समय पेयजल की मांग करीब 207 एमएलडी है, जबकि उपलब्धता इससे कहीं अधिक है। भविष्य में भी पेयजल को लेकर दिक्कत न हो, इसके लिए यूजीआर, नलकूप और ओवरहेड टैंक की संख्या बढ़ाने की विस्तृत योजना बनाई गई है। इसके तहत फिलहाल चार भूमिगत जलाशयों सेक्टर टेकजोन-1, सेक्टर - 2, 3 और ईटा-2 में निर्माण किया जा रहा है। इससे भंडारण की क्षमता बढ़ जाएगी। ग्रेटर नोएडा वेस्ट के सेक्टर-2,3 और टेक्जोन के यूजीआर का काम इस माह पूरा हो जाएगा। वरिष्ठ प्रबंधक विनोद कुमार शर्मा ने बताया कि इस साल चारों यूजीआर को चालू करने का लक्ष्य है। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद विद्युतीकरण का काम कर चारों यूजीआर चालू कर दिए जाएंगे।

**निर्माणाधीन यूजीआर की क्षमता:** सेक्टर टेकजोन-4 के यूजीआर की क्षमता 10 हजार किलो लीटर है। सेक्टर-2 के यूजीआर की क्षमता छह हजार किलो लीटर और सेक्टर-3 के यूजीआर की क्षमता तीन हजार किलो लीटर है। वहीं, सेक्टर ईटा-1 में निर्माणाधीन यूजीआर की क्षमता 1500 किलो लीटर है। इन जलाशयों के बनने से भूजल और गंगाजल की भरपूर आपूर्ति हो सकेगी।

**सोसाइटियों को जल आपूर्ति:** जल विभाग के अधिकारी के मुताबिक टेक्जोन-4 के यूजीआर से आसपास की 19 सोसाइटियों और संस्थानों में पेयजल आपूर्ति बेहतर हो सकेगी। इनमें हिमालया प्राइड, चेरी काउंटी, फ्यूजन होम्स, ग्रीन आर्क, जेएम फ्लोरेंस, स्प्रिंग मीडोज, समृद्धि, मेफेयर, ला रेजिडेंशिया, हवेलिया, एनएक्स वन, गौर सौंदर्यम, निराला एस्टेट, ऐस एस्पायर, लेजर पार्क, रॉयल नेस्ट, गैलेक्सी वेगा, पंचतत्व और आम्रपाली लेजर पार्क आदि शामिल हैं। वहीं, सेक्टर- 2 के यूजीआर से सेक्टर-2 के ही ब्लॉक- ए, बी, सी, डी, ई और एफ तथा इरोज संपूर्णनम और निराला आदि सोसाइटियों को पेयजल आपूर्ति की जाएगी। सेक्टर-3 के यूजीआर से यहां स्थित जनता फ्लैट और सेक्टर-3 के ए, बी, सी और डी ब्लॉक में पेयजल आपूर्ति की जाएगी।

# युवक से मारपीट मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने मामूली विवाद में युवक के साथ मारपीट करने वाले चार आरोपियों को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। वारदात में इस्तेमाल बाइक और स्कूटी भी बरामद कर ली। मारपीट के दौरान पीड़ित युवक की सोने की चेन भी टूटकर गिर गई थी। उसे भी बरामद कर लिया गया है। एसीपी प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि सात मई को एक युवक ने थाने में शिकायत दी कि जीआईपी चौकी के पास स्कूटी सवार ने गलत दिशा से आकर उसे टक्कर मार



दी। युवक ने जब इसका विरोध किया तो स्कूटी सवार युवक ने अपने अन्य साथियों को मौके पर बुला लिया।

सभी ने मिलकर युवक के साथ दोबारा गाली-गलौज और मारपीट की। इस दौरान युवक की सोने की चेन वहीं पर गिर गई। वारदात के समय पीडित युवक के साथ उसकी बहन भी थी, जो वर्तमान में यूपी पुलिस में है। उसकी सेक्टर-39 थाने में तैनाती है। मारपीट में शामिल आरोपियों की पहचान न्यू अशोकनगर निवासी अजीत सिंह, कपिल चौहान, राशिद और नया बांस गांव निवासी गौरव दत्त के रूप में हुई। आरोपियों के पास से दो चाकू भी बरामद हुए, जिसका इस्तेमाल वे लोगों को डराने के लिए करते थे।

# बिजली लाइन बदलने से आपूर्ति सुधरेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर और गांवों में बिजली ढांचे को सुदृढ़ करने के लिए 1090 किलोमीटर लो टेंशन (एलटी) लाइन को बदला जाएगा। इससे विद्युत आपूर्ति में सुधार होगा। फिलहाल, करीब सात किलोमीटर तक लाइन बदली जा चुकी है। शेष को बदलने का कार्य जल्द शुरू होगा। विद्युत निगम के अधिकारियों के मुताबिक स्काडा योजना के तहत बिजली ढांचे को मजबूत करने का कार्य किया जा रहा है। जिले में एलटी लाइन बिछाई जा रही है। पहले चरण में सात किलोमीटर एलटी लाइन बिछाने का कार्य किया गया है। प्रयास है कि वर्ष 2027 तक कार्य को पूरा कर लिया जाए।

# कुल्हाड़ी से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जारचा कोतवाली क्षेत्र के नगला चमरू गांव के जंगल में पेड़ काटने का विरोध करने पर कुल्हाड़ी से हमला करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद कर ली। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में जुटी है। जारचा कोतवाली पुलिस के मुताबिक सिकंदराबाद के धनपुरा गांव के रहने वाले अशोक कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था कि नगला चमरू गांव में 24 अप्रैल को उनके खेत पर कुछ लोग दो गाड़ियों में सवार होकर पहुंचे और शीशम के पेड़ को काटने लगे।



उनके चचेरे भाई दीपक ने विरोध किया तो आरोपियों ने उस पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। शोर सुनकर पीड़ित का सगा भाई सुनील वहां पहुंचा तो आरोपियों ने उसे भी बुरी तरह पीटा। आरोप है कि दोनों पर कुल्हाड़ी और लोहे की रॉड से हमला किया गया। दोनों को चोटें लगीं। इसके बाद आरोपी धमकी देकर वहां से भाग गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी सचिन, अनुज, विपिन, मोहित और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए फरार आरोपी अनुज निवासी धनपुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त कुल्हाड़ी बरामद की है। पुलिस इस मामले में पूर्व में एक आरोपी को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस घटना में शामिल फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है।

## एक नजर

### विवाहिता हत्या मामले में पति गिरफ्तार

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** घोड़ी बछेड़ा गांव में पांच दिन पूर्व विवाहिता की हत्या के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर कार भी बरामद की है। मामले में नामजद अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। घोड़ी बछेड़ा गांव निवासी अनुज चौहान ने फरवरी माह में मोनिका नागर से प्रेम विवाह किया था। शादी के बाद दोनों घोड़ी बछेड़ा गांव में रह रहे थे। आरोप है कि विवाह के बाद से ही मोनिका पर दहेज और संपत्ति को लेकर दबाव बनाया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, सात मई को मोनिका की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतका की मां की शिकायत पर पति अनुज चौहान समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हजरतपुर गांव से सूरजपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर नहर के पास से आरोपी अनुज चौहान को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से हत्या में प्रयुक्त फॉर्च्यूनर कार भी बरामद की गई है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

### बिसरख जलालपुर के 10 किसानों को मिले आबादी भूखंड

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** बिसरख जलालपुर के 10 किसानों को 11 छह फीसदी आबादी भूखंड मिल गये हैं। मंगलवार को किसानों की मौजूदगी में ओएसडी गुंजा सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक नियोजन सुधीर कुमार, प्रबंधक प्रमोद कुमार व प्रबंधक कपिल तोंगड़ ने समान आकार वाले 8 भूखंडों का ड्रा कराया, जबकि 3 भूखंडों का आकार भिन्न होने के कारण ड्रा कराने की जरूरत नहीं पड़ी। इन भूखंडों को किसानों के नाम सीधे आवंटन कर दिया गया। पूरी प्रक्रिया की फोटो और वीडियोग्राफी भी कराई गई। दरअसल, बिसरख जलालपुर के किसानों की जमीन का अधिग्रहण करने के बाद से लंबे अर्से से छह फीसदी आवासीय भूखंड लंबित थे। इन किसानों ने भूखंड पाने के लिए प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार से भी गुहार लगाई थी। सीईओ ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आबादी भूखंड शीघ्र देने के निर्देष दिए। नियोजन विभाग और छह फीसदी आबादी भूखंड विभाग ने आवंटन प्रक्रिया को पूरा कराया। प्राधिकरण की ओएसडी गुंजा सिंह का कहना है कि किसानों को छह फीसदी आवासीय भूखंड देना प्राधिकरण की पहली प्राथमिकता है। बिसरख जलालपुर की तरह ही अन्य गांवों के पात्र किसानों को भी आबादी के भूखंड आवंटित किए जाएंगे।

### एयरपोर्ट डोमेस्टिक टर्मिनल थाने पर बढ़ेंगे 35 पुलिसकर्मी

**यमुना सिटी (शाह टाइम्स)।** नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से घरेलू उड़ानें शुरू होने जा रही हैं। जिसके लिए टिकटों की बुकिंग भी शुरू हो गई है। एयरपोर्ट में आने वाले यात्रियों को देखते हुए पुलिस विभाग भी तैयारियों में जुट गया है। एयरपोर्ट के अंदर संचालित होने वाले थाने में अब पुलिस कर्मियों के स्टाफ में बढ़ोतरी की जाएगी। जिससे यहां आने वाले लोगों को और बेहतर और सुरक्षित माहौल दिया जा सके। एयरपोर्ट प्रबंधन 15 जून से घरेलू उड़ानें शुरू कर देगा। जिसके बाद दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और आसपास के कई राज्यों के यात्री यहां आएंगे। इसे देखते हुए पुलिस विभाग एयरपोर्ट परिसर की सुरक्षा को ज्यादा दुरुस्त करने की तैयारी कर चुका है। परिसर के अंदर संचालित होने वाले थाना जेवर एयरपोर्ट डोमेस्टिक टर्मिनल में पुलिस कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाएगी।

# दिव्यांगों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए स्पेशल ओलम्पिक्स के साथ मिलकर काम करेगी नोएडा पुलिस : लक्ष्मी सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** स्पेशल ओलम्पिक्स भारत उत्तर प्रदेश द्वारा सेक्टर-31 स्थित प्रमेथियस स्कूल में दस दिवसीय राष्ट्रीय कोचिंग कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। कैम्प का उद्घाटन गौतमबुद्ध नगर की पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्पेशल ओलम्पिक्स भारत की अध्यक्ष डॉ. मल्लिका नड्डा ने की। यह कैम्प 20 मई तक चलेगा।

कार्यक्रम में डॉ. मल्लिका नड्डा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि स्पेशल ओलम्पिक्स केवल खेल का मंच नहीं, बल्कि आत्मविश्वास, समावेशिता और समान अवसरों का सशक्त अभियान है। उन्होंने उम्मीद जताई कि खिलाड़ी राष्ट्रीय



और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश के लिए पदक जीतेंगे।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रेरणादायक आयोजन समाज में दिव्यांगता के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने बताया कि नोएडा पुलिस स्पेशल ओलम्पिक्स के साथ मिलकर दिव्यांग लोगों के अधिकारों की सुरक्षा और उनके साथ निरंतर संवाद स्थापित करने की दिशा में कार्य करेगी।

स्पेशल ओलम्पिक्स भारत, उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष मुकेश शुक्ला ने कहा कि खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप प्रशिक्षण और सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि वे आगामी प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर तैयारी कर सकें।

वहीं प्रमेथियस स्कूल के चेयरमैन मुकेश शर्मा ने देशभर से आए खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और अधिकारियों का स्वागत किया।

राष्ट्रीय कोचिंग कैम्प में 15 से अधिक राज्यों से आए 70 से ज्यादा खिलाड़ी, कोच और अधिकारी भाग ले रहे हैं। चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविरों और अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं, विशेष रूप से स्पेशल ओलम्पिक्स वर्ल्ड गेम्स की तैयारी करेंगे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, शपथ ग्रहण समारोह और प्रेरणादायक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए।

# नोटों की गड्डी दिखाकर महिला से लाखों के गहने ठगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बरौला गांव में दो युवकों ने नोटों की गड्डी दिखाकर महिला को झांसे में लिया और उसके लाखों रुपये के गहने लेकर फरार हो गए। आरोपियों ने घरेलू कष्ट दूर करने का झांसा देकर घटना को अंजाम दिया। पीड़िता की शिकायत पर सेक्टर-49 थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरौला गांव निवासी मीनाक्षी मिश्रा ने पुलिस को बताया कि वह सात जनवरी को अपने बेटे के साथ खरीदारी करने गई थीं। इसी दौरान वहां दो युवक मिले। आरोप है कि दोनों युवकों ने महिला को बातों में उलझाया और नोटों की गड्डी दिखाकर भरोसा दिलाया कि वे उसकी मदद करना चाहते हैं।

इसके बाद दोनों महिला को बहला-फुसलाकर सेक्टर-50 स्थित कोठारी स्कूल के पास ले गए। वहां आरोपियों ने घरेलू कष्ट दूर करने का झांसा देकर महिला को अपनी बातों में उलझा लिया। चालाकी से महिला के सारे गहने उतरवा लिए।

जब तक महिला को ठगी का एहसास हुआ, तब तक दोनों आरोपी मौके से फरार हो चुके थे। घटना के बाद पीड़िता ने परिवार के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपियों की पहचान की जा सके।

# स्कूटी सवार पिता की पिटाई के मामले में दो गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** चिपियाना गांव में स्कूटी सवार शख्स से मारपीट और नाबालिग किशोरियों से अभद्रता के मामले में बिसरख कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ जानलेवा हमले और पाक्सो एक्ट की धाराएं बढ़ाई गई हैं।

बता दें कि घटना चिपियाना बुजुर्ग स्थित सोसाइटी में रहने वाली एक महिला अपनी अपने पति के साथ स्कूटी पर सवार होकर अपनी भांजियों को छोड़ने जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में चिपियाना बुजुर्ग निवासी आकाश शर्मा और प्रिंस समेत चार लोगों से स्कूटी की हल्की टक्कर लगने को लेकर विवाद हो गया था। आकाश समेत अन्य आरोपियों ने स्कूटी सवार शख्स से पहले मारपीट की थी। पीड़ित किसी तरह यहां से बच कर घर पहुंचा था। आरोपी भी पीछा कर पीड़ित के घर पहुंच गए। यहां पर आरोपियों ने दोबारा डंडे से पीड़ित को पीटा था। पति को बचाने पहुंची महिला से गाली गलौज व नाबालिग से आरोपियों ने अभद्रता की थी। मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पहले एनसीआर दर्ज की थी। अधिकारियों ने घटना को संज्ञान लेकर जानलेवा हमला व नाबालिग से अभद्रता के लिए पाक्सो की धाराएं बढ़ाने के निर्देश दिए थे। वहीं प्रभारी निरीक्षक कृष्ण गोपाल शर्मा का कहना है कि आरोपी आकाश और प्रिंस को गिरफ्तार किया गया है।

शाह टाइम्स

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

प्रवेश सिंह दतानियां

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शादी में जा रहे अलीगढ़ के युवकों को लाठी-डंडे से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** शादी समारोह में शामिल होने जा रहे अलीगढ़ के युवकों के साथ जेवर थाना क्षेत्र में दबंगों ने मारपीट कर दी। आरोपियों ने युवकों को उनकी कार से बाहर निकाला और लाठी-डंडों और लोहे की सरिया से पीटकर घायल कर दिया। शिकायत मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। अलीगढ़ के थाना टप्पल के गांव बिरजा नगला निवासी शिव सिंह ने पुलिस को बताया कि 9 मई को उनके गांव के विजय सिंह की बेटी की हरियाणा के गांव रसूलपुर में सगाई थी। समारोह में शामिल होने उनका बेटा ललित अपने गांव के दोस्त आशु, निखिल, बिट्टू और अनिकेत के साथ हरियाणा जा रहा था। सभी युवक अपनी कार से पलवल रोड पर गांव झुप्पा के सामने से गुजर रहे थे। यहां पर कार साइड देने को लेकर आगे जा रही स्विफ्ट कार चालक से उनका विवाद हो गया। विवाद होने पर कार चालक हरेंद्र भाटी ने अपने गांव से भजन लाल भाटी, कूड़े व अन्य अज्ञात लोगों को बुला लिया। इसके बाद आरोपियों ने उनके बेटे और उसके दोस्तों के साथ लाठी-डंडे से बुरी तरह से मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। घायल ललित को दिल्ली एम्स रेफर कर दिया गया है। जेवर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने भनौता में हटाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने अधिसूचित क्षेत्र भनौता की लगभग 40 हजार वर्ग मीटर जमीन पर अवैध निर्माण पर बुल्डोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया, जिसकी कीमत लगभग 80 करोड़ रुपये होने का आकलन है। प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर भूलेख और परियोजना विभाग की टीम ने यह कार्रवाई की है। परियोजना विभाग के वर्क सर्किल दो की तरफ से यह कार्रवाई की गई है। कॉलोनाइजर यहां प्लॉटिंग करने की कोशिश कर रहे थे।

ग्रेनो प्राधिकरण के एसीईओ सुमित यादव ने चेतावनी दी, कि अधिसूचित एरिया में अनुमति के बिना या फिर नक्शा पास कराए



बिना अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसीईओ ने जनमानस से अपील की है कि ग्रेटर नोएडा में कहीं भी जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण के भूलेख विभाग से संपर्क कर पूरी जानकारी जरूर प्राप्त कर लें। अवैध कॉलोनी में अपनी गाढ़ी कमाई न फंसाएं। प्राधिकरण के महाप्रबंधक एके सिंह ने बताया कि ग्राम भनौता के खसरा संख्या 132, 133 व 135 और आसपास की जमीन पर कॉलोनाइजर प्लॉटिंग की कोशिश कर रहे थे।

यह प्राधिकरण की अर्जित एवं अधिसूचित भूमि है। प्राधिकरण के वर्क सर्किल 2 के वरिष्ठ प्रबंधक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में प्रबंधक रोहित गुप्ता, प्रबंधक अभिषेक सिंह, सहायक प्रबंधक मनोज चौधरी व प्राधिकरण के सुरक्षाकर्मियों की टीम ने मंगलवार को यह कार्रवाई की। कार्रवाई लगभग दो घंटे चली। अधिकारियों ने दोबारा निर्माण करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।

# शिकायत लेकर आने वालों से करें मित्रवत् व्यवहारःसुकीर्ति माधव

■ पुलिस अधीक्षक ने किया अपराध गोष्ठी का आयोजन, दिए निर्देश



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** पुलिस अधीक्षक सुकीर्ति माधव द्वारा पुलिस लाइन में सैनिक सम्मेलन एवं अपराध समीक्षा गोष्ठी का आयोजन किया गया। सैनिक सम्मेलन के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगणों की समस्याओं को सुनकर उनके त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

इसके उपरांत आयोजित अपराध समीक्षा गोष्ठी में समस्त थाना प्रभारियों को जनपद में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, लंबित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण तथा गौकशी से संबंधित अभियोगों में शत-प्रतिशत गिरफ्तारी एवं प्रभावी निरोधात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही मादक पदार्थों एवं अवैध शराब के निष्कर्षण/विक्रय के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाकर कठोर कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान प्ैं० पोर्टल पर महिला एवं बाल यौन अपराधों से संबंधित लंबित अभियोगों, पीव. ीआर/एमवीआर/सीवीसी प्रार्थना पत्रों के निस्तारण तथा आईजीआरएस पोर्टल एवं शासन/मुख्यालय/ जोनल कार्यालय से प्राप्त जनशिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण की समीक्षा की गई। साथ ही जनपद में आगामी जनगणना- 2027 के दृष्टिगत पुलिस अधिकारियों को आवश्यक समन्वय एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु भी निर्देशित किया गया। समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में व्यापारियों एवं दुकानदारों के साथ संवाद स्थापित कर दुकानों पर लगे ब्ब्ज्ट कैमरों को 24ग्7 चालू अवस्था में रखने तथा वित्तीय संस्थानों एवं प्रमुख चौराहों पर ब्ब्ज्ट कैमरे स्थापित कराने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक पीलीभीत विक्रम दहिया, सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर नताश गोयल, समस्त क्षेत्राधिकारी, समस्त थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस पर सीएचसी पर नर्सों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मंगलवार को 'अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस' के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चिकित्साधीक्षक डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

डॉ. गुप्ता ने कहा कि चिकित्सक मरीज का उपचार करता है, लेकिन उसकी चौबीसों घंटे सेवा और देखभाल की जिम्मेदारी नर्सों पर होती है। उन्होंने नर्सों को स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उनके निस्वार्थ सेवा भाव, धैर्य और समर्पण की सराहना की। साथ ही फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान को याद करते हुए कहा कि नर्सें सेवा और मानवता की सच्ची प्रतिमूर्ति हैं। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल में बेहतर कार्यशैली और मरीजों के प्रति उत्कृष्ट सेवा भाव रखने वाली कई नर्सों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी स्टाफ सदस्यों ने अपने कर्तव्यों के प्रति ईमानदारी और सेवा भावना से कार्य करने की सामूहिक शपथ भी ली। बाद में नर्सिंग स्टाफ ने चिकित्सकों के साथ केक काटकर अंतरराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया। इस अवसर पर चिकित्सा क्षेत्र में नर्सों के सामने आने वाली चुनौतियों एवं उन्हें मिलने वाली सुविधाओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में स्टाफ नर्स साक्षी सक्सेना, सपना सक्सेना, प्रतीक्षा भारद्वाज, अमृता सिंह, सुकृति त्रिपाठी, पूजा, लता सक्सेना, साधना सिंह, नाजनीन, संगीता शाक्य, उर्मिला सहित अस्पताल का समस्त नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

## एक नजर

### दिव्यांग शिविर में 50 दिव्यांगों का हुआ पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

उपकरणों के लिए हुआ मूल्यांकन

**पूरनपुर।** विकासखंड पूरनपुर में 12 मई 2026 को दिव्यांगजन सशक्तिकरण को लेकर एक दिवसीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 50 दिव्यांगों ने पंजीकरण कराकर स्वास्थ्य परीक्षण और सहायक उपकरणों के लिए मूल्यांकन कराया।

शिविर में अटल हिंदू फाउंडेशन के प्रदेश सचिव तनु मिश्रा और जिला अध्यक्ष अजय प्रकाश पांडे विशेष रूप से मौजूद रहे। इसके साथ ही डीआरसी पीलीभीत से वीरेंद्र कुमार (ऑर्थो टेक्नीशियन), संजीव सागर (कार्यालय सहायक), उमा चरण (कार्यालय सहायक), दीपक वर्मा, शिवदयाल, हरिश्चंद्र सहित कई कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। शिविर में दिव्यांगों की शारीरिक जांच कर उनकी जरूरत के अनुसार ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, श्रवण यंत्र और अन्य सहायक उपकरणों के लिए आवेदन लिए गए। अधिकारियों ने बताया कि जांच के बाद पात्र दिव्यांगों को सरकारी योजनाओं के तहत निःशुल्क उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। कैंप में दिव्यांगों और उनके परिजनों के लिए बैठने और जलपान की व्यवस्था संतोषजनक रही। आयोजकों ने कहा कि दिव्यांगों को मुख्यधारा से जोड़ने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से ऐसे शिविर समय-समय पर लगाए जाते रहेंगे।

### बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण हेतु केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद ने पर्यटन मंत्री को लिखा पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** ग्राम महुआ गुन्दे निवासी एवं पूर्व मंडल महामंत्री भाजपा, जिला पंचायत प्रत्याशी वार्ड नंबर 8 अचलेन्द्र मिश्र 'अचल' के प्रयासों को बड़ी सफलता मिली है। केंद्रीय राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने उत्तर प्रदेश सरकार के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह को पत्र लिखकर ग्राम पंचायत हरिपुर ता० चांदूपुर स्थित बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण कराने का अनुरोध किया है।



पत्र में केंद्रीय मंत्री ने कहा है कि अचलेन्द्र मिश्र अचल द्वारा भेजे गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से मंदिर के विकास एवं सौंदर्यीकरण की मांग की गई थी। इस संबंध में उन्होंने पर्यटन विभाग को नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्रवासियों में इस पहल को लेकर खुशी का माहौल है। लोगों का कहना है कि मंदिर के सौंदर्यीकरण से धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान और मजबूत होगी। अचलेन्द्र मिश्र अचल ने केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद एवं प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबा त्रेतानाथ शिव मंदिर क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र है और इसके विकास से श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

### अनुबिस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में धूमधाम से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय नर्सेस डे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** अनुबिस इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज में अंतरराष्ट्रीय नर्सेस डे उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में नर्सिंग छात्रों एवं नर्सिंग स्टाफ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और स्वास्थ्य सेवाओं में नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सतेंद्र सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान प्रशासनिक अधिकारी गयाराम साहू एवं नर्सिंग कॉलेज के अंश कुमार भी विशेष रूप से मौजूद रहे।इस अवसर पर आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल के योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में छात्रों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, प्रेरणादायक भाषण एवं नर्सिंग सेवा के महत्व पर विचार साझा किए गए।मुख्य अतिथि सतेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि नर्सिंग सेवा मानवता की सच्ची मिसाल है। उन्होंने छात्रों को सेवा, समर्पण और करुणा की भावना के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए प्रेरित किया।अंत में कॉलेज प्रशासन ने सभी नर्सिंग छात्रों एवं स्टाफ को अंतरराष्ट्रीय नर्सेस डे की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### आंधी-तूफान का कहरः बिजली व्यवस्था ठप, मकानों को नुकसान पेड़ गिरने से यातायात बाधित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरगंज।** मंगलवार को आए तेज आंधी-तूफान ने क्षेत्र में भारी तबाही मचाई। कई स्थानों पर पेड़ टूटकर बिजली लाइनों पर गिर गए, जिससे विद्युत आपूर्ति घंटों बाधित रही। वहीं मकानों, ढाबों और वाहनों को भी नुकसान पहुंचा है। कई जगह सड़क मार्ग बाधित होने से जाम की स्थिति बनी रही।

मीरगंज में 33 केवीए लाइन पर पेड़ गिरने से नगरीय एवं ग्रामीण विद्युत उपकेंद्र ठप हो गए। सिंधौली चौराहे के पास हाईवे किनारे स्थित गंगवार ढाबा के कमरों की टीन की छतें तेज आंधी में उड़ गईं, जिससे वहां रखा सामान और फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो गया। ढाबा संचालक नीरज गंगवार ने बताया कि मलवा गिरने से मेज-कुर्सियों को भी नुकसान पहुंचा है।गांव लभेड़ा दुर्गा प्रसाद में कुंवरसेन के दो मंजिला मकान की टीन की छत आंधी में उड़कर करीब 100 मीटर दूर जा गिरी, जबकि मकान की दीवार भी ढह गई। वहीं चुरई दलपतपुर फ्लाईओवर के पास गौंटिया निवासी अनुदेशक सुनीता सिंह के घर पर लगे सोलर पैनलों में से दो पैनल तेज हवाओं में उड़ गए।नगरिया सादात क्रॉसिंग के पास पेड़ गिरने से बिजली लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। टीजीटू वाहिद हुसैन ने बताया कि मीरगंज से टोल प्लाजा तक मुख्य विद्युत लाइन पर करीब 100 पेड़ गिरे मिले। ग्रामीण उपकेंद्र के अवर अभियंता रामदेव वर्मा के अनुसार, आंधी के चलते कई लाइनें ब्रेकडाउन में चली गई थीं। टीम द्वारा पेट्रोलिंग और मरम्मत कार्य के बाद शाम करीब सात बजे मुख्य लाइन बहाल कर दी गई।

उधर, फतेहगंज पश्चिमी के शाही रोड पर तेज आंधी के दौरान बाइक अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई, जिससे लोधीनगर निवासी दीपक गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले गए।रहपुरा अंडरपास के पास भी पेड़ टूटकर 33/11 केवी विद्युत लाइन पर गिर गया, जिससे कस्बे समेत 36 गांवों और राजश्री मेडिकल कॉलेज की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। तूफान थमने के बाद एसडीओ अंकित द्विवेदी और जेई रमेश गौतम के नेतृत्व में विद्युत कर्मचारी मरम्मत कार्य में जुट गए, जिसके बाद शाम तक कस्बे की बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई।आंधी में कस्बा निवासी दीपक मिश्रा के मकान की टीन की छत उड़ गई, जबकि बंटी सिंह की दीवार गिर गई। राजश्री मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग में लगे शीशे टूटकर गिरने से एक एम्बुलेंस और चार कारें क्षतिग्रस्त हो गईं।विद्युत विभाग के अनुसार, तूफान में 11 हजार केवी लाइन के 18 खंभे और एलटी लाइन के 16 खंभे टूट गए। वहीं शाही रोड और भोजीपुरा-फतेहगंज मार्ग पर पेड़ गिरने से घंटों यातायात प्रभावित रहा और लोगों को जाम का सामना करना पड़ा।

# शादी की जिद को लेकर किशोरी ने पानी की टंकी पर चढ़ी

■ हाई वोल्टेज ड्रामे से मचा हड़कंप



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** थाना माधोटांडा क्षेत्र के ग्राम बांसखेड़ा में शादी की जिद को लेकर एक किशोरी पानी की टंकी पर चढ़ गई, जिससे गांव में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि किशोरी अपने प्रेमी से शादी करना चाहती थी, लेकिन युवक द्वारा इनकार किए जाने के बाद उसने यह कदम उठा लिया। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। परिजन काफी देर तक किशोरी को समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन वह नीचे उतरने को तैयार नहीं हुई। सूचना पर पहुंची माधोटांडा पुलिस ने हालात संभाले और समझा-बुझाकर किशोरी को सकुशल नीचे उतार लिया।

पुलिस के अनुसार, "सूचना पर तत्काल थाना माधोटांडा पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर किशोरी को सकुशल पानी की टंकी से नीचे उतार लिया गया है। परिजनों की उपस्थिति में उसे थाने लाकर काउंसलिंग की जा रही है। विधिक एवं आवश्यक कार्यवाही प्रचलित है।" घटना के दौरान गांव में काफी देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा और लोग टंकी के नीचे जमा होकर पूरे घटनाक्रम को देखते रहे।

# ग्रामीणों पर हुए अत्याचार को बिलकुल बर्दास्त नहीं किया जाएगा : मंजीत सिंह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की एक आवश्यक मीटिंग जिलाध्यक्ष सरदार मंजीत सिंह के आवास पर सम्पन्न हुई। पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने की तथा पंचायत का संचालन सर्वेश कुमार वर्मा ने किया।पंचायत को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि तहसील कलीनगर के ग्राम बूंदीभूड में पुलिस प्रशासन, आबक. ारी विभाग व प्रशासन ने उत्तर प्रदेश सरकार की छबि धूमिल कर निर्दोष लाचार बेबस ग्रामीणों महिलाओओं पर जो लाठी चार्ज किया है सहन करने योग्य नही है।बहुत ही निंदनीय कार्य किया है। अत्याचार किया है।

जिला प्रशासन पीलीभीत के उच्च अघिकारियों को बूंदीभूड के ग्राम वासियों द्वारा शराब भट्टी गाँव में स्थापित होने की जानकारी होने पर समस्त गाँव के लोगों ने एकमत सहमत होकर कई बार लिखित व मौखिक रूप से गाँव में शराब भट्टी न खोलने की लिखित पत्र देकर गुहार जिले के उच्च अघिकारियों से लगाई थी लेकिन जिले के उच्च अधिकारियों ने बिल्कुल भी संज्ञान नही लिया।ग्रामीण लगातार विरोध प्रदर्शन कर शराब की दुकान का विरोध कर रहे थे। लेकिन इसके बावजूद भी जिला प्रशासन शराब की दुकान जबरदस्ती गाँव में खोलने को उतावला था। लाचार बेवस गाँव के लोगों को शराब की लत में धकेलने का हरसंभव प्रयास कर महिलाओं पर लाठीचार्ज तक फोर्स भेज कर करवा दिया जो कि एक बहुत ही निंदनीय है।गाँव बूंदीभूड में ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।इससे प्रतीत होता है कि गाँव के लोगों को शिक्षा,स्वास्थ्य व रोजगार, सड़क न देकर युवाओं का भविष्य अन्धकार में डूबने की मंशा जाहिर हो रही है गाँव की जनता को शराब माफियाओं की सह पर जबरदस्ती नशे की ओर धकेलने का काम हो रहा है।जो कि बिल्कुल बर्दाश्त करने योग्य नही है।साथ ही जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि सभी बूंदीभूड के निर्दोष ग्रामीणों पर पुलिस द्वारा दर्ज फर्जी मुकदमों को तत्काल निरस्त किया जाये व गाँव की निर्दोष महिलाओं पर लाठीचार्ज के समय मौजूद पुलिस अधिकारी, आबकारी विभाग के अधिकारी,व कलीनगर तहसील के तहसीलदार के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाये व पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच करा कर दोषियों को जिन्होंने शांत माहोल को बेवजह खराब करने का प्रयास किया।

साथ ही जिलाध्यक्ष सिंह ने संगठन की तरफ से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन पूरनपुर के न्यायिक उपजिलाधिकारी हेमंत चौधरी को सौंप कर बूंदीभूड के ग्रामीण महिलाओं के साथ लाठीचार्ज कर घायल करने पर जांच करने की मांग प्रमुखता से उठायी है।साथ ही जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह ने कहा कि जब तक बूंदीभूड के ग्रामीणों पर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमें समाप्त नही होगें तब तक संगठन कन्धे से कन्धा मिला कर बूंदीभूड के गाँव वासियों के साथ खड़ा है तथा जरूरत पड़ी तो जिलाधिकारी के कार्यालय पर बड़ा आन्दोलन किया जाएगा किसी भी कीमत पर ग्रामीणों के साथ अत्याचार नही होने दिया जायेगा।

पंचायत में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष मंजीत सिंह, सर्वेश कुमार वर्मा, बालकराम बर्मा, सुरेंद्रपाल ,बलजीत सिंह चीमा,निर्मल सिंह, शमीम अली उर्फ सोनू,रामरतन पासवान आदि थे।

# भाकियू (टिकैत) ने प्रधानमंत्री आवासों में भ्रष्टाचार के लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) जनपद पीलीभीत द्वारा बरेली मंडल आयुक्त एवं जिलाधिकारी को एक शिकायत पत्र सौंपकर नगर पंचायत पकड़िया नौगवां में प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों में गंभीर अनियमितताओं की जांच कराने की मांग की गई।

जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शर्मा के नेतृत्व में दिए गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत के कुछ कर्मचारियों एवं संबंधित लोगों द्वारा पात्रता की अनदेखी करते हुए अपात्र लोगों को योजना का लाभ दिलाया जा रहा है। शिकायत में यह भी कहा गया कि बिना स्थलीय सत्यापन के लाभार्थियों का चयन किया गया तथा कई ऐसे लोगों के नाम सूची में शामिल किए गए हैं जिनके पहले से पक्के मकान बने हुए हैं। भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने मांग की है कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। संगठन का कहना है कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक गरीब और पात्र लोगों तक ही पहुंचना चाहिए।भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) किसानों, मजदूरों और गरीब वर्ग के हितों के लिए लगातार संघर्ष करती रहेगी तथा किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार और अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# महेश नवमी महोत्सव की तैयारियां शुरू, दीपक चुने गए अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** महेश नवमी महोत्सव 2026 की तैयारियों को लेकर माहेश्वरी धर्मशाला में सोमवार की शाम नगर के माहेश्वरी समाज की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में समाज के अनेक गणमान्य बंधुओं ने सहभागिता करते हुए आगामी महोत्सव की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में सर्वसम्मति से दीपक माहेश्वरी उर्फ बाबा को महेश नवमी महोत्सव 2026 का अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन पर उपस्थित समाजबंधुओं ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर राकेश माहेश्व. री, मुकुल मालपानी, आदित्य माहेश्वरी , हर्षित सोमानी, अवधेश लड्ढा, अखिल मालपाणी, प्रफुल्ल मालपाणी सहित समाज के कई सदस्य मौजूद रहे। बैठक में निर्णय लिया गया कि युवा टीम के सहयोग से इस वर्ष महेश नवमी महोत्सव को बड़े उत्साह, भव्यता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया जाएगा। समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि महेश नवमी महोत्सव समाज की एकता, संस्कृति और परंपराओं का प्रतीक है।

# गांधी प्रेक्षागृह में पाठशाला कार्यक्रम का किया गया आयोजन

■ स्कूली बच्चों से जिलाधिकारी ने किया संवाद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** महिला कल्याण विभाग पीलीभीत द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ स्टेचू का अनावरण जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह द्वारा गांधी स्टेडियम पीलीभीत में किया गया। साथ ही समस्त तहसीलों, विकास खण्डों, विकास भवन, कलेक्ट्रेट, सिविल कोर्ट व अन्य सरकारी कार्यालयों हेतु बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ लोगों युक्त बेंचों को रवाना किया गया। तत्पश्चात मां शारदे के सामने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

बरहा कंपोजिट विद्यालय की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी की पाठशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिला प्रोबेशन अधिकारी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का उद्देश्य बताया गया। कार्यक्रम में अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज, कंपोजिट विद्यालय बरहा, आर्य कन्या इंटर कॉलेज, कस्तूरबा विद्यालय मरौरी विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही। जिनके द्वारा उपस्थित अधिकारियों से सीधा संवाद किया गया और अनेक प्रश्नों को पूछ कर अपनी जिज्ञासा को व्यक्त किया गया।

इसी क्रम में सोनी कक्षा (10) अवंती बाई बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा द्वारा प्रश्न किया गया कि कन्या भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीति के कारण बेटियां स्कूल नहीं जा पा रही हैं इसका समाधान कैसे किया जा सकता है। जिसके जवाब में मुख्य मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पीसीपीएनडीटी एक्ट पर विस्तार पूर्वक प्रकाश डाला गया। कंपोजिट विद्यालय की छात्रा नैना कक्षा 6 द्वारा पूछा गया कि पुलिस बनने के लिए मुझे क्या करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित अपर पुलिस अधीक्षक नताशा गोयल द्वारा यूपीएससी की तैयारी के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया है। इसी क्रम में अनेक विद्यालयों की छात्रोंओ द्वारा अनेक प्रश्नों को पूछा गया। जिनका उत्तर जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक महोदया नताशा गोयल एवं मुख्य विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सिटी मजिस्ट्रेट, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, एनआरएलएम, जिला प्रोबेशन अधिकारीय, क्रीड़ा अधिकारी आदि द्वारा संतोष जनक उत्तर दिए गए।

इसी क्रम में विकास भवन पीलीभीत में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ गलियारा का उद्घाटन जिलाधिकारी द्वारा किया गया जिसमें अनेक सामा. जिक कुरीतियां जैसे बाल विवाह, महिला सशक्तिकरण महिला शिक्षा अनेक विषयों पर वॉल पेंटिंग कराई गई है।

# क्रिकेट व खो-खो प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** बेन-हर पब्लिक स्कूल के प्रांगण में क्रिकेट व खो-खो प्रतियोगिता संपन्न हुई। खेल का आयोजन एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या करिश्मा सैहमी मैनेजिंग डायरेक्टर परविंदर सिंह सहमी, मैनेजमेंट ट्रस्टी गुरदित्त सिंह सैहमी, एक्टिविटीज इंचार्ज रोशनी बग्गा, प्राइमरी विंग हेडमिस्ट्रेस रचना वाधवा ने मैचेज के पूर्व खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया और अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

खेल शिक्षक देव सिंह, त्रिलोक चंद्र, अमन सिंह, राजेंद्र मौर्य ने मैच रेफरी का दायित्व संभाला। प्राइमरी विंग हाउस इंचार्जेज प्राइमरी विंग अनु गौड़, सारा शर्मा, अनुराधा गंग. वार, सौम्या गुप्ता, शफीक अहमद और नदीम ताहिर अन्य शिक्षक खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन प्रतियोगिता स्थल पर मौजूद रहे। खो-खो प्रतियोगिता का पहला मैच अरावली हाउस हिमालया हाउस के बीच हुआ। जिसको हिमालया हाउस ने 5-2 के अंको से जीत हासिल की। दूसरे मैच सतपुरा और विंध्या हाउस के बीच हुआ।जिसको विंध्या हाउस ने 5-1अंको से जीत हासिल की। तीसरे स्थान के लिए मैच सतपुरा और अरावली हाउस के बीच हुआ जिसको अरावली हाउस ने 03 अंको से जीत हांसिल की। फाइनल मैच हिमालया हाउस और विंध्या हाउस के बीच खेला गया। जिसमे विंध्या हाउस ने 06-01 अंको से जीत हासिल की। इस प्रकार टूर्नामेंट में विंध्या हाउस प्रथम, हिमालया हाउस द्वितीय, अरावली हाउस तृतीय स्थान पर रहा। कक्षा चार एवं पांच की क्रिकेट प्रतियोगिता का पहला मैच विंध्या हाउस और अरावली हाउस के बीच हुआ। जिसमें अरावली हाउस ने 6 विकेट से विजय प्राप्त की।

दूसरे मैच में सतपुरा हाउस ने हिमालया को 20 रनो से हराया। दीपक ने सर्वाधिक 38 रन बनये। तीसरे स्थान के लिए मैच विंध्या हाउस और हिमालया हाउस के बीच मुकाबला हुआ जिसमें अच्छे प्रदर्शन के आधार पर विंध्या हाउस ने मुक. ाबला जीता।

फाइनल मुकाबले में अरावली हाउस और सतपुरा हाउस के बीच खेला गया जिसको सतपुरा ने 98 रनो से फाइनल मैच जीत लिया। इस प्रकार टूर्नामेंट में सतपुरा हाउस प्रथम, अरावली हाउस द्वितीय विंध्या हाउस तृतीय स्थान पर रहा। सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में सतपुरा हाउस के जैद ने 4 विकेट लिए व लक्ष्य ने सर्वाधिक 20 रन बनाये।

# तेज आंधी से पेड़ गिरा, बिजली पोल टूटा, यातायात हुआ बाधित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार सुबह करीब 10 बजे तेज आंधी चलने से जनजीवन प्रभावित हो गया। आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ टूटकर गिर पड़े। रफीनगर से खितौरा जाने वाले मार्ग पर एक पुराना पेड़ सड़क पर गिर जाने से काफी देर तक आवागमन बाधित रहा। पेड़ गिरने की चपेट में आने से बिजली का पोल और विद्युत लाइनें भी क्षतिग्रस्त हो गईं, जिसके कारण इलाके की बिजली आपूर्ति ठप हो गई।

मार्ग से गुजर रहे लोगों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचना दी, जिसके बाद एहतियातन बिजली सप्लाई बंद कराई गई। स्थानीय लोगों ने मौके पर एकत्र होकर काफी मशक्कत के बाद गिरे हुए पेड़ को सड़क से हटाया, तब जाकर यातायात सुचारु हो सका।

स्थानीय निवासी राकेश यादव ने बताया कि तेज आंधी के कारण रफीनगर के पास खितौरा रोड पर पेड़ गिरने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा और लंबे समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। आंधी के बाद मौसम में अचानक बदलाव देखने को मिला। तापमान में गिरावट दर्ज होने से लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली।

# GT ने SRH को 169 रन का टारगेट दिया

**साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए, वाशिंगटन सुंदर ने 33 बाल पर 50 रन की पारी खेली, प्रफुल और साकिब ने 2-2 विकेट लिए**



**अहमदाबाद, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने आाईपीएल 2026 के 56वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को 169 रन का टारगेट दिया है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर बालिंग चुनी। गुजरात ने 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 168 रन बनाए।

साई सुदर्शन ने सबसे ज्यादा 61 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने 33 बाल पर 50 रन की पारी खेली। हैदराबाद के लिए प्रफुल हिंगे और साकिब हुसैन ने 2-2 विकेट लिए। उनके अलावा पैट कमिंस को एक विकेट मिला। गुजरात टाइटंस ने आखिरी ओवर में 10 रन जोड़कर 5 विकेट पर 168 रन बनाए। वाशिंगटन सुंदर ने 32 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया, लेकिन अगली ही गेंद पर आउट हो गए। साकिब हुसैन की आफ-पेस गेंद पर सुंदर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन गेंद हवा में ऊंची चली गई। विकेटकीपर ईशान किशन ने दौड़ते हुए शानदार डाइविंग कैच पकड़ा। आखिरी गेंद पर राहुल तेवतिया ने चौका लगाकर टीम को 168 रन तक पहुंचाया। शुरुआती झटकों के बाद साई सुदर्शन और सुंदर ने पारी संभाली। सुदर्शन ने 61 रन की अहम पारी खेली। सुंदर ने 33 गेंदों में 50 रन बनाए, जिसमें 7 चौके और 1 छक्का शामिल रहा। 19वें ओवर में वाशिंगटन सुंदर ने 18 रन बटोरे। उन्होंने ओवर में दो चौके और एक शानदार छक्का लगाया।

सुंदर ने लगभग यार्कर गेंद को फाइन लेग के ऊपर से लैप कर चौका बटोरा, जबकि आखिरी गेंद पर दमदार सिक्स जड़ दिया। इससे पहले उन्होंने शार्ट गेंद पर पुल शाट खेलकर भी बाउंड्री हासिल की। इस ओवर के बाद गुजरात टाइटंस का स्कोर 19 ओवर में 158/4 पहुंच गया। प्रफुल हिंगे ने 18वें ओवर में शानदार गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 7 रन दिए। उन्होंने जेसन होल्डर और वाशिंगटन सुंदर को बड़े शाट खेलने का मौका नहीं दिया। हिंगे ने लगातार यार्कर और हार्ड लेंथ गेंदों से बल्लेबाजों पर दबाव बनाए रखा। सुंदर ने जरूर पाइंट के जरिए चौका निकाला, लेकिन बाकी गेंदों पर गुजरात खुलकर रन नहीं बना सका। 18 ओवर के बाद गुजरात का स्कोर 140/4 पहुंचा। 17वें ओवर में साई सुदर्शन तेज रन बनाने के प्रयास में अपना विकेट गंवा बैठे। साकिब हुसैन की यार्कर गेंद पर उन्होंने रिवर्स लैप खेलने की कोशिश की, लेकिन सही पोजिशन में नहीं आ सके।

गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आई और शार्ट थर्ड पर खड़े प्रफुल हिंगे के हाथों में चली गई। हिंगे ने थोड़ा असहज अंदाज में कैच जरूर पकड़ा, लेकिन मौका नहीं गंवाया। सुदर्शन 44 गेंदों में 61 रन बनाकर आउट हुए। उनकी पारी में 5 चौके और 2 छक्के शामिल रहे। सुदर्शन आईपीएल 2026 में 500 रन बनाने वाले पहले बैटर बने। उन्होंने लगातार तीसरी फिफ्टी लगाई। 14वें ओवर में साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चौके के साथ अपना अर्धशतक पूरा किया।

## अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना



**धर्मशाला, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के कप्तान अक्षर पटेल पर धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। दिल्ली की टीम ने धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में पंजाब किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 55वें मैच के दौरान ने धीमी ओवर गति बनाए रखी। चूंकि आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-22 के तहत, जो न्यूनतम ओवर गति से जुड़े अपराधों से संबंधित है, यह इस सीजन में उनकी टीम का पहला अपराध था, इसलिए अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। डीसी ने अक्षर पटेल (56) और डेविड मिलर (51) की विस्फोटक अर्धशतकीय पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स को छह गेंदें शो रहते तीन विकेट से हराकर अपनी प्लेऑफ की उम्मीद को जिदा रखा। पंजाब किंग्स की यह लगातार चौथी हार है।

### खेल विशेष

### शबनीम इस्माइल ने रिटायरमेंट बदला

**जोहानसबर्ग, वार्ता।** अनुभवी तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट के लगभग तीन साल बाद, इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यों वाली टीम में शामिल किया गया है। 37 साल की यह खिलाड़ी 113 टी-20 कैप और रिकॉर्ड 123 विकेट के साथ टीम में वापस आई हैं। लॉरा वोल्वार्ट की लीडरशिप में दक्षिण अफ्रीका ने चोट के बाद मारिजैन कैप और डेन वैन नीकर्क का भी स्वागत किया है, जबकि विकेट कीपर-बल्लेबाज कराबो मेसो कलाई की चोट से उबर चुकी हैं, जिसकी वजह से वह हाल ही में भारत के साथ हुई सीरीज से बाहर हो गई थीं। कायला रेनेके को एक मजबूत इंटरनेशनल सीजन के बाद अपना पहला सीनियर वर्ल्ड कप कॉल-अप मिला।

### मैं सौ प्रतिशत गेंदबाज और सौ प्रतिशत बल्लेबाज हूं: माधव

**धर्मशाला, वार्ता।** माधव तिवारी ने आईपीएल 2026 के अपने पहले मैच और लीग में कुल मिलाकर अपने दूसरे आधिकारिक मैच में गेंद और बल्ले दोनों से असर छोड़ा। पंजाब किंग्स के खिलाफ उनके प्रदर्शन ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) की प्लेऑफ की बची-खुची उम्मीदों को जदिा रखा और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का अवॉर्ड भी मिला। 22 साल के इस ऑलराउंडर ने कहा कि वह नेट्स में लगातार अपने स्किल को निखार रहे थे ताकि जरूरत पड़ने पर टीम के लिए योगदान दे सकें। दरअसल, उन्होंने पिछले मई में भी पंजाब किंग्स के खिलाफ डेब्यू किया था, लेकिन उस समय भारत और पाकिस्तान के बीच सीमापार तनाव के कारण मैच पहली पारी के बीच में ही रद्द कर दिया गया था और बाद में दोबारा खेला गया। उस मैच में तिवारी ने सिर्फ एक ओवर गेंदबाजी की थी और 14 रन दिए थे, जबकि दोबारा हुए मैच में उन्हें टीम में जगह नहीं मिली। तिवारी ने कहा, सबसे पहले मैं टीम प्रबंधन का शुक्रिया अदा करना चाहूंगा कि उन्होंने मुझे यह मौका दिया और मैं खुशकस्मित हूं कि टीम की जीत में योगदान दे पाया।

### ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी माल एंडरसन का निधन

**सिडनी, वार्ता।** टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने सोमवार को बताया कि ऑस्ट्रेलिया के महान टेनिस खिलाड़ी माल एंडरसन का 91 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह यूएस चैंपियनशिप (जिसे अब यूएस ओपन कहा जाता है) जीतने वाले पहले गैर-वरीयता प्राप्त खिलाड़ी थे। एंडरसन ऑस्ट्रेलिया के युद्ध के बाद के स्वर्णिम युग का हिस्सा थे, उन्होंने 1957 में यूएस चैंपियनशिप का एकल खिताब और तीन प्रमुख युगल खिताब जीते थे। उन्होंने 1957 और 1973 में ऑस्ट्रेलिया को डेविस कप जिताने में भी मदद की थी।

## टिम डेविड पर मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना



**रायपुर, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के ऑलराउंडर टिम डेविड पर आईपीएल की खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के लिए बनी आचार सं.हता के लेवल 1 का उल्लंघन करने के लिए उनकी मैच फीस का 30 फीसदी जुर्माना लगाया गया है और साथ ही उन्हें दो डिमेरिट पॉइंट भी दिए गए हैं। टिम को आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2-6 का उल्लंघन करते हुए पाया गया, जो ऐसे हावभाव का इस्तेमाल करने से संबंधित है जो अश्लील, आपत्तिजनक या अपमानजनक हों। टिम ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया और मैच रेफरी अमित शर्मा द्वारा दी गई सजा को मान लिया। आरसीबी ने इस मुकाबले में भुवनेश्वर कुमार (चार विकेट/ नाबाद सात रन) और क्रुणाल पांड्या (73) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत रविवार को आईपीएल 2026 के 54वें मुक. ाबले में आखिरी गेंद पर मुम्बई इंडियंस को दो विकेट से शिकस्त दी।

## प्लेऑफ में जगह पक्की करने उतरेगी RCB



**रायपुर, वार्ता।** प्लेऑफ का रास्ता अब मुश्किल होता जा रहा है, दबाव बढ़ता जा रहा है, और रायपुर की तेज गर्मी में, दो ऐसी टीमें जिनकी अब तक की यात्रा बिल्कुल अलग रही है, एक ऐसी टक्कर के लिए तैयार हैं जो इंडियन प्रीमियर लीग में उनके पूरे सीजन का भविय तय कर सकती है। डिफेंडिग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, आईपीएल 2026 के ज्यादातर हिस्से में एक ऐसी टीम की तरह दिखी है जो पूरी तरह से नियंत्रण में है।

शांत, संयमित और खतरनाक, उन्होंने 11 मैचों में सात जीत के साथ धीरे-धीरे अपनी लय बनाई है और अब वे एक और बार प्लेऑफ में पहुंचने की कगार पर खड़े हैं। लेकिन उनके सामने एक ऐसी टीम आ रही है जिसने ठीक सही समय पर अपना खोया हुआ आत्मविश्वास फिर से पा लिया है-एक नई ऊर्जा से भरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम, जिसने खुद को टूर्नामेंट से बाहर होने के कगार से खींचकर वापस मुक. ाबले में ला खड़ा किया है। जब बुधवार की रात ए दोनों टीमें शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में मैदान पर उतरेंगी, तो दांव पर सिर्फ दो अंक ही नहीं होंगे। बल्कि दांव पर होगी टीम की लय, आत्मविश्वास और शायद पूरे अभियान की दिशा। आरसीबी का यह सीजन एक बार फिर विराट कोहली की मौजूदगी से ही आगे बढ़ा है। हो सकता है कि अब वह अकेले ही टीम का सारा बोझ न उठाते हों, लेकिन वह अब भी इस बेंगलुरु टीम की भावनात्मक धड़कन बने हुए हैं। उनके बनाए 379 रन पूरी दबंगई और इरादे के साथ आए हैं, उन्होंने पारी की शुरुआत में ही टीम के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है, जिससे उनके आस-पास के दूसरे खिलाड़ियों को भी खुलकर खेलने का मौका मिला है। कप्तान रजत पाटीदार ने पारी के बीच के ओवरों में निडरता का परिचय दिया है, वह क्रीज पर आते ही गेंदबाजों पर हमला बोल देते हैं। फिर टीम के पास टिम डेविड जैसा 'फिनिशर' भी है, जिसने पारी के आखिरी ओवरों को विपक्षी गेंदबाजों के लिए पूरी तरह से अफरा-तफरी और मुश्किलों से भरे पलों में बदल दिया है। और जब पिछले मैच में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हालात मुश्किल हो गए थे, तो क्रुणाल पांड्या ही थे जिन्होंने एक ऐसी जुझारू और दमदार पारी खेली, जिसकी जरूरत अक्सर चैंपियन टीमों को होती है। मांसपेशियों में खिचाव, दबाव और लड़खड़ाती हुई रन-चेज जैसी तमाम मुश्किलों से जूझते हुए, उन्होंने 46 गेंदों में 73 रनों की एक शानदार पारी खेलकर आरसीबी को जीत दिलाई। गेंदबाजी के मोर्चे पर, हमेशा की तरह बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले भुवनेश्वर कुमार ने एक बार फिर अपने पुराने दिनों की याद ताजा कर दी है।

## ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर पहुंचे केएल राहुल



**धर्मशाला, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल आईपीएल में सर्वाधिक रनों के लिए ऑरेंज कैप की रेस में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। ऑरेंज कैप लीडरबोर्ड दिल्ली कैपिटल्स ने पंजाब किंग्स के खिलाफ सोमवार को बेहद जरूरी जीत दर्ज की, जिससे प्लेऑफ में पहुंचने की उनकी उम्मीदें जदिा रहीं।

हालांकि 211 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए केएल राहुल वैसा योगदान नहीं दे पाए, जैसा वह चाहते थे। लेकिन 8 गेंदों पर 9 रन बनाकर वह इस सीजन के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में नंबर 3 से नंबर 2 पर पहुंच गए। उन्होंने अब तक 12 पारियों में 177-98 के स्ट्राइक रेट से 477 रन बनाए हैं। मंगलवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) का मुकाबला गुजरात टाइटंस (जीटी) से है, इसलिए राहुल की यह पोजशिन सुरक्षित नहीं है। अभिोक शर्मा (475) और उनके सबसे पुराने व अच्छे दोस्त शुभमन गिल (462) उनके बेहद करीब हैं। वहीं हेनरिक क्लासेन 11 पारियों में 157-32 के स्ट्राइक रेट से 494 रन बनाकर शीर्ष पर हैं। उनके पास भी अपनी बढ़त को और मजबूत करने का मौका है। पर्पल कैप लीडरबोर्ड 2016 और 2017 में लगातार दो बार पर्पल कैप जीतने वाले भुवनेश्वर कुमार ने साफ कर दिया है।

## गेंदबाजी और फील्डिंग ने हमसे मैच छीन लिया: श्रेयस अय्यर




**धर्मशाला, वार्ता।** पंजाब किंग्स की लगातार चौथी हार के बाद कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि सोमवार को उनकी गेंदबाजी और फील्डिग ने टीम को मैच हराया, क्योंकि बल्लेबाजी में उन्होंने 5 विकेट पर 210 रन बनाए थे। पंजाब के क्षेत्ररक्षकों ने दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के बल्लेबाजों के दो कैच छोड़े। वे इस सीजन में अब तक कुल 19 कैच छोड़ चुके हैं, जो किसी भी टीम से सबसे ज्यादा हैं।

अय्यर ने कहा, मैं बात घुमाऊंगा नहीं। मैं यही कहूंगा कि फिर से फील्डिग और गेंदबाजी के कारण हम मैच में पीछे गए। इस विकेट पर, जहां गेंद सीम कर रही थी और उछाल अलग-अलग थी, हमने कम से कम 30 रन ज्यादा बनाए थे। जब उनसे पूछा गया कि आईपीएल इतिहास के सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज युजवेंद्र चहल ने पंजाब की गेंदबा. जी में एक भी गेंद क्यों नहीं डाली, तो अय्यर ने कहा: उन्हें गेंद देने का बिल्कुल विचार था, लेकिन जिस तरह गेंद सीम कर रही थी और तेज गेंदबाजों को मदद मिल रही थी, तो हमें लगा कि अगर हम अपनी लाइन और लेंथ पा लें, तो विकेट निकाल सकते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से हम ऐसा नहीं कर पाए। उन्होंने कहा कि मैं कोई बहाना नहीं देना चाहता इसलिए यह कहूंगा कि फील्डिग और गेंदबाजी एक बार फिर हार का कारण रही। स्कोर बहुत अच्छा था और मुझे लगा कि हमने 30 रन अधिक बनाए थे क्योंकि परिस्थितियां कठिन थी और गेंद सीम कर रही थी।

चहल से गेंदबाजी कराना मन में था लेकिन जिस तरह से गेंद सीम कर रही थी और मूव कर रही थी उसे देखते हुए मैंने तेज गेंदबा. जों से गेंदबाजी कराने का फैसला किया लेकिन हम विकेट हासिल नहीं कर पाए। दिल्ली कैपिटल्स के सामने 211 का लक्ष्य भी था। पावरप्ले में ही दिल्ली कैपिटल्स ने तीन विकेट गंवा दिए थे और ट्रिस्टन स्टब्स दुर्भाग्यपूर्ण ढंग से रन आउट भी हो गए थे।

## नीरज चोपड़ा की वापसी में देरी

**सचिन यादव रोम में डायमंड लीग में डेब्यू की तैयारी में**



**रोम, वार्ता।** भारतीय भाला फेंक खिलाड़ी सचिन यादव 4 जून को प्रतिठित एथलेटिक्स सीरीज के रोम चरण में डायमंड लीग में अपना डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। खास बात यह है कि इस मीट की एंट्री लिस्ट में ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा का नाम शामिल नहीं है। नीरज चोपड़ा, जो इस समय तुर्की में ट्रेनिग और रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने का इलाज) कर रहे हैं, उन्होंने अभी तक अपना 2026 एथलेटिक्स सीजन शुरू नहीं किया है।

उन्हें आखिरी बार सितम्बर में टोक्यो में हुई विश्व चैंपियनशिप में एक्शन में देखा गया था, जहां उन्होंने पीठ की चोट के बावजूद मुकाबला किया था और निराशा. जनक रूप से आठवें स्थान पर रहे थे। नीरज की गैरमौजूदगी में, रोम में सभी की नजरें सचिन यादव पर होंगी, जिन्हें पुरुों की भाला फेंक प्रतियोगिता के लिए आठ प्रतिस्पर्धियों में शामिल किया गया है। 26 वीर्य सचिन पिछले साल विश्व चैंपियनशिप में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद पहली बार किसी अंतर्राष्ट्रीय इवेंट में हिस्सा लेंगे। वह फाइनल में 86-27मी के अपने सर्वश्रेठ थ्रो के साथ चौथे स्थान पर रहे थे और पदक जीतने से बाल-बाल चूक गए थे। उन्होंने पिछले साल एशियाई चैंपियनशिप में भी रजत पदक जीता था। रोम 2026 डायमंड लीग में सचिन का मुकाबला कई दिग्गज खिलाड़ियों से होगा, जिनमें ग्रेनाडा के पूर्व विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स, जर्मनी के जूलियन वेबर, रियो 2016 के चैंपियन जर्मनी के थॉमस रोहलर और टोक्यो 2020 के रजत पदक विजेता चेकिया के याकूब वाडलेज शामिल हैं। अमे. रिका के कर्टिस थॉम्पसन, पोलैंड के डेविड वेगनर और श्रीलंका के रुमेश थरंगा पथिरगे - जो इस समय दुनिया के शीर्ा खिलाड़ी हैं भी इस मुकाबले में शामिल होंगे। सचिन यादव ने अप्रैल में नई दिल्ली में हुई इंडियन एथलेटिक्स सीरीज मीट के साथ घरेलू सर्किट पर अपना 2026 सीजन पहले ही शुरू कर दिया है।

## यूरोपियन टी-20 प्रीमियर लीग में डबलिन गार्डियंस के मालिक बने राहुल द्रविड़

**डबलिन, वार्ता।** पूर्व भारतीय कप्तान और टी-20 विश्व कप विजेता कोच राहुल द्रविड़ को यूरो. पियन टी-20 लीग (ईटीपीएल) की टीम डबलिन गार्डियंस का मालिक घोित किया गया है।

यह ईटीपीएल की छह टीमों में से एक है, जो अगस्त 2026 में शुरू होने वाली छह टीमों की लीग में हिस्सा लेगी। क्रिकेट आयरलैंड, क्रिकेट स्कॉटलैंड और रॉयल डच क्रिकेट एसोसिएशन के साथ साझेदारी में शुरू की गई इस लीग में डबलिन, बेलफास्ट, एडिनबर्ग, ग्लासगो, रोटर्डम और एम्स्टर्डम की टीमें शामिल हैं। यह यूरोप की पहली आईसीसी -मान्यता प्राप्त बहु-देशीय फ्रेंचाइजी टी-20 लीग भी है।

द्रविड़ ने एक बयान में कहा कि ईटीपीएल की जो बात मुझे सबसे ज्यादा आकर्ीत कर गई, वह इसका बड़ा विजन था। इस लीग से आयरलैंड और पूरे यूरोप में ग्रासरूट डेवलपमेंट को मजबूत करके, उभरते हुए खिलाड़ियों के लिए रास्ता बनाकर क्रिकेट को आगे बढ़ाने का मौका है। डबलिन में पहले से ही क्रिकेट को लेकर जुनूनी समुदाय है और यहां विकास की काफी संभावनाएं हैं। अगली पीढ़ी को तैयार करना हमेशा मेरे लिए अहम रहा है और मुझे लगता है कि ईटीपीएल इस सफर में अहम भूमिका निभा सकती है। बॉलीवुड स्टार अभिोक बच्चन की सह-मालिकाना वाली इस लीग में कई पूर्व और मौजूदा अंतर्राट्रीय क्रिकेटरों की टीमें शामिल हैं, जिसमें ग्लेन मैक्सवेल (आयरिश वुल्व्स के सहमालिक), स्टीव वॉ (एम्स्टर्डम फ्लेम्स के सहमा. लिक), नेथन मैकुलम -काइल मिल्स (एडिनबर्ग कैसल रॉकर्स के मालिक), क्रिस गेल (ग्लासगो कॉस्मिक के सहमालिक) और जोंटी रोड्स-फाफ डु प्लेसी-हेनरिक क्लासेन (रोटर्डम डॉकर्स के मालिक) प्रमुख नाम हैं। डु प्लेसी और मैक्सवेल तो इस लीग में खेलते भी नजर आएंगे।

# फिर पेपर लीक

3 मई 2026 को आयोजित की गई नीट यूजी परीक्षा को नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने पेपर लीक के पुख्ता सबूत मिलने के बाद 12 मई 2026 को रद्द कर दिया है। यह निर्णय न केवल 22 लाख से अधिक उम्मीदवारों के लिए एक बड़ा झटका है, बल्कि देश की सबसे प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं में से एक की विश्वसनीयता पर भी गंभीर सवाल उठाता है। उधर, पेपर लीक के आरोपों के बीच नीट परीक्षा रद्द होने पर नाराजगी सामने आने लगी है। एक तरफ तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री स्टालिन ने इसे स्कैम बता डाला है। वहीं, राहुल गांधी ने भी इसको लेकर नाराजगी जताई है। राहुल गांधी ने फेसबुक पोस्ट में लिखा है कि नीट का पेपर लीक सिर्फ नाकामी नहीं, बल्कि युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। स्टालिन ने यह भी सुझाव दे डाला है कि 12वीं के नंबरों के आधार पर एमबीबीएस में एडमिशन दिया जाए। एक्स पर लिखी एक पोस्ट में स्टालिन ने कहा कि इस साल एक बार फिर नीट परीक्षा में अनियमितता देखने को मिली है। इसके चलते परीक्षा रद्द हुई और लाखों परीक्षार्थियों को मानसिक तनाव से गुजरना पड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि परीक्षा के हर चरण में धांधली हुई है। वहीं, राहुल गांधी ने लिखा कि नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। किसी पिता ने कर्ज लिया, किसी मां ने गहने बेचे। लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला, पेपर लीक। कांग्रेस सांसद ने लिखा कि सरकारी लापरवाही और शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। यह सिर्फ नाकामी नहीं, युवाओं के भविष्य के साथ अपराध है। राहुल गांधी आगे लिखते हैं कि हर बार पेपर माफिया बच निकलते हैं और ईमानदार छात्र सजा भुगतते हैं। अब लाखों छात्र फिर से वही मानसिक तनाव, आर्थिक बोझ और अनिश्चितता झेलेंगे। अगर अपनी तकदीर परिश्रम से नहीं, पैसे और पहुंच से तय होगा, तो फिर शिक्षा का मतलब क्या रह जाएगा? उन्होंने लिखा है कि प्रधानमंत्री का तथाकथित अमृतकाल, देश के लिए विषकाल बन गया है। डीएमके चीफ ने नीट परीक्षा को ही खत्म करने की बात कही है। उन्होंने कहा कि फिर से नीट परीक्षा कराने का मतलब, समय की बर्बादी और छात्रों में कंफ्यूजन। उन्होंने सुझाव दिया कि जैसा पहले होता था, बारहवीं क्लास के नंबरों के आधार पर एमबीबीएस की सीट दी जानी चाहिए। उन्होंने तमिलनाडु की नवनिर्वाचित सरकार से भी अपील की कि वह नीट को लेकर मजबूत रवैया अपनाएं। साथ ही पुराने द्रविड़ियन मॉडल सरकार के लिए कानूनी रास्ता अख्तियार करें और नीट से छुटकारा दिलाएं। सरकार ने सीबीआई को इन अनियमितताओं की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया। एनटीए ने कहा कि यह परीक्षा अलग से अधिसूचित तिथियों पर पुनः आयोजित की जाएगी।

## श्रीमुख से...

### दो मिनट में लग सकता है शराब पर प्रतिबंध



केंद्र सरकार राजस्व के नुकसान की भरपाई कर दे, तो जम्मू-कश्मीर सरकार दो मिनट में शराब पर प्रतिबंध लगा सकती है, वह व्यक्तिगत रूप से शराब का सेवन नहीं करते हैं, लेकिन उनका मानना है कि जो लोग पीते हैं, वे स्थानीय स्तर पर उपलब्ध न होने की स्थिति में इसे जम्मू- कश्मीर के बाहर से मंगवा लेंगे, जो पीते हैं, वे पिएंगे ही, जो लोग आवाज उठा रहे हैं, उनसे पूछिए कि शराब पीने वाले लोग कौन हैं, पूर्व प्रधानमंत्री मोरारजी देसाई ने उनके पिता और तत्कालीन मुख्यमंत्री शेख अब्दुल्ला से राज्य में शराब की बिक्री बंद करने के लिए कहा था, मेरे पिता ने उनसे कहा था कि अगर केंद्र हमें वह राजस्व दे दे, जो हम इससे कमाते हैं, तो हम इसे बंद कर देंगे, उसके बाद कुछ नहीं हुआ।

**-फारूक अब्दुल्ला, अध्यक्ष, नेशनल कॉन्फ्रेंस**

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**

पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003

Dainikshahtimes@gmail.com

# नई चुनौतियां : सुवेन्दु को मिला कांटों का ताज





योगेश कुमार गोयल

पश्चिम बंगाल की जिस धरती ने दशकों तक वामपंथी 'लाल सलाम' की गूंज और बाद में ममता बनर्जी के 'मां-माटी-मानुष' के नारों को आत्मसात किया, वहां 'जय राम' और 'सोनार बांग्ला' के उद्घोष के बीच शुभेंदु अधिकारी का मुख्यमंत्री पद पर आरूढ़ होना भारतीय राजनीति के सबसे बड़े सत्ता-परिवर्तन के रूप में दर्ज हो गया है। शुभेंदु अधिकारी का राज्य के पहले भाजपा मुख्यमंत्री के रूप में सत्तारूढ़ होना केवल सरकार बदलने की घटना नहीं बल्कि बंगाल की वैचारिक दिशा, राजनीतिक संस्कृति और प्रशासनिक संरचना में एक बड़े परिवर्तन का संकेत है।

वे ऐसे समय में सत्ता के शिखर पर पहुंचे हैं, जब पश्चिम बंगाल लंबे समय से राजनीतिक हिंसा, प्रशासनिक पक्षपात, भ्रष्टाचार, सिंडिकेट संस्कृति, आर्थिक संकट, अवैध घुसपैठ और सामाजिक ध्रुवीकरण जैसी गंभीर चुनौतियों से जूझ रहा है। नंदीग्राम आंदोलन से उभरे इस नेता के समक्ष अब केवल राजनीतिक संघर्ष नहीं बल्कि पूरे राज्य की दिशा बदलने की ऐतिहासिक जिम्मेदारी है। सत्ता परिवर्तन का उत्साह जितना विशाल है, चुनौतियों का पहाड़ उससे कहीं अधिक ऊंचा है। पश्चिम बंगाल की राजनीति दशकों से वैचारिक संघर्ष और राजनीतिक हिंसा की प्रयोगशाला रही है। वामपंथी शासनकाल में 'कैडर संस्कृति' और तृणमूल शासन में राजनीतिक प्रतिशोध के आरोपों ने लोकतंत्र की निष्पक्षता पर लगातार प्रश्नचिन्ह लगाए। 2021 के चुनावों के बाद हुई हिंसा ने राष्ट्रीय स्तर पर बंगाल की छवि को गंभीर रूप से प्रभावित किया था। ऐसे माहौल में शुभेंदु के सामने सबसे बड़ी चुनौती राज्य को भय, हिंसा और प्रतिशोध की राजनीति से बाहर निकालने की है। यदि नई सरकार भी राजनीतिक बदले की संस्कृति में उलझ जाती है तो जनता का विश्वास शीघ्र टूट सकता है। इसलिए सुवेन्दु के लिए यह आवश्यक होगा कि वे पुलिस और प्रशासन को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त कर संवैधानिक निष्पक्षता की दिशा में आगे बढ़ाएं। वास्तव में बंगाल की जनता अब संघर्ष नहीं, स्थिरता चाहती है। लोग ऐसी सरकार की अपेक्षा कर रहे हैं, जो कानून-व्यवस्था को राजनीतिक विचारधारा से ऊपर रख सके। मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी की सबसे बड़ी परीक्षा यही होगी कि क्या वे अपने कार्यकर्ताओं की आक्रामक राजनीतिक ऊर्जा को विकास और सुशासन की दिशा में मोड़ पाते हैं या नहीं। नई सरकार के समक्ष दूसरी बड़ी चुनौती भ्रष्टाचार और सिंडिकेट संस्कृति को समाप्त करने की है। वर्षों से बंगाल में निर्माण कार्यों, स्थानीय बाजारों, पंचायतों और सरकारी योजनाओं में बिचौलियों के प्रभाव को लेकर आरोप लगते रहे हैं। 'कट-मनी' शब्द बंगाल की राजनीति का प्रतीक बन चुका था। भाजपा ने चुनाव प्रचार के दौरान इसे सबसे बड़ा मुद्दा बनाया था। अब सत्ता में आने के बाद जनता की अपेक्षा है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध केवल भाषण नहीं, ठोस कार्रवाई दिखाई दे। हालांकि यह काम उतना आसान नहीं होगा, जितना राजनीतिक मंचों से प्रतीत होता है। प्रशासनिक तंत्र वर्षों से जिस राजनीतिक ढांचे में काम करता रहा है, उसे अचानक बदल देना सरल नहीं है। शुभेंदु स्वयं लंबे समय तक तृणमूल कांग्रेस का हिस्सा रहे हैं, इसलिए वे उस व्यवस्था की कमजोरियों को निकट से जानते हैं। यही अनुभव उनके लिए ताकत भी बन सकता है और विरोधियों के लिए हमला करने का आधार भी। यदि वे डिजिटल पारदर्शिता, जवाबदेही और प्रशासनिक सुधारों को प्रभावी ढंग से लागू कर पाते हैं तो बंगाल वास्तव में 'पोरिबर्तन' की दिशा में आगे बढ़ सकता है।

अवैध घुसपैठ और सीमा सुरक्षा नई सरकार के सामने सबसे संवेदनशील मुद्दों में से एक है। बांग्लादेश से लगती पश्चिम बंगाल की लंबी और पोरस सीमा लंबे समय से राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से चिंता का विषय रही है। भाजपा लगातार आरोप लगाती रही है कि अवैध घुसपैठ ने राज्य की जनसांख्यिकी और राजनीतिक संतुलन को प्रभावित किया है। अब जब केंद्र और राज्य दोनों में भाजपा की सरकार है, तब जनता की अपेक्षाएं और बढ़ गई हैं। शुभेंदु अधिकारी के सामने चुनौती केवल सीमा सील करने या तस्करी रोकने की नहीं है बल्कि सीमावर्ती जिलों में विश्वास और स्थिरता स्थापित करने की भी है। गौ-तस्करी, नकली मुद्रा, हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी जैसे संगठित अपराध लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय रहे हैं। यदि नई सरकार आधुनिक तकनीक, बेहतर निगरानी और केंद्र-राज्य समन्वय के माध्यम से प्रभावी रणनीति बनाती है तो सीमावर्ती क्षेत्रों में सुरक्षा की स्थिति बेहतर हो सकती है लेकिन इस मुद्दे का राजनीतिक और सामाजिक संतुलन बनाए रखना भी उतना ही आवश्यक होगा क्योंकि कठोर कार्रवाई और सांप्रदायिक तनाव के बीच की रेखा बेहद पतली है।

आर्थिक मोर्चे पर स्थिति और भी जटिल है। पश्चिम बंगाल इस समय भारी कर्ज के बोझ तले दबा है। राज्य पर लाखों करोड़ रूपए का ऋण है और राजस्व संसाधन सीमित हैं। दूसरी ओर भाजपा ने चुनावों के दौरान महिलाओं को प्रतिमाह आर्थिक सहायता, युवाओं को रोजगार और कई लोकलुभावन योजनाओं के वादे किए हैं। ऐसे में सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि खाली खजाने के साथ इन वादों को पूरा कैसे किया जाएगा। सुवेन्दु के सामने सबसे कठिन चुनौती विकास और वित्तीय अनुशासन के बीच संतुलन स्थापित करने की होगी।

यदि सरकार केवल लोकलुभावन योजनाओं पर निर्भर रहती है तो राज्य की आर्थिक स्थिति और बिगड़ सकती है। इसलिए बंगाल को फिर से औद्योगिक और निवेश केंद्र बनाने की दिशा में गंभीर प्रयास आवश्यक होंगे। कभी देश के प्रमुख औद्योगिक राज्यों में शामिल रहा बंगाल आज उद्योगों के पलायन का दर्द झेल रहा है। सिंगूर और नंदीग्राम की घटनाओं ने निवेशकों के मन में असुरक्षा पैदा की थी। विडंबना यह है कि जिस नंदीग्राम आंदोलन ने शुभेंदु अधिकारी को राजनीतिक पहचान दी, अब वही उनके सामने औद्योगिक पुनर्निर्माण की चुनौती बनकर खड़ा है।

# कैसा रहेगा यूपी में सपा-कांग्रेस गठबंधन







शिबली रामपुरी

उत्तर प्रदेश में आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में जहां सभी राजनीतिक पार्टियों ने अपनी-अपनी तैयारी शुरू कर दी है वहीं इस बात पर भी सबकी गहरी नजर है कि उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में किस पार्टी से किसका गठबंधन होता है और कौन गठबंधन पर कायम रहता है।

लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने मजबूत गठबंधन करते हुए काफी जोश और खरोश के साथ चुनावी प्रचार किया था और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव इस गठबंधन के तहत एक मंच पर पूरी मजबूती के साथ एकजुटता दिखाते हुए नजर आए थे और इसके काफी बेहतर परिणाम भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिले थे अब उत्तर प्रदेश में 2027 में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं तो क्या समाजवादी पार्टी और कांग्रेस फिर से इस गठबंधन को उतना ही मजबूत रखेगी?यह वह सवाल है कि जो उत्तर प्रदेश की सियासत में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दरअसल कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का जो गठबंधन है वह आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में क्या लोकसभा चुनाव की तरह ही मजबूत रहेगा तो इसको लेकर कई ऐसे नेताओं के दोनों तरफ से बयान आते रहते हैं कि जो कहीं ना कहीं सियासी कशमाकश को एक तरह से बढ़ा देने वाले होते हैं। दरअसल कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में कई ऐसी सीटें हैं कि जहां पर अपने प्रत्याशी उतरना चाहती है और वह करीब 200 सीटों पर चुनावी मैदान में अपने प्रत्याशी उतारने का इस गठबंधन के तहत इरादा रखती है हालांकि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव गठबंधन मजबूत होने की बात तो करते हैं लेकिन वह स्पष्ट तौर पर कितनी सीट उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को देंगे इसको लेकर अभी तक खुलकर कुछ नहीं कह रहे हैं। राजनीति में गहरी जानकारी रखने वाले लोगों का यह मानना है कि 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी पूरी मजबूती के साथ उतरेगी और यह भी सही है कि सपा पहले से ज्यादा मजबूत हुई है लेकिन जहां तक गठबंधन की बात है तो यदि दोनों पार्टियां पूरी तरह एकजुटता के साथ गठबंधन के नियमों का पालन करते हुए चुनावी मैदान में उतरती हैं तो फिर यह दोनों पार्टियों के लिए एक बेहतर कदम होगा लेकिन यदि इनमें मनमुटाव सामने आता है तो फिर इसका राजनीतिक तौर पर काफी नुकसान दोनों पार्टियों को उठाना पड़ सकता है।

# 2027 में योगी को हराने का सपना देखना छोड़ दे विपक्ष





यशोदा श्रीवास्तव

सत्ता रूढ़ एनडीए के मुखालफत इंडिया अलायंस प्रमुख विपक्षी गठबंधन है जिसका नेतृत्व लोकसभा में बड़ा दल होने के नाते कांग्रेस के हाथ में है। इस गठबंधन की त्रासदी यह है कि एक ओर इसे कांग्रेस के भीतर से चुनौती मिल रही है तो दूसरी ओर गठबंधन में शामिल घटक दलों के नेताओं से। दोनों ओर से जारी शब्दों के व्यंग्य वाण पर गौर करें तो लगता है कि यह गठबंधन कभी भी विखंडन की स्थिति में पहुंच सकता है। हाल ही पांच प्रदेशों के चुनाव बाद जिस तरह तमिलनाडु के डीएमके ने गठबंधन से अपने सांसदों को अलग होने की घोषणा की है इससे माना जाना चाहिए कि इंडिया गठबंधन में विखंडन की शुरुआत हो गई है।

प्रारंभ में जब यह गठबंधन अस्तित्व में आया तब इसमें आम आदमी पार्टी भी थी और तृणमूल कांग्रेस भी। आम आदमी पार्टी पहले ही गठबंधन से अलग हो गई है, बंगाल की ममता बनर्जी की टीएमसी भी गठबंधन से अलग है। ठीक है कांग्रेस ने तमिलनाडु में नई नवेली पार्टी टीवीके को अपना नया साथी तलाश लिया है लेकिन इससे फिलहाल अभी कांग्रेस को कोई बड़ा फायदा नहीं दिख रहा। टीवीके के साथ कांग्रेस की कोई बड़ी हैसियत भी नहीं है। हो सकता है थलापति विजय की सरकार में कांग्रेस का कोई विधायक मंत्री भी न बने। हां ऐसा करके कांग्रेस ने तमिलनाडु में भाजपा के सहयोगी दल को सत्ता में आने से रोक जरूर दिया। लेकिन इसके बदले लोकसभा में उसे बड़ी कीमत चुकानी पड़ी। डीएमके के सांसद राहुल गांधी के साथ खड़े रहते थे भले ही कांग्रेस सांसदों के साथ मेज ही थपथपाने का काम क्यों न करते रहे। इंडिया गठबंधन के मौजूदा हाल को देखें तो गठबंधन में जो बचे हैं, वे कब तक बचे रहेंगे, यह एक बड़ा सवाल है। महाराष्ट्र में राष्ट्र वादी कांग्रेस पार्टी और शिव सेना ऋठाकरेऋ की कांग्रेस से मनमुटाव चल रहा है। झारखंड में हेमंत सोरेन भी कांग्रेस को बहुत भाव नहीं दे रहे। उनके एनडीए का हिस्सा बनने की अटकलें लगाई जाती रही है। बिहार में आरजेडी और कांग्रेस के बीच बहुत कुछ ठीक नहीं चल रहा। गठबंधन को लेकर बची खुची संभावना यूपी में ही है लेकिन जिस तरह कांग्रेस और सपा नेताओं के बीच जुबानी जंग जारी है उससे यह कहना मुश्किल है कि सपा और कांग्रेस का साथ विधानसभा चुनावों तक बचा रह पाएगा? बंगाल में ममता की हार के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव उनसे मिलने बंगाल पहुंच गए। फिर तमिलनाडु जाकर स्टालिन से भी मिले। यहां जाकर उन्होंने कहा कि हम वो नहीं जो मुश्किलों में साथ छोड़ दें। अखिलेश के इस रवैए से थर्ड फ्रंट की भी संभावना पर चर्चा शुरू हो गई। अखिलेश यादव थर्ड फ्रंट के हिमायती हैं कि नहीं इस पर फिलहाल कुछ भी कहना उचित नहीं है, हां बंगाल हार के बाद ममता बनर्जी की आंखें जरूर खुलती हुई दिख रही है। उन्होंने इंडिया अलायंस को मजबूत करने की बात कही है। ममता बनर्जी वहीं हैं जिनके वजह से जदयू इंडिया अलायंस से अलग होने को मजबूर हुआ। वे नहीं चाहतीं थीं कि नीतीश कुमार इंडिया अलायंस के संयोजक बनें। लोक सभा में सरकार के किसी विरोध के मुद्दे पर उन्होंने अपने सांसदों को कसके लगाम से कस रखा था कि वे सरकार के विरोध का हिस्सा न बनें। लोक सभा और विधान सभा चुनाव में कांग्रेस को किसी लायक न समझने वाली ममता बनर्जी को अब इंडिया अलायंस की मजबूती का ख्याल अचरज में डालता है। लेकिन एक बात हो सकता है कि इंडिया अलायंस को लेकर कांग्रेस पर हर ओर से उठ रहे सवालों पर विराम लगाने के लिए अलायंस का बड़ा हिस्सा ममता बनर्जी को लीड करने की जिम्मेदारी सौंपने की घेरेबंदी कर सकता है। यदि ऐसा हुआ तो कांग्रेस को भी इससे शायद कोई एतराज न हो। थोड़ा पीछे मुड़कर देखें तो याद आएगा जब राज्यसभा में सपा के राम गोपाल यादव ने राहुल गांधी पर दमदारी से कोई मुद्दा न उठा पाने का तोहमत लगाया था और टीएमसी के कल्याण बनर्जी ने संसद न चलने के लिए कांग्रेस को जिम्मेदार ठहराया था। राहुल गांधी को जिस तरह हरियाणा और महाराष्ट्र में चुनाव हारने का जिम्मेदार ठहराते हुए उनके खिलाफ इंडिया अलायंस के भीतर आवाज उठी थी उसी तरह आज बंगाल,असम और पुडुचेरी का चुनाव हारने के बाद राहुल पर जिम्मेदारी डाल कर गठबंधन के भीतर फिर कोई खिचड़ी पकाने की कोशिश हो रही है। कांग्रेस को कमजोर साबित करने की कोशिश केवल गठबंधन के दूसरे दल के नेता ही नहीं कर रहे,इस वक्त तो कांग्रेस के भीतर ही एक से एक नेता राहुल गांधी पर निशाना साधते नजर आ रहे हैं। इसमें शशी थरूर,मनीष तिवारी,शकील अहमद,मणि शंकर अ"यर जैसे नेताओं के नाम शामिल हैं। इसमें कोई ऊल-जुलूल बयान देकर तो कोई शोसल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लंबा चौड़ा लेख लिखकर अपनी खीझ मिटा रहा है। कांग्रेस के भीतर के ए वै लोग हैं जो अपने स्तर से इंडिया अलायंस की जड़ें खोखला करने पर कड़ी मेहनत कर रहे हैं।



पश्चिम बंगाल। नादिया में गर्मी के दिन बाजार में भेजने से पहले तोड़ी गई लीचियों को छांटते किसान।

## फ्रांस के नीस में गोलीबारी में दो लोगों की मौत, छह घायल

**नीस।** फ्रांस के नीस शहर में सोमवार को हुई गोलीबारी में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। रिवेरा शहर के मेयर ने बताया कि यह घटना नशीले पदार्थो से जुड़ी थी। दक्षिण-पूर्वी आल्प्स-मैरीटाइम्स विभाग के प्रशासन ने बताया कि गोलीबारी शुरू हो गई, जिसके परिणामस्वरूप दो लोगों की मौत हो गई, तीन लोगों को हल्की चोटें आईं और तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। नीस के मेयर एरिक सियोटी ने बताया कि गोलीबारी 'प्लेस डेस अमैरिलिस' में हुई। यह मौलिन्स जिले का एक चौक है, जो नशीले पदार्थो से जुड़े अपराधों के लिए बदनाम है। उन्होंने नशीले पदार्थो के खिलाफ जंग छेड़ने का आह्वान किया।

## हिज्जबुल्ला ने इजरायली सेना पर 20 हमले करने का किया दावा

**बेरूत।** लेबनानी ग्रुप हिज्जबुल्ला ने दक्षिणी लेबनान में इजरायली सेना पर 20 हमले करने का दावा किया है। समूह ने कहा कि ए हमले 'लेबनान और उसके लोगों की रक्षा में' और इजरायली सेना द्वारा युद्धविराम के उल्लंघन के जवाब में किए गए, जिसमें दक्षिणी लेबनान में आम लोगों पर हमले और घरों को नुकसान पहुंच. ाना शामिल है। हिज्जबुल्ला ने दावा किया कि इन सैन्य अभियानों में तैबेह, टायर हरफा, एल बियादा, नकौरा, रशाफ, देर सेरयान, अदाइसेह और सरबिन सहित कई इलाकों में इजराइली सैनिकों और फौजी साजो-सामान के जमावड़े को निशाना बनाया गया। बयान के अनुसार हमलों में स्ट्राइक ड्रोन, आर्टिलरी और मिसाइलें शामिल थीं और इसके परिणामस्वरूप मर्कवा टैंक, डी9 इंजीनियरिग गाड़ियां और हमर गाड़ियां सहित इजराइली सैन्य संपत्ति नष्ट हो गए।

# ट्रम्प पश्चिमी एशिया में सैन्य कार्रवाई को बेताब

### होर्मुज में जहाजों की आवाजाही बहाल करने को फिर शुरू होगा ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम

■ ट्रम्प को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पश्चिमी एशिया में फिर से सैन्य कार्रवाई शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सीएनएन ने ट्रम्प के सहयोगियों के हवाले से यह जानकारी दी।

इससे पहले, ट्रम्प के साथ बातचीत के बाद फॉक्स न्यूज ने कहा था कि व्हाइट हाउस होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही बहाल करने के लिए 'ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम' को फिर से शुरू करने पर विचार कर रहा है। ट्रम्प को संघर्ष को सुलझाने के लिए हो रही बातचीत में ईरान के रुख से लगातार निराशा हाथ लगी है और अब वह बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान फिर से शुरू करने पर गंभीरता से विचार कर रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद रहने से अमेरिकी राष्ट्रपति का धैर्य जवाब दे रहा है और उनका यह भी मानना है कि ईरानी नेतृत्व के भीतर मतभेद हैं। सूत्रों के अनुसार, अमे. रिकी प्रशासन के भीतर अब कई समूह बन गए हैं, जिनमें से कुछ बल प्रयोग के पक्ष में हैं और ईरान की स्थिति को कमजोर करने के लिए उसपर लक्षित बमबारी जारी रखने का प्रस्ताव दे रहे हैं, जबकि अन्य समूह संघर्ष को सुलझाने के लिए कूटनीतिक साधनों पर जोर दे रहे हैं। सीएनएन ने बताया कि अमेरिका-ईरान वार्ता में मध्यस्थ के रूप में पाकिस्तान की भूमिका अमेरिका के लिए एक अलग मुद्दा बनी हुई है। अमेरिकी सरकार को यह स्पष्ट नहीं है कि पाकिस्तान कितनी स्पष्टता से अमेरिका का पक्ष ईरान तक पहुंचा रहा है और वह ईरान के दृष्टिकोण को कितनी निष्पक्षता से बता रहा है। प्रसारक ने बताया कि पश्चिमी एशिया संघर्ष में अमेरिका क्या रुख अपनाएगा, यह अभी स्पष्ट नहीं है और राष्ट्रपति ट्रम्प की 13 से 15 मई तक प्रस्तावित चीन यात्रा से पहले किसी फैसले की संभावना कम है। गौरतलब है कि 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल ने ईरान में ठिकानों पर हमले शुरू किए थे, जिसमें 3000 से अधिक लोग मारे गए थे। अमेरिका और ईरान ने सात अप्रैल को युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गई और अमेरिका ने ईरानी बंदरगाहों की नाकेबंदी शुरू कर दी थी।

# ईरान की 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं: गालिबफ

### ईरानी संसद के अध्यक्ष ने चेताया: कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा, असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा



■ कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा यह एक के बाद एक असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा: गालिबफ

**तेहरान/दोहा।** ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाघर गालिबफ ने कहा कि पश्चिमी एशिया संघर्ष को सुलझाने के लिए ईरान के 14-सूत्रीय योजना का कोई विकल्प नहीं है। गालिबफ ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि ईरानी लोगों के अधिकारों को स्वीकार करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है, जैसा कि 14-सूत्रीय प्रस्ताव में बताया गया है।

कोई भी अन्य दृष्टिकोण पूरी तरह से बेनतीजा रहेगा, यह एक के बाद एक असफलता के अलावा कुछ नहीं होगा। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका जितनी देर करेगा, अमेरिकी करदाताओं को उतना ही ज्यादा भुगतान करना पड़ेगा। ईरानी विद. ेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने मई की शुरुआत में कहा था कि तेहरान को इस्लामिक गणराज्य के नए 14-सूत्रीय शांति योजना प्रस्ताव के संबंध में अमेरिका से जवाब मिल गया है। तस्नीम समाचार एजेंसी ने रविवार को बताया कि इस योजना में प्रतिबंध हटाने, होर्मुज जलडमरूमध्य पर ईरान का पूर्ण नियंत्रण स्थापित करने और विदेशों में मौजूद ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने के प्रावधान शामिल हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को संघर्ष को समाप्त करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर ईरान की प्रतिक्रिया को पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया। जांगिड़ उप्रेती इसी बीच सऊदी अरब की कंपनी अरामको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमीन नासिर ने कहा है कि यदि एक महीने के भीतर होर्मुज जलडमरुमध्य में जहाजों की आवाजाही फिर से शुरू नहीं होती, तो अगले साल तक वैश्विक तेल बाजार सामान्य स्थिति में नहीं लौटेगी। अरामको के पहली तिमाही के परिणामों पर चर्चा करने के लिए आयोजित एक वीडियो कॉन्फ्रेंस के दौरान नासिर ने कहा कि आपूर्ति में व्यवधान जितने लंबे समय तक जारी रहेगा, तेल बाजार को स्थिर होने में उतना ही अधिक समय लगेगा। उन्होंने कहा कि यदि जलडमरुमध्य में गतिरोध जून के मध्य तक बना रहता है, तो यह संकट 2027 तक जारी रह सकता है। दुनिया की सबसे बड़ी ऊर्जा कंपनी के प्रमुख के अनुसार, उत्पादन या परिवहन की कमी के कारण बाजार पहले ही एक अरब बैरल तेल गंवा चुका है और जब तक यह मार्ग बंद रहेगा, बाजार को हर हफ्ते लगभग 10 करोड़ बैरल तेल का नुकसान होता रहेगा। उन्होंने याद दिलाया कि पहले होर्मुज से प्रतिदिन लगभग 70 जहाज गुजरते थे। फारस की खाड़ी में तेल उत्पादक देशों पर हमलों और ईरान द्वारा होर्मुज को प्रभावी ढंग से बंद करने से उत्पादन और निर्यात पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा है। 28 फरवरी को संघर्ष शुरू होने से पहले, इस जलमार्ग के माध्यम से प्रतिदिन लगभग दो करोड बैरल तेल बाजार में आता था। गौरतलब है कि सात अप्रैल को अमेरिका और ईरान ने दो सप्ताह के युद्धविराम की घोषणा की थी। इसके बाद इस्लामाबाद में हुई वार्ता बेनतीजा रही थी, लेकिन फिर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान को एक 'एकीकृत प्रस्ताव' के साथ आने का समय देने के लिए युद्धविराम को आगे बढ़ा दिया था। तीन मई को ट्रम्प ने होर्मुज में फंसे जहा. जों की सहायता के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' की घोषणा की थी। फिर ट्रम्प ने पांच मई को कहा कि उन्होंने यह देखने के लिए थोड़े समय के लिए ऑपरेशन को रोकने का फैसला किया है कि क्या ईरान के साथ शांति समझौता हो सकता है।

## होर्मुज स्ट्रेट व्यापक रणनीतिक समुद्री क्षेत्र बन गया: IRGC

**तेहरान।** ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर (आईआरजीसी) नौसेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि होर्मुज जलडमरूमध्य अब केवल एक संकीर्ण समुद्री मार्ग नहीं रह गया है, बल्कि इसे एक 'व्यापक रणनीतिक और परिचालन समुद्री क्षेत्र' के रूप में देखा जा रहा है। आईआरजीसी नौसेना के राजनीतिक उप प्रमुख मोहम्मद अकबरजादेह ने मंगलवार को तस्नीम समाचार एजेंसी से बातचीत में कहा कि हालिया संघर्षों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य की अवधारणा में बड़ा बदलाव आया है और अब यह पारंपरिक सीमाओं से कहीं अधिक विस्तृत परिचालन क्षेत्र को समाहित करता है। उन्होंने कहा कि पहले होर्मुज जलडमरूमध्य को होर्मुज द्वीप जैसे सीमित क्षेत्रों के आसपास एक संकीर्ण समुद्री गलियारे के रूप में देखा जाता था, लेकिन अब इसे जास्क तट से लेकर सिर्री द्वीप तक फैले विस्तृत समुद्री क्षेत्र के रूप में माना जा रहा है। अकबरजादेह के अनुसार जो समुद्री गलियारा पहले लगभग 32 से 48 किलोमीटर चौड़ा माना जाता था, वह अब प्रभावी रूप से 320 से 480 किलोमीटर तक विस्तृत क्षेत्र में बदल गया है।

## अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान यूएई ने ईरान पर हवाई हमले किए: रिपोटर्स

**वॉशिंगटन।** ईरान और अमेरिका-इजराइल के बीच जारी युद्ध के सक्रिय चरण के अंत तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ईरान पर हवाई हमले किए थे। यह दावा सोमवार को द वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट में किया गया। अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, यूएई की वायु सेना ने अप्रैल की शुरुआत में हवाई हमलों की एक श्रृंखला को अंजाम दिया। यह ठीक उसी समय हुआ जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के साथ संघर्ष विराम की घोषणा की थी। इन हमलों का निशाना फारस की खाड़ी में स्थित लावान द्वीप पर मौजूद एक रिफाइनरी थी। उस समय, हालांकि न तो ईरान ने इन हवाई हमलों के पीछे किसका हाथ था, इसका खुलासा किया और न ही यूएई ने इसकी जिम्मेदारी ली लेकिन राष्ट्रीय ईरानी तेल शोधन और वितरण कंपनी ने आठ अप्रैल को कहा कि द्वीप पर मौजूद तेल रिफाइनिंग सुविधाओं पर 'दुश्मन' द्वारा हमला हुआ था।

## शी जिनपिंग और ट्रम्प व्यापार, ईरान और ताइवान पर करेंगे बातचीत



■ ट्रम्प का 2021 के बाद यह पूर्वी एशियाई देश का पहला दौरा है

**वॉशिंगटन/बीजिंग।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के लिए बीजिंग रवाना हो गए हैं, जहां दोनों वैश्विक नेता व्यापार, युद्ध कूटनीति और ताइवान पर गंभीर चर्चा करेंगे। ट्रम्प का 2017 के बाद यह पूर्वी एशियाई देश का पहला दौरा है। इस दौरान दशकों में सबसे अहम अमेरिका-चीन सम्मेलन होने की संभावना है।

गुरुवार से शुरू होने वाला दो दिनों का यह सम्मेलन दुनिया की दो बड़ी ताकतों के बीच संबंधों को नया आकार दे सकता है। ट्रम्प 14 मई को ग्रेट हॉल ऑफ द पीपल में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिलेंगे, जहां दोनों औपचारिक द्विपक्षीय बातचीत करेंगे और उसके बाद शाम को एक राजकीय दावत का आयोजन किया जाएगा। ट्रम्प की 15 मई को वाशिंगटन लौटने से पहले दोपहर के भोजन कार्यक्रम और 'ऐतिहासिक स्वर्ग का मंदिर' जाने की भी योजना है। जब फरवरी में व्हाइट हाउस ने इस दौरे की पुष्टि की तो चीनी सामान पर वाशिंगटन के आसमान छूते शुल्क एजेंडे पर छाए हुए थे। लेकिन 28 फरवरी के बाद दुनिया के राजनीतिक हालात बदल गए जब ट्रम्प ने इजराइल के साथ मिलकर ईरान पर हमला किया, जिससे एक युद्ध शुरू हो गया और जिसके कारण ईरान को होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करना पड़ा और इस स्थिति ने तेहरान को इस रणनीतिक जलमार्ग को नियंत्रित करने के लिए एक बोर्ड बनाने पर मजबूर कर दिया। गौरतलब है कि अमेरिका और ईरान एक तनावपूर्ण परमाणु गतिरोध में फंसे हुए हैं क्योंकि वाशिंगटन का तर्क है कि परमाणु मुद्दे पर कोई बात. चीत नहीं हो सकती और तेहरान प्रतिबंधों में राहत, युद्ध खत्म करने, जब्त की गई संपत्ति को छोड़ने और अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी को रो. कने की मांग कर रहा है।

## ब्रिटेन के पीएम स्टारमर से पार्टी सांसदों ने की पद छोड़ने की अपील

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर से मंत्रिपरिषद के कई वरिष्ठ सदस्यों, जिनमें गृह मंत्री शबाना महमूद और विदेश मंत्री यवेट कूपर शामिल हैं, ने उनके इस्तीफे के समय पर विचार करने को कहा है। यह मांग तब उठी जब लेबर पार्टी के 80 से ज्यादा सांसदों ने स्टारमर से पद छोड़ने की अपील की। 'द टाइम्स' अखबार ने सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट दी है। सोमवार को आई रिपोर्ट के मुता. बिक, कैबिनेट सदस्यों के मंगलवार को होने वाली एक बैठक में स्टारमर से यह कहने की उम्मीद है कि उन्हें पद छोड़ देना चाहिए। सदस्यों को चिंता है कि अब उनकी स्थिति 'बरकरार रखने लायक नहीं' रह गई है।

# पाकिस्तान: खैबर पख्तूनख्वा में बम धमाका

### नौ लोगों की मौत, 33 घायल



■ प्रारंभिक जांच के अनुसार आतंकवादियों ने एक रिक्शा में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी थी

**लक्की मरवत।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के लक्की मरवत जिले की सराय नौरंग तहसील में मंगलवार को एक विस्फोट में दो ट्रैफिक पुलिसकर्मियों सहित कम से कम नौ लोगों की मौत हो गई, जबकि 33 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार प्रारंभिक जानकारी में सात लोगों की मौत और 23 लोगों के घायल होने की बात कही गई थी।

लक्की मरवत जिला पुलिस अधिकारी के प्रवक्ता कुदरतुल्लाह खान ने मृत पुलिसकर्मियों की पहचान आदिल जान और राहतुल्लाह के रूप में की। अलग से जारी बयान में लक्की मरवत के उप महानिरीक्षक पुलिस सज्जाद खान ने भी पुष्टि की कि दोनों मृतक ट्रैफिक पुलिस अधिकारी थे। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान में भी यही जानकारी दी गई। बाद में लक्की मरवत के उपायुक्त हमीदुल्लाह खान ने बताया कि मृतकों की संख्या बढ़कर नौ हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक जांच के अनुसार आतंकवादियों ने एक रिक्शा में विस्फोटक सामग्री छिपाकर रखी थी। टीएचक्यू अस्पताल की ओर से जारी घटना रिपोर्ट में नौ लोगों की मौत और 33 घायलों को अस्पताल लाए जाने की पुष्टि की गई। रिपोर्ट के अनुसार गंभीर रूप से घायल पांच लोगों को बन्नू रेफर किया गया है। इस बीच, उपायुक्त ने सराय नौरंग स्थित तहसील मुख्यालय अस्पताल का दौरा कर घायलों के उपचार का जायजा लिया और प्रशासन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि गंभीर रूप से घायल मरीजों को बन्नू और पेशावर के जिला मुख्यालय अस्पतालों में भेजा गया है। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में विस्फोट के कारण कई दुकानों और तीन पहिया वाहनों को क्षतिग्रस्त होते देखा गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौरंग सर्किल के उप पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में भारी पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचा और पूरे इलाके को घेरकर साक्ष्य जुटाए गए। इससे पहले रेस्क्यू 1122 के प्रवक्ता शादाब खान ने विस्फोट की पुष्टि करते हुए बताया था कि एम्बुलेंस और बचाव दलों को मौके पर भेज दिया गया है। उन्होंने लोगों से बचाव एजेंसियों के साथ सहयोग करने और घटनास्थल से दूर रहने की अपील की। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए आतंकवाद के 'खात्मे के संकल्प' को दोहराया।

## 2027 तक सीमित रहेगा यूएई का गैस उत्पादन: एडनॉक

■ ऊर्जा क्षेत्र होर्मुज स्ट्रेट में व्यवधान से जुड़ी अस्थिरता से प्रभावित बना हुआ है

**अबू धाबी।** अबू धाबी राष्ट्रीय गैस कंपनी (एडनॉक) ने कहा है कि हालिया युद्ध के दौरान ईरानी हमलों से हुए नुकसान के कारण संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) का प्रमुख गैस प्रसंस्करण केंद्र वर्ष 2027 से पहले पूर्ण उत्पादन क्षमता पर वापस नहीं लौट पाएगा।

एडनॉक गैस के अनुसार अबू धाबी स्थित हबशन गैस प्रसंस्करण परिसर वर्तमान में लगभग 60 प्रतिशत क्षमता पर संचालित हो रहा है। इसे दुनिया की सबसे बड़ी गैस प्रसंस्करण सुविधाओं में गिना जाता है और यह पूरे यूएई में गैस आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार कंपनी को उम्मीद है कि 2026 के अंत तक उत्पादन क्षमता को लगभग 80 प्रतिशत तक बहाल कर लिया जाएगा, जबकि पूर्ण क्षमता से उत्पादन 2027 में शुरू होने की संभावना है। कंपनी ने अपनी पहली तिमाही के वित्तीय परिणामों में 1-1 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 15 प्रतिशत कम है।

## भारत-रूस सिनेमा के नए युग का आगाज

**नई दिल्ली।** एक दौर था जब रूस (पूर्व सोवियत संघ) में राज कपूर और मिथुन चक्रवर्ती ने बेइंतहा शोहरत और रूसी अवाम की मोहब्बत हासिल की थी और अब उसी पुराने लगाव के साथ भारत और रूस के आपसी ताल्लुकात एक नए दिलचस्प दौर में पहुंच गए हैं। मगर अब फर्क सिर्फ इतना है कि यह रिश्ता सिर्फ एक-दूसरे की तारीफ करने तक ही सीमित नहीं है, बल्कि अब यह मिलकर फिल्में बनाने और साझा कहानियों का एक बड़ा मंच बन गया है। रूस की सबसे बड़ी मीडिया कंपनी 'गाजप्रॉम-मीडिया होल्डिंग' इस मेल-जोल के केंद्र में है।




# गुटेरेस की टिप्पणियों पर वेनेजुएला ने जताया विरोध

### वेनेजुएला का कहना है: उनकी बातें तटस्थता निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के सिद्धांतों के विपरीत हैं



■ महासचिव की हालिया टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित वस्तुनिष्ठता विवेक, निष्पक्षता और सद्भावना के सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं

**मेक्सिको सिटी।** वेनेजुएला ने संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस की देश के बारे में की गई टिप्पणियों पर औपचारिक रूप से विरोध दर्ज कराया है। वेनेजुएला का कहना है कि उनकी बातें तटस्थता, निष्पक्षता और वस्तुनिष्ठता के सिद्धांतों के विपरीत हैं। वेनेजुएला के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान में कहा कि वेनेजुएला गुटेरेस द्वारा देश के संबंध में दिए गए बयानों पर अपना कड़ा विरोध व्यक्त करता है।

बयान में कहा गया कि महासचिव की हालिया टिप्पणियां संयुक्त राष्ट्र चार्टर में निहित वस्तुनिष्ठता, विवेक, निष्पक्षता और सद्भावना के सिद्धांतों का उल्लंघन करती हैं। यह विवाद गुटेरेस द्वारा नैरोबी में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दी गई प्रतिक्रिया के बाद शुरू हुआ। वहां क्यूबा और वेनेजुएला की स्थितियों की तुलना से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा था कि दोनों मामलों की तुलना करना अनुचित है क्योंकि वेनेजुएला का मामला 'पूरी तरह अलग' था। महासचिव के अनुसार, वेनेजुएला में हमने निकोलस मादुरो के खिलाफ एक सैन्य अभियान देखा, लेकिन मेरा मानना है कि वेनेजुएला की राजनीतिक व्यवस्था के भीतर इसमें बहुत बड़ी मिलीभगत थी। वेनेजुएला सरकार ने इस पर पलटवार करते हुए कहा कि संयुक्त राष्ट्र सचिवालय शांति को बढ़ावा देने और आधुनिक दौर के बड़े संघर्षों को सुलझाने में अपनी अक्षमता दिखा रहा है। बयान में यह भी कहा गया कि गाजा पट्टी में जारी संघर्ष, बघ्ते युद्धों और संप्रभु देशों पर एकतरफा प्रतिबंधों के बीच यह संगठन 'चुप्पी या अस्पष्ट रुख' अपनाए हुए है, जिससे इसकी नैतिक साख कमजोर हो रही है।

